सुप्रभात
रांची, रविवार
11.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़ कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 326



12 इलियाना डिक्रूज ने दिखायी बॉयफ्रेंड की झलक

## न्यूज डायरी

### बाहानगा बाजार स्टेशन सील, नहीं रुकेगी ट्रेन

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के बालासोर जिले में स्थित बाहानगा बाजार स्टेशन पर अगले आदेश तक कोई ट्रेन नहीं रुकेगी। हादसे की जांच कर रहे सीबीआइ ने 'लॉग बुक' और उपकरण जब्त करने के बाद स्टेशन को सील कर दिया है। वहां दो जून को हुए रेल हादसे में 288 लोगों की मौत हो गयी थी और 1,208 अन्य घायल हुए थे। एसईआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आदित्य कुमार चौधरी ने संवाददाताओं को बताया कि सीबीआई ने 'लॉग बुक', 'रिले पैनल' और अन्य उपकरण जब्त करने के बाद स्टेशन को सील कर दिया है।

### वंदे भारत का ट्रायल रन एक दिन बढ़ा

**रांची।** बिहार-झारखंड के लोगों का पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने का सपना जल्द पूरा होने वाला है। इसी माह पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने की संभावना है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 12 जून को ट्रायल रन होगा। बता दें कि इससे पहले वंदे भारत का ट्रायल रन 11 जून को होना था, लेकिन झारखंड बंद के चलते एक दिन तारीख बढ़ा दी गयी है।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को विशाल लक्ष्य

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के चौथे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी 8 विकेट खोकर 270 रनों पर घोषित कर दी। इसी के साथ भारत को खिताब जीतने के लिए 444 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत ने सधा हुआ आगाज किया है। कंगारूओं के लिए दूसरी पारी में एलेक्स कैरी ने नाबाद 66 रन बनाये। वहीं भारत के लिए दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा ने सर्वाधिक 3 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन भारतीय टीम 296 रन बनाये थे।

### केंद्र ने मणिपुर में शांति समिति का गठन किया

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछले कुछ दिनों से हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन किया है। समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हैं। समिति में पूर्व नौकरशाह, शिक्षाविद्, साहित्यकार, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न जातीय समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। समिति राज्य के विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति प्रक्रिया को सुगम बनाने का कार्य करेगी।

### लोहरदगाः सड़क हादसे में आर्मी के जवान की मौत

**लोहरदगा।** लोहरदगा-चंदवा सड़क पर महुआ टोली के पास टर्बो ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में कुजरा गांव बाइक सवार अशोक साहू (40) की मौत हो गयी। अशोक साहू होंदगा गांव रहने वाला था। वह आर्मी का जवान था और कुछ दिन पहले वह छुट्टी पर अपने घर आया था।

### सुप्रिया व पटेल बने कार्यकारी अध्यक्ष

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चीफ शरद पवार ने बड़ा ऐलान किया है। शरद पवार ने सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। शरद पवार ने सुप्रिया को महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब की जिम्मेदारी सौंपी है। शरद पवार के इस ऐलान से अजित पवार को तगड़ा झटका लगा।

### बिपरजॉय अगले 24 घंटों में और तेज होगा

**सूरत।** आइएमडी के मुताबिक, अरब सागर में आया गंभीर चक्रवाती तूफान साइक्लोन बिपरजॉय मुंबई से लगभग 790 किमी, पोरबंदर से 810 किमी और कराची से 1100 किमी दूर दक्षिण में स्थित है। आईएमडी ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान चक्रवात तेज हो जायेगा।

---

### गुरुजी की अध्यक्षता में राज्य समन्वय समिति की बैठक में 12 एजेंडों पर चर्चा

# सरना धर्म कोड व मॉब लिंचिंग पर राष्ट्रपति से मिलेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी में मोरहाबादी स्थित झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के आवास पर उनकी अध्यक्षता में शनिवार को झारखंड राज्य समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग कानून, ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने, खासमहल की जमीन पर वर्षों से रह रहे लोगों की समस्याओं का निष्पादन सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति में लिये गये फैसले से सरकार को अवगत कराने का फैसला लिया गया।

साथ ही यह फैसला लिया गया कि सरना धर्म कोड को लागू करने के लिए केंद्र सरकार से दोबारा आग्रह किया जायेगा। इस मुद्दे पर राष्ट्रपति को देशभर के आदिवासियों की भावना से अवगत कराने के लिए दिल्ली जाकर राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने का फैसला लिया गया।

बैठक में आमंत्रित सदस्य के रूप में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक सरफराज आलम, फागु बेसरा, विनोद पांडे और योगेंद्र महतो भी शामिल थे।

**खासमहल के लोगों की परेशानी दूर होगी :** बैठक में जमीन की रसीद और राजस्व को लेकर भी चर्चा हुई। खासमहल की जमीन पर वर्षों से बसे लोगों को उस जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए एक विशेष नीति बनाने का आग्रह झारखंड सरकार से किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

#### मॉब लिंचिंग कानून की जरूरत

समन्वय समिति की बैठक में राज्य में मॉब लिंचिंग कानून की जरूरत को देखते हुए इस पर विशेष चर्चा की गयी। यह फैसला लिया गया कि कुछ संशोधनों के साथ फिर से विधानसभा से पारित कराकर विधेयक दोबारा राज्यपाल को भेजा जाएगा ताकि यह कानून का रूप ले सके।

#### निजी संस्थानों में 75% आरक्षण पर जोर

समन्वय समिति की बैठक में इस बात पर चिंता जतायी गयी कि सरकार द्वारा निजी संस्थानों में स्थानीय लोगों को 75 फीसदी आरक्षण देने का फैसला सही से लागू नहीं हो पा रहा है। ऐसे में समन्वय समिति सरकार से यह आग्रह करेगी कि वह पूरी गंभीरता से इस नीति को राज्य में लागू कराये। इसके साथ ही खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति के अलावा युवाओं को रोजगार सहित कई ऐजेंडों पर चर्चा की गयी। फैसला लिया गया है कि राज्य के जनता के हित में समन्वय समिति पूरी तत्परता से अपनी भूमिका निभायेगी और सरकार को समय-समय पर सलाह देगी ताकि राज्य में जन आकांक्षाओं के अनुरूप सरकार जनहित में फैसला लेती रहे।

#### ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़े सरकार

राज्य समन्वय समिति की बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य के सामने एक बड़ी समस्या है, जिसे दूर किया जाना चाहिए। राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में कैसे राज्य को स्वावलंबी बनाया जाये। झारखंड सरकार कैसे सस्ते दर पर खुद बिजली बनाये, इसको लेकर टीवीएनएल के सहयोग से एक नई नीति बनाने का सरकार से आग्रह करने का फैसला लिया गया है।

---

### झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में कल से सुनवाई

## पहले ही दिन बैठेगी संविधान पीठ, कई मुद्दों पर सुनवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में 12 जून से सुनवाई शुरू होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जजों को कमरे भी आबंटित कर दिये गये हैं। इस कोर्ट में पहले ही दिन हाईकोर्ट की संविधान पीठ बैठेगी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस समेत पांच जज बैठेंगे। संविधान पीठ में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ अपील के मामले में सुनवाई करेगी। पीठ यह तय करेगी कि जेट के आदेश के खिलाफ अपील हाईकोर्ट की एकलपीठ में होगी या खंडपीठ में।

इसे तय करने के लिए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संविधान पीठ सुनवाई करेगी। 12 जून को 2:15 बजे से संविधान पीठ सुनवाई करेगी।

**कई जनहित याचिकाएं भी सूचीबद्ध :** इसी तरह जनहित याचिकाएं भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। इनमें जेल में सुधार और क्षमता से अधिक कैदियों के रखे जाने का मामला शामिल है। साथ ही कुछ सजायाफ्ता कैदियों की ओर से जेल से रिहाई के लिए दिये गये आवेदन पर भी सुनवाई होगी। जनहित याचिकाओं की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ करेगी। (शेष पेज 11 पर)

### संथाल में बंद का दिखा असर, रांची में आंशिक

**रांची।** राजधानी रांची में झारखंड बंद का असर नहीं के बराबर रहा। हालांकि संथाल क्षेत्र की बात की जाये तो दुमका, साहिबगंज और पाकुड़ इसका प्रभाव देखा जा रहा है। इसके अलावा रामगढ़ में भी लोगों ने एनएच 33 जाम कर दिया है, जिससे गाड़ियों की आवाजाही थम सी गयी। छात्रों ने 60-40 पर आधारित नियोजन नीति के खिलाफ 10 जून और 11 जून को झारखंड बंद बुलाया है। राजधानी में इसका असर नहीं दिखा। आम दिनों की तरह दुकानें खुली नजर आयीं। लंबी दूरी के वाहन नहीं चले। नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों के साथ छात्राएं भी सड़क पर उतरीं। जबरन बंद की संभावना से निपटने के लिए तमाम चौक चौराहों पर पुलिस मुस्तैद नजर आयी। नामकुम के रामपुर में सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया गया। वहीं खादगढ़ा बस स्टैंड में भी बंद कराने की कोशिश की गयी।

## आर्मी लैंड स्केम में कल 10 पर दायर होगा आरोप पत्र

### पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी अमित-दिलीप समेत कई हैं जेल में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.83 एकड़ जमीन के खरीद- फरोख्त मामले में हुई फर्जीवाड़ा में 12 जून को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन,कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल व दिलीप घोष समेत 10 लोगों को अब तक इडी सलाखों के पीछे भेज चुकी है। गिरफ्तार लोगों में सात की गिरफ्तारी दो माह पहले हुई थी। जबकि पूर्व डीसी छविरंजन को चार मई को डिटेन किया गया था।

**22 ठिकानों पर हुई थी छापेमारी, 18 लोग आए थे जद में :** रांची में सेना समेत अन्य जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी भानुप्रताप सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को सबसे पहले इडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात इडी को मिले थे। इस दौरान 13 अप्रैल की देर रात ही ईडी ने सात आरोपियों राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप, प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान ,तलहा खान, फैयाज खान एवं मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया था. इन सभी पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था।





**नवंबर 2022 में भी हुई थी छापेमारी :** इडी नवंबर, 2022 को दिलीप घोष के द्वारा बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीदारी की थी। (शेष पेज 11 पर)

---

### 15 को बैठक में विधि-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे सीएम

## अपराध, नक्सल, अवैध खनन पर भी होगी बात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर 15 जून को समीक्षा बैठक करेंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। इस बैठक में मुख्यमंत्री नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स के साथ-साथ कई अन्य मसलों की करेंगे। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय तैयारी में जुट गया है। बैठक में चर्चा होने वाली बिंदुओं को तय कर लिया गया है।

**टास्क फोर्स के परफॉर्मेंस की होगी समीक्षा :** विधि व्यवस्था को लेकर सीएम समीक्षा तो करेंगे ही इसके अलावा राज्य में अवैध खनन, अवैध खनन से हो रहे हादसों की भी समीक्षा की जायेगी। सीएम इसकी भी समीक्षा करेंगे कि अवैध खनन को रोकने के लिए जो टास्क फोर्स बनाया गया है, उसने अब तक कैसा परफॉर्मेंस दिया है। 15 जून की समीक्षा को लेकर झारखंड के सभी जिलों के एसपी डीआइजी आइजी के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारियों को भी पुलिस मुख्यालय के द्वारा पत्र भेज दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

## दो अलग-अलग हादसों में गयी पांच की जान

### गढ़वा : डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत

#### इलाके में कोहराम, बकरी चराने गये बच्चे नहाने लगे थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** गढ़वा में डैम में नहाने के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। ये सभी बच्चे बकरी चराने डैम किनारे गये थे, और नहाने उतर गये। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम छाया हुआ है। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। यह हादसा शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर में स्थित बभनी खांड़ डैम में हुआ। मृत बच्चों में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के जंगीपुर निवासी मुन्ना उरांव के पुत्र अंकज उरांव(7) जवाहर उरांव की पुत्री रूपा कुमारी (13) एवं गढ़वा थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव निवासी मुन्ना उरांव के पुत्र सोनू उरांव (9) के नाम शामिल हैं। सभी बच्चे डैम किनारे बकरी चरा रहे थे। भीषण गर्मी के कारण वे डैम में नहाने लगे। डैम में अधिक गहराई और पानी अधिक होने के कारण तीनों बच्चे डूब गये। बच्चों के घर लौटने में देरी होने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। गांव की ही एक महिला भी वहीं नहा रही थी, उसने बच्चों को डूबते देखा और शोर मचाने लगी। मोबाईल से लोगों को सूचना दी। (शेष पेज 11 पर)

### विधायक के रिश्तेदार की गाड़ी ने तीन को रौंदा

### इंजीनियर दंपति की मौत बच्चे की हालत गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में एक तेज रफ्तार फॉर्चूनर ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में वीसीसीएल के इंजीनियर दंपति की मौत हो गयी। वाइक सवार एक मासूम बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। बच्चे की हालत को देखते हुए उसे पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिस फॉर्च्यूनर कार से यह एक्सीडेंट हुआ वह धनबाद के बाहुबली घराना रघुकुल और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर हर्ष सिंह की बतायी जा रही है। यह हादसा शुक्रवार की रात करीब 12 बजे धनबाद थाना क्षेत्र के धैया इलाके में हुई। मृतक इंजीनिय राणा दास (45) बीसीसीएल में सर्वेयर के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी मानसी दास (35) की मौत हो गयी। पुत्र गंभीर रूप से घायल है। इस मामले में राणा के भाई ने कहा कि राणा अपने बेटे ऋषभ दास को डाक्टर को दिखा कर पत्नी के साथ लौट रहे थे।

**दो वाहन चालक रेस लगा रहे थे :** मृत इंजीनियर के भाई ने बताया कि बेटे को डाक्टर से दिखा कर इंजीनियर दंपती बाइक से घर लौट रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में 12 से प्री-मानसून, राहत मिलेगी

**रांची।** झारखंड में गर्मी का कहर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहेगा। राज्य के तकरीबन सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास ही रहेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 12 जून से पहले तपती गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। 11 जून से राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 12 जून प्री-मानसून से भी थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, 12 जून से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हो सकता है। कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहने के साथ, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की बात कही गयी है। 15 जून के बाद ही पूरे राज्य में लोगों को गर्मी से हल्की राहत की उम्मीद है। विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी मानसून के प्रवेश करने के बाद अब 18 जून तक मानसून झारखंड में पहुंच सकता है ।

---

## नवजात के शव को दाई ने जलते कचरे में फेंका

### रेफरल अस्पताल मझिआंव के बाहर परिजनों का हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** सीएचसी रेफरल अस्पताल में मानवता के शर्मसार करने वाली एक घटना प्रकाश में आयी है। अस्पताल में महिला ने एक मृत बच्चे को जन्म दिया। रेफरल अस्पताल की दाई ने शव परिजनों को न सौंप कर जलते हुए कचरे के टैंक में फेंक दिया। जानकारी के अनुसार लोहरपुरवा गांव निवासी हरि किशोर विश्वकर्मा की विवाहिता पुत्री मंजू देवी (22) को प्रसव पीड़ा के के बाद शनिवार को करीब साढ़े तीन बजे मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। एएनएम निर्मला कुमारी एवं मंजू कुमारी ने 5 माह के मृत बच्चा का प्रसव कराया गया। अस्पतालकर्मियों की इस अमानवीय करतूत के खिलाफ परिजनों ने जम कर हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि वे मृत बच्चे का अंतिम संस्कार करना चाहते थे, पर अस्पतालकर्मियों ने शव की तौहीन की।

**सख्त कारईवाई होगी :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मझियांव रेफरल अस्पताल के डॉ गोविंद सेठ ने बताया कि मृत बच्चा होने के बाद परिजनों को सौंपना चाहिए था। उसे जलाना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। मामले की जांच की जायेगी। जांच में जो भी दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। अस्पताल के एनएम की लापरवाही के साथ दाई दौलत देवी के द्वारा अस्पताल के कचरा निस्तारण हेतु बने गहरे टैंक में जलते हुए कचरे में मृत बच्चे को फेंककर मानवता को शर्मसार कर दिया।

इधर नवजात मृत बच्चे के मामा गोलू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे का दाह संस्कार करने की तैयारी की जा रहे थी और बाजार में कपड़ा लेने गये हुए थे। दाई की इस अमानवीय करतूत पर परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों ने बताया कि हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मृत बच्चे को दाह संस्कार के लिए तैयारी की जा रही थी। पर अस्पतालकर्मियों की लापरवाही के कारण मृत बच्चे को जलते हुए के कचरे में फेंक दिया गया। इधर इस संबंध में कार्यरत दोनों एनएम घटना के संबंध में बताने से आनाकानी की। अंततः उन दोनों एएनएम ने घटना को स्वीकार करते हुए कहा कि प्रसव के पश्चात मृत बच्चे को बगैर हम लोगों से पूछे दाई ने जलते कचरे के ढेर में फेंक दिया। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड से आठ समेत देश को मिले 331 जांबाज सैन्य अफसर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइएमए देहरादून में 2023 की पासिंग आउट परेड से भारत को 331 जांबाज सैन्य अफसर मिले। वहीं मित्र देशों को भी 42 सैन्य अफसर प्राप्त हुए। पासिंग आउट परेड का नजारा देखने लायक था। शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड के बाद 331 सैन्य अधिकारियों ने देश की सुरक्षा की शपथ ली। इनमें आठसैन्य अधिकारी झारखंड से हैं।

भारतीय सैन्य अकादमी से 373 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) पासिंग आउट परेड (पीओपी) के बाद सैन्य अफसर बन गये। इसके साथ ही आईएमए देहरादून एक बार फिर खतरनाक और हर विपदा से लड़ने वाले जवानों की खेप देश को देना जा रहा है।

### पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स ने दिल जीता

पासिंग आउट समारोह परेड में थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी शामिल थे। उन्होंने जवानों की बधाई दी। जूते की टाप और देश भक्ति की धुन के साथ जब ये जीसी अंतिम पग पार कर रहे थे तो सरहद पर दुश्मनों के पसीने छूट रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नियोजन नीति समेत कई मुद्दों पर उठाया सवाल, पूछा

# समन्वय समिति के लिए भ्रष्टाचार, खनिज, जमीन शराब घोटाले और महिला उत्पीड़न ज्वलंत मुद्दे नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा गठित समन्वय समिति की पहली बैठक ने राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज समन्वय समिति पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बैठक केवल औपचारिकता मात्र बनकर रह गई। कहा कि राज्य के ज्वलंत मुद्दों में आकंठ भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, हजारों बहन बेटियों के साथ घट रही दुष्कर्म की घटनाएं, बेटियों की नृशंस हत्याएं,जमीन की लूट,खान खनिज की लूट जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे समन्वय समिति के एजेंडे में शामिल नहीं हुए। श्री प्रकाश ने कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय नीति पर समन्वय समिति ने खुद अपनी सरकार को ही आइना दिखाया है।

### सरकार की न नीति साफ है, न नीयत

उन्होंने कहा कि समन्वय समिति ने जन भावनाओं के अनुरूप नियोजन नीति की बात की है। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार जनभावनाओं पर खरी नहीं उतर रही है। आज हजारों युवा बेरोजगार सड़कों पर उतरकर सरकार की नीति का प्रबल विरोध कर रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आंदोलन केलिए मजबूर करने वाली सरकार का नाम हेमंत सरकार है। जिसने छात्रों,बेरोजगारों को अभूतपूर्व असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। हेमंत सरकार की न नीति साफ है न नीयत ही। उन्होंने कहा कि राज्य में रोज नए नए घोटाले उजागर हो रहे । भ्रष्ट ऑफिसर्स दलाल बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। ईडी की कारवाई में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि जेल में हैं। सड़क बिजली ,पानी,स्वास्थ्य व्यवस्था ,विधिव्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। स्वयं मुख्यमंत्री नियम विरुद्ध फैसले को लेकर कटघरे में खड़े हैं। कहा कि ट्रिपल टेस्ट के बिना निकाय चुनाव को टाला जा रहा है। लेकिन इस विषय पर समन्वय समिति ने कोई राय नहीं दी।

### राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ में लगातार हो रही वृद्धि

श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ में लगातार वृद्धि हुई है । राज्य की डेमोग्राफी में स्पष्ट परिवर्तन झलक रहा लेकिन समन्वय समिति ने इस मुद्दे को राज्य के ज्वलंत मुद्दों में शामिल नहीं किया। कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद नेता प्रतिपक्ष का मामला ठंडे बस्ते में है। आज नेता प्रतिपक्ष के बिना लोकायुक्त, सूचना आयोग,महिला आयोग का गठन नही हो सका है फिर भी यह मुद्दा समन्वय समिति का एजेंडा नही बना। इतना ही नहीं वित्त आयोग गठित नही होने से



केंद्रीय अनुदान के हजारों करोड़ रूपए राज्य केलिए लंबित है इसपर समिति मौन रही। उन्होंने कहा कि समिति ने केवल बैठक की खाना पूर्ति की है। और अपनी नाकामियों को छुपाने केलिए भाजपा के खिलाफ बयान देकर अपना पल्ला झाड़ दिया है। श्री प्रकाश ने कहा भाजपा जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा ने लगातार सदन से सड़क तक जन मुद्दों को उठाया है ,संघर्ष किया है। जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति को राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर उंगली उठाने से पहले अपनी नाकामियों को ठीक करने की पहल करनी चाहिए। राज्यपाल ने फाइलों में जो सवाल खड़ा किए हैं उसका विधि सम्मत जवाब देना चाहिए।

# खूंटी जिले में बनेगा रिंग रोड डीपीआर के लिए निकला टेंडर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने खूंटी जिले में रिंग रोड व बाईपास निर्माण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग ने इसके डीपीआर के निर्माण के लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की है और इच्छुक कंपनियों से 15 जून तक आवेदन मांगा है। डीपीआर में खूंटी बाईपास के एलाइनमेंट के अलावा जमीन अधिग्रहण, आरओबी, आरयूबी निर्माण सहित नाली-कल्वर्ट निर्माण इत्यादि का पूरा जिक्र होगा। यह प्रयास हो रहा है कि बरसात के मौसम तक इसका डीपीआर तैयार करवा लिया जाये, ताकि सरकार से तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति लेते हुए बरसात के बाद इसका काम प्रारंभ कराया जाये।

**जमशेदपुर शहर में भी रिंग रोड को कंसलटेंट की तलाश जारी :** बताते चलें कि पथ निर्माण विभाग ने हाल में ही जमशेदपुर शहर में



भी रिंग रोड या बाईपास निर्माण के लिए निविदा जारी किया है। यहां भी कसंलटेंट तलाश की जा रही है, जिसके डीपीआर तैयार करके स्वीकृति ली जायेगी। विभागीय अभियंताओं ने बताया कि खूंटी के साथ-साथ मुरहू में भी बाइपास बनाने की योजना है। नेशनल हाइवे 75-ई के होने से यह बाइपास काफी महत्वपूर्ण है। एनएच 75 ई के फोरलेनिंग की योजना पर भी काम चल रहा है, जिस वजह से यह बाइपास काफी महत्त्वपूर्ण होगा। इस एनएच के जरिये चाईबासा होते हुए ओड़िशा तक निकला जा सकता है। बाइपास बनने से खूंटी में लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। कंसलटेंट कंपनी सारा कुछ तय करके सरकार को अपनी रिपोर्ट देगी।

# नियोजन नीति को लेकर छात्र संघ के बंद का पहला दिन ऐतिहासिक रहा : देवेंद्र नाथ महतो

### दावा : आज भी बंद रहेगा ऐतिहासिक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची**। नियोजन नीति को लेकर छात्रों द्वारा आहूत दो दिवसीय बंद को सफल बताते हुए छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा है कि बंद का पहला दिन ऐतिहासिक रहा। दूसरा दिन भी ऐतिहासिक बंद रहेगा। उन्होंने कहा है कि बंद को सफल बनाने के लिए सम्पूर्ण झारखंड के पांचों प्रमंडल के 24 जिला के सभी क्षेत्र में छात्र के हक अधिकार के समर्थन में सभी समाज के लोग सड़क पर उतरकर बंद को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। वहीं दूसरे दिन के बंद में भी अपना



सहयोग देने को कहा है। देवेंद्र नाथ महतो दावा किया है कि 24 जिला का वापसी संपर्क आवागमन बिल्कुल बंद रहा। दूसरे जिलों में जाने के लिए रांची से एक भी बस नहीं खुलीं।

देवेन्द्र नाथ महतो ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य के 3.52 लाख से ज्यादा रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया जा रहा है। जिसमें झारखंड शब्द को गायब कर दिया गया है। ऐसे में गरीब किसान मजदूर के पढ़ने-लिखने वाले झारखण्ड के बच्चों के अधिकार का हनन हो रहा है। यह सरकार भोले भाले आदिवासी मूलवासी झारखंडियों के साथ मायाजाल का खेल खेल रही है।

देवेन्द्र नाथ महतो झारखंड सरकार से मांग की है कि बिना गजट प्रकाशित किए 60-40 का अनुपात से झारखंड शब्द को गायब करके जारी किया गया विज्ञापन को वापस लेते हुए क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा वाले खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन लागू करके नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करें। वहीं झारखंड के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नौकरी में झारखंडियों को प्रथम प्राथमिकता देते हुए नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करें।

## झारखंड बंद का राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में रहा मिलाजुला असर

# नहीं चलीं लंबी दूरी की बसें, लेकिन खुले रहे बाजार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की ओर से आहूत दो दिवसीय झारखंड बंद का पहला दिन शनिवार को मिलाजुला असर देखने को मिला। छात्रों ने 60-40 पर आधारित नियोजन नीति के खिलाफ 10 और 11 जून को झारखंड बंद बुलाया है। पहले दिन राजधानी रांची में बंद का असर नहीं रहा। पहले दिन राजधानी रांची में आम दिनों की तरह दुकानें खुली रहीं। सड़क के किनारे फल के ठेले भी नजर आए। आम दिनों की तरह छोटी गाड़ियों का परिचालन भी सामान्य रहा।

इधर बंद की संभावना से निपटने के लिए मोराबादी समेत तमाम चौक चौराहों पर पुलिस मुस्तैद नजर आई। जानकारी के मुताबिक कुछ छात्रों ने कांके में दुकानें बंद कराने की कोशिश की। इसी तरह नामकुम के रामपुर में सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया गया। वहीं खादगढ़ा बस स्टैंड में भी बंद कराने की कोशिश की गई। हालांकि पुलिस की सक्रियता से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।







### राज्य के कुछ जिलों में बंद का रहा आंशिक असर

जानकारी के मुताबिक साहबिगंज, पाकुड़ और दुमका में बंद का असर दिखा। रामगढ़ में भी छात्रों ने सड़क जाम कर यातायात को बाधित करने का प्रयास किया। हालांकि करीब एक घंटे बाद छात्र खुद सड़क से हट गये। बोकारो में भी एनएच को जाम किया गया। खास बात है कि पिछली बार छात्रों के आंदोलन को भाजपा और आजसू ने नैतिक समर्थन दिया था। इस बार पार्टियों की तरफ से ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। स्थानीय स्तर पर भाजपा और आजसू के नेता आंदोलन का नैतिक समर्थन करते दिखे। इधर बंद समर्थक छात्रों का कहना है कि 60-40 के तहत सरकारी नौकरी में नियोजन होने से स्थानीयों की हकमारी होगी। उनकी जगह बाहर के लोग नौकरी ले लेंगे। इसलिए सरकार को खतियान आधारित स्थानीयता तय कर नौकरी देने की व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं मूलवासी सदान मोर्चा का कहना है कि बिहार की नियोजन नीति के तर्ज पर झारखंड में बहाली होनी चाहिए।

# झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में जजों के लिए कोर्ट रूम आवंटित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में न्यायधीशों के लिए कोर्ट रूम का आवंटन कर दिया गया है। हाईकोर्ट के नए भवन में 25 कोर्ट रूम बनाए गए हैं। फिलहाल हाईकोर्ट में जजों की संख्या 20 है, इसलिए 5 कोर्ट रूम का आवंटन नहीं हुआ है। नए भवन में कोर्ट रूम जो आवंटित किये गये हैं उसकी सूची इस प्रकार है।

| | |
|---|---|
| कोर्ट नंबर 1- | चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र |
| कोर्ट नंबर 2- | जस्टिस एस चंद्रशेखर |
| कोर्ट नंबर 3- | जस्टिस एस एन प्रसाद |
| कोर्ट नंबर 4- | जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय |
| कोर्ट नंबर 5- | जस्टिस रत्नाकर भेंगरा |
| कोर्ट नंबर 6- | जस्टिस आनन्दा सेन |
| कोर्ट नंबर 7- | जस्टिस डॉ एस एन पाठक |
| कोर्ट नंबर 8- | जस्टिस राजेश शंकर |
| कोर्ट नंबर 9- | जस्टिस एके चौधरी |
| कोर्ट नंबर 10- | जस्टिस राजेश कुमार |
| कोर्ट नंबर 11- | जस्टिस अनुभा रावत चौधरी |
| कोर्ट नंबर 12- | जस्टिस के पी देव |
| कोर्ट नंबर 13- | जस्टिस एस के द्विवेदी |
| कोर्ट नंबर 14- | जस्टिस दीपक रौशन |
| कोर्ट नंबर 15- | जस्टिस सुभाष चांद |
| कोर्ट नंबर 16- | जस्टिस गौतम कुमार चौधरी |
| कोर्ट नंबर 17- | जस्टिस अम्बुज नाथ |
| कोर्ट नंबर 18- | जस्टिस नवनीत कुमार |
| कोर्ट नंबर 19- | जस्टिस संजय प्रसाद |
| कोर्ट नंबर 20- | जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव |



# झारखंड हिंदू महासभा ने जमशेदपुर में पुलिसिया जुल्म का किया विरोध




### राजभवन के समक्ष दिया धरना, कहा- वोट के लिए हो रही है तुष्टिकरण की राजनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हिंदू महासभा ने जमशेदपुर में हुए पुलिसिया जुल्म के खिलाफ राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। जमशेदपुर के भाजपा नेता अभय सिंह को गिरफ्तार करने और तुष्टिकरण की राजनीति के विरोध में नेताओं ने अपना आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हिंदुओं को एकजुट होने की जरुरत है। हिंदू समाज को हमेशा दबाया जाता है. सरकार वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती है। एक समुदाय विशेष के लोग हमारी संस्थाओं और धार्मिक आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। हिंदू समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

बताते चलें कि आने वाले दिनों में हिंदू समाज एकजुट होकर सरकार का विरोध करेगी। हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने कहा जमशेदपुर में हिंदू समाज को भड़काने का काम किया गया था। जमशेदपुर में धर्म विशेष के लोगों ने पत्थरबाजी की थी। विधायक और मंत्री के फोन पर सभी को छोड़ दिया जाता है। यह हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

# 109 शिक्षकों की प्रोन्नति पर मुहर

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 109 शिक्षकों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने सभी 109 नव प्रोन्नत शिक्षकों को वेतन देने से पहले संबंधित जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी से उनके प्रमाण पत्रों की जांच करने को कहा है। प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि के लिए मैट्रिक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र, स्नातक संबंधी शैक्षणिक योग्यता, पीजी प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र संस्थान से सत्यापन के बाद तथा अन्य सभी अभिलेखों की जांच में सही पाए जाने के बाद ही वेतन भुगतान करने को कहा है। मालूम हो कि गैर सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंध समितियों की ओर से नियुक्त शिक्षक, हेडमास्टर और प्रोन्नत हेडमास्टर की प्रोन्नति के लिए प्राप्त प्रस्तावों की जांच को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से कमेटी बनाई गई थी।

# कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के घर पर इडी का छापा राजनीति से प्रेरित : राकेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद निशिकांत दूबे का देवघर में दिये गये बयान से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव के घर आयकर एवं ईडी का छापा पूरी तरह राजनीत से प्रेरित है और यह 2024 के चुनाव की तैयारी का हिस्सा है। इस मसले को लेकर सांसद निशिकांत दूबे मीडिया के माध्यम से जिस तरह से ईडी के अधिकारियों को निर्देश दिया है। इससे साफ प्रतीत होता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर निशिकांत दूबे एवं पूरी भाजपा में बेचैनी किस प्रकार से हावी है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा है कि विधायक प्रदीप यादव के यहां छापे के उपरांत मात्र 2.12 लाख रुपया मिला जो विधायक का आय का हिस्सा है। इसके बावजूद सांसद निशिकांत दूबे को कांग्रेस से डर सता रही है कि कहीं 2024 में राज्य में उनका कुनबा पूरी तरह से साफ न हो जाए। इसलिए कांग्रेस के विधायक के साथ कुछ कतिपय लोगों का संबंध स्थापित करने के लिए सांसद ईडी पर दबाव बना रहे है। राकेश सिन्हा ने कहा है कि निशिकांत दूबे अपने आप को ईमानदार साबित करने के लिए दिन भर लगे रहते हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि 40 करोड़ का सांसद फंड विवाह मंडप बनाने के लिए दिल्ली की एक कंपनी को दिया लेकिन आज तक एक भी विवाह मंडप नहीं बना। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि सिर्फ कांग्रेस और कांग्रेस के विधायकों को बदनाम करने की जो राष्ट्रीय साजिश चल रही है, उसी साजिश का हिस्सा प्रदीप यादव को भी बनाया गया है, ताकि उनकी छवि को बदनाम किया जा सके। उन्होंने कहा है कि जनता अब भाजपा को पूरी तरह नकार चुकी है।

# गोड्डा और पाकुड़ जिले का तापमान गिरा, रांची का बढ़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। शनिवार की शाम में रांची में छिटपुट बारिश हुई। बारिश और आकाश में बादल छाने से कहीं-कहीं तापमान में गिरावट आयी है। शनिवार को गोड्डा और पाकुड़ जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं, रांची में अधिकतम तापमान बढ़ा है। गोड्डा के अधिकतम तापमान में शनिवार को 6.9 डिग्री यानी करीब 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि पाकुड़ जिले के उच्चतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। उधर, रांची के उच्चतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी है। रांची के न्यूनतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 0.1 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गयी है। रांची का उच्चतम तापमान बढ़कर 39.8 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस हो गया। जमशेदपुर और डालटेनगंज का उच्चतम तापमान क्रमशः 42.9



डिग्री और 44.1 डिग्री हो गया है। दोनों जिलों का न्यूनतम तापमान क्रमशः 27.6 डिग्री और 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

**अगले 4 दिनों तक इन जिलों में के लिए ऑरेंज अलर्ट :** मौसम केंद्र ने अगले चार दिनों के लिए अलग-अलग इलाकों को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 11-12 को संताल परगना के सभी जिलों के साथ गिरिडीह के लिए मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शेष जिलों के लिए येलो अलर्ट है। 13 को केवल गिरिडीह के लिए येलो अलर्ट है।

**झारखंड में 12 जून से प्री मानसून की बारिश :** भारी बारिश के साथ मॉनसून केरल पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि शनिवार से बारिश बढ़ सकती है। आईएमडी ने कहा है कि झारखंड में 12 जून यानी सोमवार से प्री मानसून की बारिश शुरू हो जायेगी।

## राज्य सरकार को हर साल मिलेगा 600 करोड़ रुपये का राजस्व, रोजगार बढ़ेगा, बिजली संकट भी कम होगा

# गोंदलपुरा खनन परियोजना शुरू होने से भरेगा झारखंड का खजाना!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची**। झारखंड के पास इतना कोयला है कि यह राज्य ओड़िशा और छत्तीसगढ़ को कमाई में पीछे छोड़ सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब यहां कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाए और आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन कार्य शुरू किया जाए। झारखंड में अगर कोयला के उत्पादन की बात करें तो वर्ष 2022 में यहाँ 130.104 टन मिलियन कोयले का उत्पादन हुआ था, जबकि वर्ष 2021 में 123.428 टन मिलियन कोयला निकाला गया था। वर्ष 2019 में कोयले का उत्पादन 134.666 टन मिलियन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश भर की बात करें तो आधुनिक तकनीकों के प्रयोग पर अधिक जोर देने से वर्ष 2021-22 में कोयले का उत्पादन 778.21 मिलियन टन तक बढ़ गया था। वहीं, 2022-23 के दौरान कोयले का उत्पादन 14.76% की वृद्धि के साथ 893.08 मीट्रिक टन था। कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों ने 2020-21 में 596.22 मीट्रिक टन और वर्ष 2021-22 के दौरान 4.4% की वृद्धि करते हुए 622.63 मीट्रिक टन का उत्पादन किया। 2022-23 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन 12.94% की वृद्धि के साथ 703.21 मीट्रिक टन रहा।



सांकेतिक तस्वीर

### डीएमएफटी से हुई झारखंड को अच्छी आमदनी

देश के चार राज्यों में कोयला उत्पादन का आंकड़ा देखें तो 80 फीसदी कुल कोयला उत्पादन में से छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी करीब 22%, ओड़िशा की 21%, मध्य प्रदेश की 18% और झारखंड की लगभग 17% फीसदी है। डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट) की बात करें तो देश में जितने पैसे इस फंड के तहत विभिन्न राज्यों को मिले हैं, उसमें सर्वाधिक आमदनी वाले शीर्ष तीन राज्यों में से झारखंड भी शामिल है। कोकिंग कोल के उत्पादन में झारखंड शीर्ष पर है। हालांकि, ओवरऑल कोयला उत्पादन में झारखंड चौथे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ पहले, दूसरे स्थान पर उड़ीसा और तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है। झारखंड ने पिछले वर्ष 119 .226 मीट्रिक टन कोयला उत्पादन किया है और चौथे नंबर पर है।

### सिर्फ एक कोयला खान से 5 से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

कोयला बहुत क्षेत्र हजारीबाग के बड़कागांव में आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द खनन शुरू होने से राज्य सरकार को राजस्व का अतिरिक्त लाभ होगा, जबकि यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक कोल ब्लॉक से औसतन पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर मिलता है, जिसमें आसपास खुलने वाली दुकानें, डंपर संचालक और अन्य व्यवसाय आदि शामिल हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी, एनएमडीसी, अदाणी और जेसडब्ल्यू समेत विभिन्न निजी कंपनियों को केंद्र सरकार की ओर से कोयला मंत्रालय ने कोयला खान आवंटित किया है। यहां खनन शुरू होने से इलाके की तस्वीर बदलेगी और विकास के नए आयाम दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अच्छे मौके मिलेंगे और राज्य सरकार को भी राजस्व का बड़ा लाभ होगा। सिर्फ अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा। इतनी बड़ी रकम का इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना को विकसित करने, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के लिए किया जा सकेगा। कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी। एक आंकड़े के मुताबिक, झारखंड से हर रोज करीब 530 ट्रक अवैध कोयला निकलता है। यह सारे कोयले की चोरी बंद पड़ी खदानों या उत्खनन की अधिकारिक रूप से बाट जोह रही खदानों से होती है, जिसमें फॉरेस्ट लैंड भी शामिल है। इससे सरकार को राजस्व की भारी होनी होती है।

### बिजली उत्पादन के लिए बाहर से मंगवाना पड़ता है कोयला

गर्मी के समय में झारखंड समेत देश भर में बिजली की खपत बढ़ी है। कोयला कंपनियों पर उत्पादन बढ़ाने का दबाव है। आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 के लिए एक हजार मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य कोल इंडिया समेत अन्य कंपनियों ने रखा है। हालांकि, भारत सरकार को अभी भी सिर्फ बिजली की जरूरत पूरा करने के लिए 100 मिलियन टन के आसपास कोयला विदेशों से मंगवाना पड़ रहा है। झारखंड की बात करें तो यहां गर्मी आते ही पावर प्लांटों में कोयले की कमी हो जाती है, जिस कारण लोगों को बिजली की समस्या से परेशान होना पड़ता है। हजारीबाग में गोंदलपुरा खान में जल्द खनन शुरू होने से बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी और आम लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

## एस एस गर्ल्स हाई स्कूल डोरंडा में निर्माण कार्य में अनियमितता



फोटो : समीर

# सड़क हादसे में मृतक के आश्रितों को मिलेगा क्षतिपूर्ति मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दे दी है। रांची जिला अंतर्गत अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके अंचल अधिकारीयों के प्रतिवेदन के अनुसार राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत



क्षतिपूर्ति स्वरुप मृत व्यक्ति के आश्रित को 1-1 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। अंचल अधिकारी अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर, रांची एवं एसडीओ सदर, रांची की अनुशंसा के आलोक में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा

**बेड़ो अंचल के दो प्रभावितों को राशि के भुगतान की स्वीकृति** : प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशुओं के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति दे दी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जिला के बेड़ो अंचल के कुल दो प्रभावितों के लिए कुल 55,000 रुपये की मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति डीसी द्वारा प्रदान की गयी है। पीड़ितों में बेड़ो अंचल के नेहालु गांव निवासी गांगी देवी और नरकोपी थाना क्षेत्र के करगे टेगरा टोली निवासी जुमन अंसारी को दी जानी है। क्षतिपूर्ति की आक्कलन राशि प्रति व्यक्ति की दर से मुआवजा राशि 25,000 रु की अनुदान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

राशि 8,00,000 रुपये मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृत दी गई है।

**इन आश्रितों को मिलेगी मुआवजा राशि** : अनगड़ा थाना क्षेत्र के हाहे गांव निवासी सरस्वती देवी, अनगड़ा थाना क्षेत्र के नारायण सोसो गांव निवासी लक्ष्मी देवी, सिकिदिरी थाना क्षेत्र के ओबर गांव निवासी धनीराम बेदिया, अमगड़ा थाना क्षेत्र की पैका टोला निवासी राखी कुमारी, कांके थाना क्षेत्र के सेमर टोली निवासी मंजू ओरंग, सिल्ली थाना क्षेत्र के लोटा गांव निवासी किरण देवी, सिल्ली थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मुनकी देवी और सिल्ली थाना क्षेत्र के लोटा गांव निवासी ज्योति कुमारी को मुआवजा की राशि दी जाएगी।

## पुलिस गयी थी लूट के आरोपी को गिरफ्तार करने, धराये पशु तस्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लूट के आरोपी को पकड़ने गई थी, लेकिन जब पुलिस वहां पहुंची तो उन्हें पशु तस्कर मिले। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ पशु तस्करों को पकड़ा। बल्कि एक गाड़ी में रखे 15 गौवंशीय पशु को जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई शुक्रवार की रात इदरीश कालोनी में की।

थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि पुलिस टीम गस्ती कर रही थी इसी दौरान महिंद्रा डाला ट्रक में अवैध रूप से लदे गौवंशीय पशु और उस गाड़ी का साथ स्कॉट कर रही सेंट्रो कार देखकर पुलिस सावधान हो गई और मौके पर पहुंचकर पूछताछ शुरू कर दिया। इस मौके पर दानिश कुरेशी, राजा अंसारी, और इंताब को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि 15 गोवंशीय पशुओं को पुलिस अपने साथ थाने ले आई।

10 पशुओं को गौशाला में भेज दिया, 5 गायों को किसान को जिम्मेवारी में दे दिया गया है। वहीं जेएच-01- 6183 महिंद्रा डाला गाड़ी को और हुंडई का सैंटरो कार जेए- 01 एनसी-9700 को भी जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले भी सफारी गाड़ी में लदे तीन पशुओं को पुलिस ने पकड़ा था।

## बरियातू थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

# रिम्स : डॉक्टर और मरीज के बीच मारपीट, इमरजेंसी में दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स में एक बार फिर से डॉक्टरों की दबंगई देखने को मिली है। मेडिसिन विभाग में डॉ अजीत डुंगडुंग के वार्ड में भर्ती एक मरीज और जूनियर डॉक्टरों के बीच कुछ बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामले ने तूल पकड़ लिया और मामला मारपीट में तब्दील हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक हॉस्टल से भी डॉक्टरों ने आकर परिजनों के साथ मारपीट की है।



बरियातू थाना पुलिस ने बताया कि मरीज एक महीने से इलाजरत था और वह डिस्चार्ज पेपर देर से बनने पर नाराज था। दोनों पक्ष के लोगों ने बरियातू थाने में एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। बता दें कि मारपीट के बाद वार्ड में अफरा-तफरी मच गई।

### चिकित्सक इमरजेंसी के बाहर धरने पर बैठे

चिकित्सक इमरजेंसी के बाहर धरने पर बैठे हैं. चिकित्सक कार्य बहिष्कार करने की बात कह रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों ने डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट के खिलाफ भी खूब नारेबाजी की। एक जूनियर डॉक्टर वरुण के साथ परिजनों ने बदसलूकी की, जिसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने परिजन की पिटाई कर दी।

# डीआरडीए कर्मियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

### दूसरे विभागों में भी इनके समायोजन पर लगा ग्रहण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य भर में कार्यरत डीआरडीए कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन-मानदेय नहीं मिलने से लगभग 500 से अधिकारी-कर्मचारी परेशान हैं। इधर, सरकार ने अभी तक इनके समायोजन पर कोई निर्णय भी नहीं लिया है ऐसे में इन कर्मियों के नौकरियों पर संशय कायम है। बताते चलें कि केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2022 से पूरे देशभर में डीआरडीए को बंद कर दिया है और इसके कर्मियों को मानदेय भुगतान की राशि का आवंटन भी रोक दिया। हालांकि, केंद्र ने डीआरडीए कर्मियों का समायोजन जिला परिषद में करने का निर्देश दिया है। इसके बाद से राज्य सरकार ने भी इसकी जरूरत को समझते हुए इसका संचालन कायम रखने का फैसला लिया है। कर्मियों के समायोजन का भी आश्वासन विभागीय ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ओर से दिया गया लेकिन स्थिति यह है कि 14 माह बाद भी डीआरडीए कर्मियों के मर्जर पर अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ। हालांकि, इस बीच काफी मशक्कत के बाद राज्य सरकार ने डीआरडीए कर्मियों का वेतन बकाया का भुगतान किया है पर इधर फिर से तीन माह का वेतन बाकी हो गया है। अब फिर नये सिरे से सरकार से राशि की मांग करने के बाद ही इनका मानदेय का भुगतान हो पायेगा।

**समायोजन के लिए बनाई सरकार ने कमेटी** : राज्य सरकार ने डीआरडीए कर्मियों के समायोजन के लिए ग्रामीण विकास सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनायी हुई है। कमेटी इसके बाद कर्मियों की आवश्यकता के आधार पर अध्ययन कर रही है।

# अपराधियों को पकड़ने के लिए रांची पुलिस ने बनायी स्पेशल-29 की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर दूसरे राज्य फरार होनेवाले अपराधियों पर अब पुलिस नकेल कसेगी। ऐसे अपराधियों को पुलिस उन राज्यों में जाकर न सिर्फ उनके घरों में इश्तेहार चिपकाएगी, बल्कि उन्हें दबोच कर रांची भी लाएगी। इसके लिए रांची पुलिस ने स्पेशल-29 का गठन किया है। स्पेशल टीम को राज्य के हिसाब से छह जोन में बांटा गया है। इसमें कुल 29 एसआई रैंक के अफसरों को शामिल किया गया है। इस टीम को थानों में जितने भी लंबित वैसे मामले जो दूसरे राज्यों से जुड़े हुए हैं, उसका निष्पादन करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि आईटी एक्ट, हत्या, लूट, ठगी से जुड़े मामलों का ही निष्पादन करेंगे। उसकी संचिका संबंधित थानों से लेंगे। एसएसपी ने टीम के सदस्यों को सख्त निर्देश दिया है कि लंबित मामलों को हर हाल में निर्धारित समय में निष्पादित करें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित टीम के सदस्यों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

**जोन -1**
इस जोन में उत्तर प्रदेश को रखा गया है। यूपी के 20 जिलों में जाकर केस का अनुसंधान करने के लिए एसआई अंकु कुमार, सोनल आशीष, राजीव रंजन, उदित प्रकाश, धनंजय कुमार, पीयूष नाग, ऐनुल हक, प्रयाग दास को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

**जोन -2**
इसमें बिहार के 30 जिलों को शामिल किया गया है। एसआई विजय पांडेय, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार, मनोज कुमार, तजीलूल गन्नान, नारायण यादव, सुनील कुमार, देवेंद्र उरांव, मनीष पूर्ति और जय प्रकाश गुप्ता को जिम्मेवारी दी गई है।

**जोन -3**
इस जोन में पश्चिम बंगाल को रखा गया है। इस जोन में बंगाल के 19 जिले हैं। कांडों का अनुसंधान करने के लिए एसआई छत्रधारी कुमार, मो इमरान, प्रकाश कुमार सिंह, सुबीर किस्कू, रंजीत कुमार सिंह, अंजन कुमार, मो जुल्फीकार और सुनील मंडल को जिला बांटा गया है।

**जोन -4**
इस जोन में तेलंगाना को रखा गया है। तेलंगाना के इसानपुर और सिकंदराबाद के कांडों के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई हसनैन अंसारी को सौंपी गई है।

**जोन -5**
इस जोन में उत्तराखंड को रखा गया है। उत्तराखंड के उद्यमसिंह नगर और हरिद्वार से जुड़े मामले का अनुसंधान करने की जिम्मेवारी आशीष केसरी को सौंपी गई है।

**जोन -6**
इस जोन में गुजरात को शामिल किया गया है। गुजरात के हलौल, वलसाड़ और सूरज से जुड़े मामलों के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई चंदन शुभम शर्मा को दी गई है।

## एफएलएन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

### बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त बनायें : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्वनाथ शाहदेव जिला प्लस-2 स्कूल रांची के नवनिर्मित सभागार में निपुण भारत मिशन, झारखण्ड के सहयोग से एफएलएन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। झारखण्ड शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी दिनेश यादव ने किया।

उपविकास आयुक्त ने कहा कि विद्यालय में एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना है, जिसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे बच्चो को ऐसी शिक्षा दें, जिससे कि बच्चे अच्छे स्वस्थ्य एवं विकास को प्राप्त कर सके और प्रभावी संवाद स्थापित करने में निपुण बन सकें। कार्यक्रम के दौरान विभन्न विद्यालयों की ओर से एफएलएन टूल किट की प्रदर्शनी लगाई गयी, जिसे उपविकास आयुक्त ने भ्रमण कर देखा टूल किट के उपयोग के संबंध में शिक्षकों से बातचीत भी की। कार्यकम के दौरान सभी कस्तूरबा विद्यालय के वैसे बच्चे, जिन्होंने जैक की वार्षिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उन्हें विभाग की तरफ से सम्मानित किया गया।

# युवाओं को मौत के मुंह में धकेल रही है सेक्सटॉर्शन की अंजलि!

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाय, मैं अंजली (काल्पनिक नाम)। क्या आप मुझसे दोस्ती करोगे? फिर एक सवाल आता है, क्या आप ऑनलाइन सेक्स पसंद करते हैं। धीरे-धीरे यह सिलसिला चल पड़ता है फिर कुछ नया देखने की चाहत में युवा कॉलर की हर बात को मानना शुरू कर देता है। रांची इससे अछूता नहीं है। सेक्सटॉर्शन के दो मामलों ने रांची पुलिस की नींद उड़ा दी है। रांची में सेक्सटॉर्शन के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। प्रत्येक दिन कोई न कोई व्यक्ति सेक्सटॉर्शन का शिकार होकर अपनी कमाई गंवा रहे हैं। इसमें कुछ मामले थानों में दर्ज हो रहे हैं तो अधिकांश व्यक्ति लोक लाज के भय से पुलिस के पास नहीं पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि पिछले एक सप्ताह के अंदर रांची के अलग-अलग थानों में सेक्सटॉर्शन के दो मामले दर्ज किए गए हैं।



**केस नंबर 1**

पिछले दिनों पंडरा इलाके के रहने वाले एक युवक के मोबाइल पर कुछ दिन पहले किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक लिंक भेजा गया। लिंक में तरह-तरह के प्रलोभन दिए गए थे। इसमें एक लिंक पर युवक ने क्लिक करने के साथ साथ लिंक पर मौजूद ऐप को डाउनलोड किया। युवक ने ऐप को ओपन करना शुरू किया तो इस दौरान अपने सारे सोशल कांटेक्टस को एक्सेस करने की अनुमति देता गया। दरअसल, यह साइबर अपराधियों का ट्रैप था, जिसमें युवक फंस गया। कुछ दिनों तक ऐप के जरिये कुछ युवतियों ने युवक को लोन देने के बहाने तो कभी दोस्ती के बहाने बातचीत की। इसके बाद अचानक युवक के मोबाइल पर लड़कियों के साथ अश्लील तस्वीर आनी शुरू हो गई। इसके बाद शुरू हुआ सेक्सटॉर्शन का घिनौना खेल। युवक के फोन पर लड़कियों के फोन आने शुरू हुए और फिर न्यूड तस्वीर को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर पैसे की डिमांड करने लगी। बदनामी के भय से युवक ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर पैसे देने शुरू कर दिए। धीरे-धीरे युवक ने 5 लाख सेक्सटॉर्शन के नाम पर साइबर अपराधियों के अलग-अलग अकाउंट में पैसा भेजा लेकिन इनके बावजूद सेक्सटॉर्शन नहीं रुका। सेक्सटॉर्शन से परेशान युवक ने अपने परिचितों को मामले की जानकारी दी। अब मामला पंडरा थाना पहुंचा और सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

**केस नंबर 2**


सेक्सटॉर्शन का का दूसरा मामला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया है। कोतवाली इलाके के रहने वाले एक कारोबारी के साथ भी सेक्सटॉर्शन कर ठगी की गई है। कारोबारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में कारोबारी को एक साइबर अपराधी ने खुद को सीबीआई अधिकारी बनकर व्हाट्सएप पर कुछ लिंक भेजे, जो न्यूड वीडियो कॉलिंग के लिंक थे। इस मामले में कारोबारी के फोटो को न्यूड बनाकर यूट्यूब पर डालने की धमकी दी गई है। इसके बदले साइबर अपराधियों ने कारोबारी से 20 हजार ठग लिये हैं। डोरंडा थाना में ऐसे ही एक मामले को लेकर प्राथमिकी भी दर्ज करवाई गई है। प्राथमिकी दर्ज करवाने वाले व्यक्ति से सेक्सटॉर्शन के नाम पर ही 1.17 लाख वसूल लिये गए। डोरंडा के रहने वाले विजय कुमार नाम के व्यक्ति से साइबर अपराधियों के ग्रुप में शामिल महिलाओं ने सेक्सटॉर्शन कर 1.17 लाख की ठगी कर ली, लेकिन बार-बार धमकी दिए जाने की वजह से आखिरकार विजय थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। इससे पहले में राजधानी रांची में लगभग दर्जनों सेक्सटॉर्शन के मामले आए थे। लेकिन लोक लाज के भय से लोगों ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज नहीं करवाई थी।

### मानसिक रूप से बीमार हो गया युवक

न्यूड वीडियो और तस्वीर को लेकर युवक को साइबर अपराधियों ने इतना टॉर्चर किया कि वह मानसिक रूप से बीमार हो गया है। युवक का रांची के एक प्रसिद्ध मनोचिकित्सक से इलाज चल रहा है। वहीं, मामला दर्ज होने के बाद साइबर पुलिस सेक्सटॉर्शन करने वाले ऐप की जानकारी इकट्ठा कर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल के ट्विट ने छेड़ा बहस का मुद्दा


Babulal Marandi
@yourBabulal
आपरेशन क्लीन झारखंड में कचरा सफाया मूवमेंट का अगला शिकार कौन? सुना है इसे लेकर कई भ्रष्ट नौकरशाहों, बिचौलियों, दलालों की रातों की नींद हराम है, साँसें फूल रही है।उम्मीद है यह सब देखकर राज्य के नौकरशाह सबक लेंगे।

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट करके एकबार फिर राजनीतिक गलियारों में बहस का मुद्दा छोड़ दिया है। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट करते हुए पूछा, आप्रेशन क्लीन झारखंड में कचरा सफाया मूवमेंट का अगला शिकार कौन? सुना है इसे लेकर कई भ्रष्ट नौकरशाहों, बिचौलियों, दलालों की रातों की नींद हराम है, साँसें फूल रही है। उम्मीद है यह सब देखकर राज्य के नौकरशाह सबक लेंगे।

### आशा लकड़ा के गांव पहुंचे भाजपायी



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची नगर निगम की निवर्तमान महापौर डॉ. आशा लकड़ा की माता जी का पिछले दिनों निधन हो गया था। शनिवार को उनके गांव (चुहरु) गुमला जिला अंतर्गत घाघरा के चुहरू गांव में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय एवं प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु ने श्राद्धकर्म में पहुंचकर स्व माताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, नमन किया।

### पीएलएफआई एरिया कमांडर गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एरिया कमांडर का नाम विश्राम कोंगाड़ी उर्फ मोटा है। पुलिस ने उसे रनिया थाना क्षेत्र के उड़ीकेल बड़काटोली से उस समय एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया जब वह लेवी वसूलने को लेकर किसी नक्सली कांड को देने की फिराक में था। गिरफ्तार एरिया कमांडर के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, पीएलएफआई का पर्चा और चंदा रसीद बरामद किया गया है। उसके खिलाफ खूंटी और सिमडेगा के विभिन्न थाना में रंगदारी, लेवी वसूलने और आर्म्स एक्ट समेत कई नक्सली कांडों के 11 मामले दर्ज हैं।

### गर्मी की छुट्टी बढ़ाने की मांग



**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने प्रचंड गर्मी के कारण सरकार से जल्द से जल्द स्कूलों में गर्मी छुट्टी को बढ़ाने का अनुरोध किया है। राज्य में गर्म हवाओं के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। रांची मौसम अनुसंधान विभाग ने भी इस आशय की सूचना जारी की है। अतः ऐसी स्थिति में विद्यालय खोलना छोटे बच्चों को विद्यालय आने को विवश करना, निश्चित रूप से छोटे बच्चों के लिए घातक होगा। वहीं शिक्षा विभाग स्कूल खोलकर बच्चों के जीवन को संकट में डाल रहा है। हीट वेब को देखते हुए गर्मी अवकाश मॉनसून आने तक आगे बढ़ाया जाए वरना अगर बच्चों को कुछ होने पर इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी एवं इसके लिए सीधे तौर पर शिक्षा विभाग एवं सरकार जिम्मेदार होगा।

### बकरी बाजार में अस्थाई पार्किंग सुविधा जल्द



**रांची।** अपर बाजार को जाममुक्त करने की कवायद शुरू हो चुकी है। बकरी बाजार में अस्थाई तौर पर पेड पार्किंग की सुविधा जल्द शुरू होगी। बताते चलें कि इस संबंध में शुक्रवार को झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स और नगर आयुक्त के बीच बैठक हुई थी। जिसके बाद नगर आयुक्त ने ये आश्वासन दिया था। इस निर्णय के आलोक में शनिवार को झारखण्ड चैंबर के पदाधिकारियों के संग नगर आयुक्त ने अधिकृत अधिकारी ने संयुक्त रूप से बकरी बाजार स्थल का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमण्डल ने बकरी बाजार में पार्किंग स्थल को चिन्हित करने के साथ ही इस बात की भी समीक्षा की कि कैसे यहां पार्किंग की उपलब्धता होने से बाजार क्षेत्र को जाममुक्त बनाया जा सकता है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि बकरी बाजार में अस्थाई तौर पर पेड पार्किंग की सुविधा विकसित होने मात्र से ही बाजार क्षेत्र में पार्किंग और यातायात की समस्या का काफी हद तक समाधान संभव है। विदित हो कि पिछले दिसंबर माह और मार्च 2023 में भी झारखण्ड चैंबर और नगर आयुक्त की संपन्न हुई बैठक में इस आशय पर सहमति बनाई गई थी। प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के अलावा, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार और शैलेष अग्रवाल थे।

### ट्रैफिक पार्क के लिए स्मार्ट सिटी में चाहिए 5 एकड़ जमीन

**रांची।** ट्रैफिक पार्क बनाने के लिए स्मार्ट सिटी कैंपस में परिवहन विभाग 5 एकड़ जमीन ढूंढ रहा है। बताया जा रहा है कि राजधानी के धुर्वा में प्रस्तावित ट्रैफिक पार्क में जमीन का पेंच फंस गया है। एचईसी ने ऑब्जेक्शन कर दिया है। इस कारण परिवहन विभाग ने अब दूसरी जगह ट्रैफिक पार्क बनाने का फैसला लिया है। विभाग रांची स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया में ट्रैफिक पार्क बनाना चाह रहा है। इसके लिए वहां करीब 5 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। परिवहन विभाग इसका प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इसे लेकर नगर विकास विभाग और परिवहन विभाग के अफसरों के बीच औपचारिक बातचीत हुई है। स्मार्ट सिटी को फिलहाल इस संबंध में प्रस्ताव नहीं मिला है।

**15 करोड़ रुपए आवंटित हो चुके थे** : पहले धुर्वा के नेहरू पार्क के पास 3 .5 एकड़ जमीन पर ट्रैफिक पार्क बनना था। एक साल पहले ही ट्रैफिक पार्क का काम शुरू करना था। प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 15 करोड़ की राशि भी आवंटित कर दी थी। लेकिन जमीन के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पायी। एचईसी प्रबंधन का कहना है कि उसने बिहार पथ परिवहन निगम को यह जमीन लीज पर आवंटित की थी और यह लीज 2004 में खत्म हो गया है। उसके बाद बिहार सरकार ने एचईसी के साथ कोई भी संबंध स्थापित नहीं किया। ऐसे में एचईसी ने अब इस जमीन पर अपना दावा कर दिया है।

**ट्रैफिक पार्क में क्या-क्या होगा** : लोगों को ट्रैफिक नियमों और वाहनों की जानकारी देने के लिए इस पार्क का निर्माण करने की योजना बनी है। ट्रैफिक पार्क में विंटेज कारों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। उन गाड़ियों के इतिहास के बारे में बताया जाएगा। बच्चों को ट्रैफिक इंडिकेशन के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। अंडरपास, सिग्नल का मतलब, रेलवे फाटक के पास लगे साइनबोर्ड, जेब्रा क्रासिंग, गाड़ी की गति सहित अन्य बातों की जानकारी मिलेगी। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए यहां ड्राइविंग टेस्ट देने की भी व्यवस्था होगी। बच्चों के लिए बैटरी चलित वाहन की भी व्यवस्था होगी।

# विकास के लिए आवश्यक है शिक्षित और नशामुक्त समाज का निर्माण : किशोर कौशल

## सर्वधर्म सदभावना समिति ने बिहार क्लब में किया सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम की अध्यक्षता एवं रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत सहाय व श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव की सरपरस्ती में बिहार क्लब रांची में सदभावना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभांशु जैन, नगर पुलिस अधीक्षक रांची, हारिश बिन जमां पुलिस अधीक्षक यातायात, नौशाद आलम ग्रामीण एसपी, राजेश्वर नाथ आलोक एडीएम विधि व्यवस्था रांची के साथ श्री महावीर मंडल रांची, महानगर दुर्गा पूजा समिति रांची, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची, चिश्तिया पंचायत, गुरुनानक स्कूल, एदारा-ए-शरीया झारखंड, रांची पब्लिक स्कूल, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी डोरंडा, फुटपाथ दुकानदार समिति सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।




सर्वधर्म सदभावना समिति की ओर से जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों ने यातायात पुलिस कर्मियों को उनकी निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी पूर्वक जनहित में किए गए कार्यों को देखते हुए स्वर्गीय तिलक राज आजमानी फाउंडेशन द्वारा उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में यातायात आरक्षी क्रमशः संजय कुमार माझी, मकबूल अली, विश्राम उरांव, धीरज कुमार राय, अमरजीत कुमार राय एवं यातायात आरक्षी बलबीर कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

मुख्य अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां एक ओर सभी पदाधिकारियों का हौसला बुलंद होता है, वहीं दूसरी ओर समाज के साथ साथ पूरे राज्य में एक अच्छा संदेश भी जाता है। उन्होंने इसे इसे बरकरार रखने की बात कही। कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण जरूरी है। इसके लिए आपस में सयुंक्त रूप से मिलकर अभियान चलायें और घर-घर में शैक्षणिक जागरूकता लायें।

सिटी एसपी शुभांशू जैन और एसपी यातायात हारिश बिन जमां ने धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों की सराहना की। कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन से आपसी सौहार्द्र की कड़ी में मजबूती आती है। आयोजन को समाज हित एवं देशहित के लिए जरूरी बताया। वहीं ग्रामीण एसपी नौशाद आलम एवं एडीएम विधि व्यवस्था रांची राजेश्वर नाथ आलोक ने भी जनहित में प्रशासनिक स्तर पर पूर्ण सहयोग देने की बात कही। महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय, श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के महासचिव अकीलुर्रहमान ने जिला प्रशासन के तमाम पदाधिकारियों को आश्वास्त किया कि रांची के लोगों ने आपसी सौहार्द्र पर इतिहास रचा है एवं आने वाले दिनों में भी इसे बरकरार रखा जाएगा। मौके पर सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, प्रदीप राय बाबू, डा. अजीत सहाय, जयसिंह यादव, कुणाल अजमानी, परमजीत सिंह टिंकू, मो इश्तेयाक, मोईज अख्तर भोलू, प्रदीप राय बाबू, सरफराज आलम, फिरोज अंसारी, परवेज आलम, पप्पू गद्दी, सुहैल खान, शमीम कुरैशी, नौशाद आलम, रविंद्र वर्मा, दीपक ओझा, नंद किशोर सिंह चंडेल, अशोक यादव, कमलेश यादव, शैलेंद्र शर्मा, डॉ असलम परवेज, मजहर सिद्दीकी, नन्ही भाई, मो. नेहाल, अशरफ अंसारी, मुमताज गद्दी, नसीमुल हक, मो. अब्दुल्लाह, पूनम सिंह, ममता कुमारी, सोनी कुमारी, किरण मेहता, कमला शर्मा, सोनी कुमारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बंद आंखों से देख सकती है बरियातू की नंदिनी!

रांची। जिस उम्र में लोग ठीक तरह से खुली आंखों से देखकर पढ़ नहीं पाते हैं। उस उम्र में नंदनी आंखें बंद कर पढ़ लेती है। हालांकि इस बात पर यकीन कर पाना थोड़ा मुश्किल है। परंतु बरियातू निवासी अरुण प्रसाद और पुष्पा प्रसाद की 12 वर्ष की बेटी दुर्गेश नंदिनी बंद आंखों से वो सब कर सकती हैं, जो खुली आंखों से किया जा सकता है। नंदिनी ब्लाइंड् फोल्ड होकर ऐसे पढ़ती है, जैसे उसकी आंखें खुली हो। पढ़ने के साथ वह रंगों की पहचान और नोट की पहचान भी कर सकती है। साथ ही अगर हाथ में मोबाइल हो और उसका स्क्रीन ऑफ हो तो भी पता चल जाता है कि स्क्रीन ऑफ है। डीपीएस रांची के क्लास 6 में पढ़ने वाली नंदिनी ने ऋषिकेश के टीचर अनुराग से ऑनलाइन क्वांटम रीडिंग इन ब्लाइंड फोल्ड का कोर्स किया है। जिससे बिना देखे पढ़ने के अलावा रंगों को पहचान पाती है। नंदिनी ने बताया कि उसने 6 महीने पहले ही ये कोर्स करना शुरू किया है। इस कोर्स में मेडिटेशन के जरिए पढ़ना सिखाया जाता है। नंदिनी ने बताया कि अभी उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी शामिल किया गया है। नंदिनी बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती है। उसके अंदर आईएएस बनने का भी सपना पल रहा है।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल बंद करने की मांग

खबर मंत्र संवाददाता

**रांची।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल बंद करनें की मांग संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने की है। मोर्चा का कहना है कि राज्य में पड़ने वाले भीषण गर्मी एवं हीट वेव से विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षक लू की चपेट में पड़कर बीमार हो रहे हैं, जिससे बच्चों के अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य लगातार विद्यालय को बंद करने की मांग कर रहें है। मोर्चा के सदस्यों का कहना है कि राज्य के मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने अभी लगातार प्रचंड गर्मी एवं हीट वेव चलने का पूवार्नुमान किया है। ऐसी परिस्थिति में विद्यालय का संचालन बच्चों के साथ साथ शिक्षकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना है, जिसे संज्ञान में लेते हुए मोर्चा ने राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के रवि कुमार को ज्ञापन के माध्यम से विद्यालय में पठन-पाठन कार्य स्थगित करने की मांग की है। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने संयुक्त रूप से इस संदर्भ में मांग पत्र सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को सौंपी है।

### डीसी से मिलकर स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त रांची से मिलकर भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय के वर्तमान समय सारिणी में परिवर्तन को ज्ञापन सौंपा। संघ ने प्रेस जारी कर कहा कि इस भीषण व प्रचंड गर्मी में ही 5 जून से ही विद्यालय खोल दिया गया है। मौसम विभाग हर दिन अलर्ट जारी कर चेता रहा है कि 12 बजे के बाद घर से न निकलें। लेकिन विद्यालय 1 बजे बंद होने के कारण स्कूली छात्रों को तपती धूप और लू को सामना करते हुए घर जाना पड़ रहा है। इससे स्कूली बच्चों को शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से कतरा रहें है। पूर्व की तरह ग्रीष्मकालीन सत्र में विद्यालय का समय सारिणी 6:30 बजे से 11:30 बजे करने की मांग संघ द्वारा की गई है।
प्रतिनिधिमंडल में संघ के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम,सचिव मुकेश कुमार सिंह,प्रमंडलीय संयोजक कुर्बान अली,उपाध्यक्ष भवेश महतो,कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो सहित अन्य सदस्य थे।

# क्युरेस्टा हॉस्पिटल के हेल्थ कैंप में 100 लोगों का किया गया नि:शुल्क उपचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 'आपकी स्वास्थ हमारी प्राथमिकता' उद्देश्य को लेकर दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली द्वारा चर्च रोड स्थित पथलकुदवा के क्युरेस्टा पार्क नर्सिंग होम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 100 लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आने वालों में ज्यादातर महिलाएं थीं। अस्पताल द्वारा जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं भी दी गयीं। ज्यादातर मरीज मधुमेह और हाइपरटेंशन से ग्रसित पाए गये, जिनका दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अच्छी तरह से जांच कर उपचार किया।



इस स्वास्थ्य शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सोनी कुमारी, डॉ स्नेहा के साथ जेनरल मेडिसिन के डॉ रंजीत का विशेष योगदान रहा। इलाज कराने आये मरीजों ने अस्पताल के इस निःशुल्क व्यवस्था की सराहना की और उम्मीद जतायी कि अस्पताल प्रबंधन जरूरतमंदों के लिए आगे भी ऐसा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगता रहेगा।

# सरला बिरला स्कूल में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में माध्यमिक विज्ञान विषय पर सीबीएसइ द्वारा दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन श्रीमती सोनी श्रीवास्तव और श्रीमती इंदु प्रसाद थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर व दोनों रिसोर्स पर्सन ने किया।

झारखंड और बिहार के विभिन्न विद्यालयों के 67 शिक्षक प्रशिक्षुओं ने सत्र में बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उन्हें ब्लूम टैक्सोनॉमी पर जोर देने के साथ विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। शिक्षण सीखने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए उन्हें अनुभवात्मक शिक्षा, एआइएल और अन्य तकनीकों को विकसित करने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की और शिक्षक समुदाय को शिक्षण और सीखने के तरीकों में प्रगति के साथ खुद को हमेशा अद्यतन रखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने उन्हें नये बदलावों के लिए तैयार करने के लिए खुद को सभी शैक्षणिक कौशलों से अवगत रखने की आवश्यकता याद दिलायी, जिसे उन्हें नयी शिक्षा नीति (एनइपी) के लागू होने के साथ ही अपनाना होगा।



# संघ की जीत का श्रेय सब्जी विक्रेताओं की चट्टानी एकजुटता को : शक्तिमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लालपुर सब्जी बाजार को नए वेंडिंग स्थल पर स्थानांतरित करने दौरान पर रांची नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम द्वारा सड़क के किनारे बैठकर सब्जी विक्रेताओं को हटाने के बाद विगत पांच दिनों से लालपुर में लगने वाले सब्जी बाजार विक्रेताओं ने सशर्त वार्ता के साथ राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार अब सड़कों के दोनों किनारे पर बैठकर सब्जी बेचने वालों को निगम की टीम के द्वारा नहीं हटाया जाएगा और नही भगाया जाएगा। वे सब्जी दुकान लगा सकते हैं, लेकिन मुख्य सड़क से हटकर।

वार्ता के अनुसार जल्द ही उन्हें नए वेंडिंग स्थल पर शेड व सारी मूलभूत सुविधाओं के साथ स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को यह स्थान टाउन वेंडिंग कमेटी के साथ संपन्न बैठक और लॉटरी से निकाले गयी प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराया जाएगा। नेशनल हॉकर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव शक्तिमान बोस ने इसे रांची फुटपाथ दुकानदार हॉकर संघ के नेतृत्व में सब्जी विक्रेताओं की एकजुटता, धैर्य व अनुशासन की जीत बताया। शक्तिमान बोस ने उक्त बातें शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। इस मौके पर उनवके साथ संघ के अध्यक्ष दीपक सिंह, महासचिव अनिता दास, टीवीसी वर्किंग प्रेसिडेट नागेन्द्र पांडेय, जमशेदपुर से आए उत्तम , शर्मिला, शकील अहमद, तथा टीवीसी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# संस्कृति, शिष्टाचार और पढ़ाई, तीन गुरुमंत्रों के साथ बच्चों की विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजकीय मवि पंडरा में सनिवार को 8वीं पास बच्चों को विदायी दी गयी। अष्टम उत्तीर्ण 179 छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार ने विदायी दी। इस दौरान उनके उच्चत्तर और बेहतर लक्ष्य आधारित शिक्षा के लिये विद्यालय के प्रिंसिपल, एसएमसी अध्यक्ष सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण गुरु मंत्र दिये गये।

प्रधानाचार्य अशोक प्रसाद सिंह ने सभी को पांच मंत्रों में अपने माता पिता का सम्मान, राष्ट्र के प्रति समर्पण, गुरुओं का आदर, समाज के प्रति दायित्व निर्वहन , पंडरा स्कूल की माटी को नमन सहित अनुशासित लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सचेष्ट रहने का संकल्प दिलाया। बाल संसदीय मन्त्रिपरिषद ,सदन नेतृत्व मंडल और एसटीएफ के संयुक्त समन्वयन में आयोजित कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रबंधन व माता समिति की सदस्याओं सहित प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने महती भूमिका निभायी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में हजारों बच्चे और सैकड़ों अभिभावक कार्यक्रम के साक्षी बने।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग प्रसाद का हुआ वितरण

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुतहा तालाब में हर शनिवार की तरह आज भी श्रद्धालुओं व भक्तों के बीच प्रसाद व भोग का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात बाद प्रत्येक शनिवार की तरह इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद के रुप में इसमें खिचड़ी, अचार, चिप्स आदि ग्रहण कर तृप्त हुए। महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने यह जानकारी दी। कहा कि इस अवसर पर उपस्थित लोगो में महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह,संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी,करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदी उपस्थित थे।

# श्री श्याम भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में शनिवार को 66 वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया किया। इस आयोजन को लेकर मंदिर परिसर बाबा श्याम के भजन से गुंजायमान रहा। जिसमें भक्तगणों के द्वारा गाए जा रहे भजन के बोल थे आवो-आवो भोग लगाओ बाबा श्याम जी रूच-रूच भोग लगाओ ..... । इस मौके पर यजमान रहे श्रवण तोदी सविता तोदी विशांत तोदी व स्नेहा तोदी ने परिवार । यजमान परिवार ने मंदिर में विराजमान खाटू नरेश शिव परिवार हनुमान जी महाराज लड्डू गोपाल शालिग्राम व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया की अगुवाई में यजमानश्री तोदी परिवार ने भोग भजनों का गायन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तदुपरांत तोदी परिवार ने भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे के प्रसाद में मिश्रित कर महाप्रसाद बनाकर सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों का चंदन-वंदन कर उन्हें भंडारे का प्रसाद खिलाया तथा दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में मंदिर में ही प्रसाद के रूप में केसरिया जलेबी, गप्ता पुलाव, अजवाइन पूरी, आलू चना लौकी मिश्र सब्जी, शीतल गुलाब शरबत बनाया गया था। टॉफी अलग से भक्तों को दी जा रही थी। श्री गणेश जी महाराज के जयकारों के बीच तोदी परिवार ने भंडारे का वितरण किया।

# तनाव को खत्म करता है हठ योग : स्वामी गोरखनंद सरस्वती

## रांची में आयोजित बिहार स्कूल ऑफ योग मुंगेर के योग शिविर का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्वामी गोरखनाथ सरस्वती शिविर के छठे दिन शनिवार को अरविंदो आश्रम रातू रोड में लोगों को बहुत बड़ा यौगिक साधना बतला गये, जिसको करके मनुष्य डॉयबिटीज से मुक्त हो सकता है और अपनी पाचन प्रणाली की पूरी सफाई मात्र बीस से पच्चीस मिनट में कर सकता है। उन्होंने बताया कि योग के तो बहुत आयाम हैं, उसमें हठयोग व्यक्ति के आंतरिक शरीर की सफाई करता है और यह तनाव को भी शक्तिशाली तरीके से खत्म कर देता है।



उन्होंने कहा कि हठयोग की विधियों में एक क्रिया है शंखप्रक्षालन जो धौति क्रिया में आता है। यह है शरीर को भीतर से धोने की क्रिया (सम्पूर्ण पाचन प्रणाली का क्लींजिंग) जिसमें मुँह से लेकर पूरा ग्रासनली,आमाशय,छोटी आँत, बड़ी आँत और मलाशय की सफाई की जाती है। यह क्रिया डाईबिटीज में बहुत कारगर है। मधुमेह प्रबंधन में चालीस दिन तक प्रतिदिन शंखप्रक्षालन का लघु रूप,कुंजल,नेति,शरीर के हिसाब से सूर्यनमस्कार या कुछ आसनों का समूह,शशांकासन,नाड़ीशोधन,कपालभाति तथा भ्रामरी और प्रतिदिन योगनिद्रा का अभ्यास बहुत ज्यादा प्रभावकारी है। डाइबिटीज बालों पर देखा गया है कि चालीस दिन के लगातार अभ्यास से इस रोग को खत्म किया जा सकता है। स्वामी गोरखनाथ जी ने कहा यह देन है हमारे गुरु परमहँस स्वामी सत्यानन्द सरस्वती का। परमहँस स्वामी सत्यानन्द सरस्वती का आविष्कार है योगनिद्रा जो आज दुनियाँ की सबसे प्रचलित ध्यान की विधि है।

अरविन्दो आश्रम के सचिव रमेश भाई ने स्वामी जी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती की महती कृपा है जो उन्होंने स्वामी गोरखनाथ सरस्वती जैसे सिद्ध आचार्य को हमारे आश्रम में भेजकर छः दिनों तक योग विद्या का संचालन कराने का सुअवसर दिये। राँची नगर के हजारों लोगों को इससे शारीरिक लाभ प्राप्त हुआ है और मन की पीड़ा खत्म हुई है। मात्र छः दिन के योग से लोग बहुत खुश नजर आ रहे हैं। स्वयं में बहुत गहरा अनुभव लोगों को हुआ है। यह हमारे लिये, राँची नगर बासियों के लिये बहुत बड़ा आशीर्वाद मिला है इसे जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने अहर्निश इस योगोत्सव कार्यक्रम में सहयोग देने और हर तरह से सफल बनाने में यहाँ के प्रख्यात योगाचार्य संन्यासी मुक्तरथ जी एवं इनके सहयोगी बने रहे आदित्य कुमार और रूपम कुमारी का भी तहेदिल से आभार व्यक्त किया औ? उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किये।

# कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के कला जतरा मेला चित्रकला प्रदर्शनी में उमड़ी कला प्रेमियों की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा झारखण्ड कला जतरा-फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी के अंतर्गत तीन दिवसीय कला मेला एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन काली मंदिर रोड डोरंडा में किया गया। यह प्रदर्शनी शाम 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक लगाई गई है। इसमें 15 दिवस तक चले कला जत्रा कार्यशाला में बनाई हुई पेंटिंग और विभिन्न शिल्प को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने किया। प्रदर्शनी में झारखंड संस्कृति एवं कला की झलक देखते ही बन रही है। प्रदर्शनी में डेढ़ सौ से ज्यादा कलाकारों के लगभग 500 से ऊपर पेंटिंग, डेढ़ सौ फीट के आर्ट गैलरी में सड़क के किनारे प्रदर्शित की गई है। अपने आप में यह आयोजन कला प्रेमियों के लिए अनूठा है। यही कारण है कि प्रदर्शनी में कला प्रेमियों की भीड़ उमड़ी है। प्रदर्शनी में डोकरा आर्ट क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग, मूर्तिकला, झारखंड की लोक चित्रकला सोहराय, जादू पटिया, कोहबर, पाटकर चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। यह कार्यक्रम संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की गयी है। प्रदर्शनी के आयोजन में मे अजय कुमार, रजनी कुमारी, हर्ष, आरती, रिचा, मनस्वी, शिखा, शीतल आदि ने सहयोग किया।

# नियोजन नीति : ग्रामीण क्षेत्र में कहीं असरदार तो कहीं मिला-जुला रहा बंद

## 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड बंद

### नामकुम में शांतिपूर्ण रहा बंद, दो हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** राज्य में साठ चालिस आधारित नई नियोजन निति के विरोध में बुलाए गए दो दिवसीय झारखंड बंद का नामकुम थानाक्षेत्र में बेअसर रहा। बाजार, दुकानें प्रतिष्ठान और सरकारी कार्यालय और बैंक खुले रहे।

हालांकि लंबी दूरी के वाहन अन्य दिनों की अपेक्षाकृत काफी कम चले। इधर सुबह लगभग ग्यारह बजे झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले बंद समर्थक देवेन्द्र महतो और उनके समर्थक रांची टाटारोड पर रामपुर समीप पहुंचे और बीच सड़क पर टायर जला कर नारेबाजी करने लगे। मामले की जानकारी मिलते ही थानेदार सुनील कुमार तिवारी सदलबल मौके पर पहुंचे और बंद समर्थकों को खदेड़ा और सड़क पर जल रहे टायर को सड़क से हटवा दिया। पुलिस ने दो बंद समर्थको को हिरासत में लिया है। इनलोगों से पूछताछ की जा रही है।



नामकुम में बंद कराते छात्र।

## पिपरवार कोयलांचल में बंद का मिलाजुला असर

**पिपरवार।** राज्य सरकार के 60–40 नियोजन नीति के खिलाफ आजसू द्वारा दो दिवसीय झारखंड बंद के आह्वान का पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मिश्रित असर देखा गया। इस बंद के दौरान बंद समर्थकों के द्वारा कोल इंडिया की आनुषांगिक इकाई पिपरवार क्षेत्र में कोयला खदानों में कोयले का उत्पादन जारी रहा, जबकि ट्रांसपोर्टिंग एवं रोड सेल के माध्यम से भेजे जाने वाले कोयले की ढुलाई पूरी तरह से ठप रही लंबी दूरी चलने वाले यात्री बसों का परिचालन भी ठप रहा बंद समर्थकों द्वारा कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न सड़कों को अवरुद्ध कर देने के कारण दूरदराज जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा द्य कहीं .कहीं बंद समर्थकों के साथ यात्रियों की नोकझोंक भी हुई । बंद के दौरान सीएचपी– सीपीपी परियोजना अशोका कोल डंप पिपरवार कोल डपं से लोकल सेल के माध्यम से दुर दराज एव भेजे जाने वाली देश के अन्यत्र पावर प्लांटों में भेजे जाने वाले कोयले की ढुलाई ठप रही । दो दिवसीय बंद को देखते हुए पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार व अन्य अधिकारियों सहित थाना सशस्त्र बल के जवानों के साथ सभी सड़को एवं कोयला साइडिंग मैं सुरक्षा को लेकर तैनात देखे गए इस बंद का व्यापारिक प्रतिष्ठानों शिक्षण संस्थान बैंक पोस्ट ऑफिस एवं अन्य अर्ध सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति सामान्य देखी गई। बंद का असर सिर्फ कोयला क्षेत्रों में ही देखा गया। बंदी का नेतृत्व कर रहे आजसू नेता दीपक कुमार महतो, अंगद महतो, अर्जुन महतो, नागेश्वर महतो आदि के नेतृत्व में सुबह से ही बंद समर्थक सड़कों पर निकल कर बंद कराते देखे गए। इस बंद का रेलवे के परिचालन पर असर नहीं देखा गया।



## नियोजन नीति के विरोध में सोनाहातू-राहे बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** झारखंड सरकार की 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ आज से दो दिनों का झारखंड बंद शुरू हो गया है। बंद को देखते हुये राहे ओर सोनाहातू के व्यापारियो ने अपनी दुकानें बंद रखी जिसकारण बाजार पूरी तरह बंद रहा। थोक या खुदरा किसी प्रकार कोई कोई कारोबार नही हुआ। बंद को लेकर राहे पुलिस और सोनाहातू पुलिस गस्ती करती रही। बंद समर्थक सड़क पर नही निकले। किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। 2 दिनों के बंद के आह्वान पर बस नही चले। अन्य यात्री वाहन नही चले। बुंडू.सिल्ली.राहे सोनाहातू सिल्ली बुंडू चलने वाले ऑटो भी नही चले। शादी का मौसम के कारण अति आवश्यक वाले रिजर्व कर ऑटो से आना जाना किये या दो पहिया वाहनों से आना जाना अधिक हुई।। बंद के कारण लोग घर से नही निकले जिस कारण सड़क सुनसान रही। शाम को दानाडीह सब्जी बाजार और राहे सब्जी बाजार में सब्जी की बिक्री हुई। स्कूल सहित सरकारी कार्यालय खुली रही।दवा ओर दारू की दुकानें खुली रही।




## हजारीबाग के जनसभा में शामिल हुए पिपरवार भाजपा के कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय चतरा एवं हजारीबाग आनंदा गर्ल हाई स्कूल में आयोजित जनसभा में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दासए राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र रैना जीए छात्र सांसद सुनील सिंहए सिमरिया विधायक किशोर कुमार दास सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर की गई। मुख्य वक्ता रघुवर दास ने कहा कि जब से गठबंधन की सरकार आई है तब से झारखंड में सिर्फ लूट घासोट बलात्कारएसेना की जमीन छीनने का काम किया है। इस हजारीबाग जनसभा में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई जी हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हाएविधायक मनीष जायसवाल उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण के आरोपी को जेल

**इटकी।** शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोपी इस्लाम नगर लोहरदगा निवासी अरशद जलील को इटकी पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। अरशद के विरुद्ध थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव निवासी सोनी परवीन द्वारा नौ जून को एक मामला दर्ज कराया गया है। इधर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर हटिया थाना के कचनार टोली निवासी मुमताज अंसारी को भी शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### पिठोरिया: शादी समारोह से बाइक की चोरी

**पिठोरिया।** शादी समारोह मे आए मेहमान की बाइक चोरी थाने में मामला दर्ज। बताया जाता है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के लहरिया टोला में रामगढ़ जिले के छत्तर मांडू क्षेत्र से हीरालाल महतो अपने पैशन प्रो बाइक जीएच 24 जी 9120 से एक शादी समारोह में आए थे। शुक्रवार की रात में घर में भीड़भाड़ होने के कारण अन्य बाइक के साथ वह भी अपने बाइक को घर के बाहर ही छोड़ दिया ।लेकिन रात को ही चोरों ने बाइक चोरी कर ली। इस संबंध में पिठोरिया थाना में एक मामला दर्ज किया गया है।

### संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बैठक

**सिकिदिरी।** भाजपा सिकिदिरी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को बक्सीडीह महतो लाईन होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील महतो ने किया। बैठक में 14 जून को सरला बिरला परिसर महिलोंग में होनेवाने संयुक्त मोरचा सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में सभी मोरचा के पदाधिकारी शामिल थे। निर्णय हुआ की संयुक्त मोरचा सम्मेलन में सभी मंच व मोरचा के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से संयोजक कामेश्वर सिंह, बुधराम बेदिया, नंदलाल राम, रघुनाथ मुंडा, मनमोहन भोगता, धनेश्वर बेदिया, बलराम साहू, मनोज साह, जयनंदन सिंह, शिवधर रजवार, शमशाद खान आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बिरदीडीह चौक के समीप सड़क दुर्घटना में 21 वर्षीय युवक का मौत हो गया है। शव को पुलिस ने शनिवार सुबह बरामद किया है । घटना के सम्बंध में थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने कहा कि बिरदीडीह चौक के समीप डिवाइडर से मोटरसाइकिल टकराया होगा या किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी होगी। बाइक से गिरने से ही युवक का मौत हुआ है ।घटना रात 1 बजे के बाद कि है। युवक मुरी ओपी के कोलवाडीह का रहने वाला था ।परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### आदिवासी उवि दुलमी में योग शिविर संपन्न

**सोनाहातू।** प्रखंड के आदिवासी उवि दुलमी–बोंगादार के कैंपस में चल रहा सात दिवसीय योग शिविर का समापन रविवार को संपन्न हुआ। इसमें प्रमुख योग प्रशिक्षक दिलेशवर महतो, गणेश चंद्र पुरान, योग शिक्षक सह एक्युप्रेशर विशेषज्ञ उमाशंकर मालाकार शामिल थे।

## एक नजर में

### आजीविका मिशन कार्यक्रम: भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर किया धन संग्रह



कार्यकर्ता से धनसंग्रह करते जैलेंद्र कुमार।

ओरमांझी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आजीविन सहयोग निधि कार्यक्रम के अंतिम दिन पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार द्वारा ओरमांझी व आसपास क्षेत्र में धनसंग्रह कार्यक्रम चलाया गया। जैलेंद्र कुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के घर–घर जाकर चेक द्वारा धनसंग्रह किया और सहयोग करने वालों के प्रति अभर जताया। उन्होने कहा कार्यकताओं व पार्टी समर्थकतो द्वारा किए जाने वाले इसी छोटे–छोटे सहयोग व धनसंग्रह से पार्टी का संचालन किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरा भारत में इस प्रकार से धनसंग्रह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पार्टी का धनसंग्रह कार्यक्रम प्रतिवर्ष होता है। वहीं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भी उत्साह पूर्ण धनसंग्रह कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

### गणेश स्पोर्टिंग क्लब के नौ एथलिटों का चयन



**खलारी।** प्रथम झारखंड राज्य सब जुनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे शामिल होने के लिए गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के 9 एथलेटिक्स खिलाड़ियो का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा 10 जून से लेकर 11 जून तक रजरपा स्टेडियम रामगढ़ मे किया जाएगा। इस प्रतियोगिता मे झारखंड राज्य से कई जिलो के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हो रहे है। प्रथम झारखंड राज्य सब जुनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियों का नाम इनमें निखिल उरांवए छोटू उरांव, संजय उरांव, शशी कुमार, आयुष कुमार, प्रभाकर मुंडा, संतोष गंझू, लक्ष्मी कुमारी एवं दीपाली कुमारी शामिल हैं।

## पिता के पुस्तक के लोकार्पण में बेटी की अभिव्यक्ति

**पिठोरिया।** कड़ी मेहनत, समर्पण, धैर्य, निरंतरता, परिश्रमी, दृढ़ता, प्रतिबद्धता और अन्य पर्यायवाची जो आप सभी जानते हैं। मैंने उस व्यक्ति में सन्निहित देखा है जिसे आप सभी सुजीत कुमार केशरी के रूप में जानते हैं और जिन्हें मैं अपने पिता के रूप में जानती हूं। आज यानी 4 जून का उनके और हमारे जीवन में हमेशा महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय स्थान रहेगा। जैसा कि मुझे लगता है कि आज 15 से ज्यादा वर्षों का लंबा इंतजार समाप्त हो गया है क्योंकि उन्होंने अपनी पुस्तक को प्रकाशित करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। हर पुस्तक उनके जीवन के अलग.अलग दौर से संबंध रखता है और उनके निश्चय घंटो के अथक प्रयासए निद्राहीन रातों, विभिन्न स्थानों का दौराए विद्वानों, लेखकों बुजुर्गों से मुलाकात अनेक किताबों को पढ़ना एवम्सभी सुलभ स्त्रोतों से जानकारी एकत्र करने को दर्शाता है ।

## विधायक ने रखी विकास योजनाओं की आधारशिला

### विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कई योजनाओं का निरीक्षण भी किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर/चान्हो।** प्रखंड के कई स्थानों पर शनिवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा विकास योजनाओं का आधारशिला रखा गया। इस अवसर पर मांडर प्रखंड के मंदरो पंचायत के ग्राम डोंगा टोली मे विधायक मद से पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई और विद्यायक ने कहा कि रोड की स्थिति जर जर होने के कारण ग्रामीणों को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने का छोटा सा प्रयास है। साथ ही चान्हो प्रखंड के सोन्स मे मुस्लिम कब्रिस्तान का सुंदरीकरण एवं तरंगा पंचायत के ग्राम खिजूर टोली मे मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी का भी शिलान्यास विधायक ने किया। विधायक का क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोन्स स्थित सरकारी स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया और स्कूल की अनिमियता को देखकर स्कूल प्रभारी को फटकार लगाते हुए इन सभी चीजों मे जल्दी सुधार करने को कहा वर्ना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इसके इलावा पतरातू में दिवंगत दिलिप राम के परिजनों से मिलकर शांतावना दिए और कहा इस दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं। मौके पर प्रखंड के पार्टी अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, रंथेश्वर शाही, चरवा उराव, जुल्फेकार अली, आलम खान, जुम्मन खान, कलाम खान आदि मौजूद थे।



### महिलाओं को मिला लोकोस ऐप का प्रशिक्षण

सोनाहातू। प्रखंड में लोकोस मोबाइल ऐप के जरिये महिला समूह के हिसाब को डिजिडल फॉर्मेट में लाने की तैयारी शुरू कर दिया गया है। इसी के तहत प्रखंड के गलऊ पंचायत में जेएसएलपीएस की महिला समूह के सदस्यो के बीच चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। इस सम्बंध में बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को उत्थान के लिये कई योजनायें संचालित किया जा रहा है। समूह का लेखा जोखा डिजिडल करने के लिये लोकोस ऐप बनाया गया है। ऐप संचालन के लिये महिलाओं को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ऐप के जरिये समूह डिजिडल हो जायेगी।

## रथयात्रा में सामूहिक भागीदारी जरूरी: माधुरी

खबर मन्त्र संवाददाता



राजकुमारी माधुरी मंजरी।

**रातू।** ऐतिहासिक रथयात्रा में सामूहिक भागीदारी जरूरी है। विरासत भले ही राजघराने की हैए लेकिन छोटानागपुर के इस धरोहर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है। सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेवारी है। शांति और सद्भाव किले की पहचान है। उक्त बातें राजकुमारी माधुरी मंजरी ने कहीं। वह शनिवार को किला सभागार में रथयात्रा को लेकर आयोजित बैठक में बोल रही थीं। सीओ प्रदीप कुमार और डीएसपी प्रवीण सिंह ने प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने का भरोसा दिलाया। प्रबंधक दामोदर मिश्र ने बताया कि 19 को नेत्रदान पूजा और अगले दिन 4 बजे रथयात्रा होगी। 29 को भगवान जगन्नाथ स्वामी मुख्य मंदिर लौट आयेंगे। इससे पूर्व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये गये। अध्यक्षता प्रमुख संगीता तिर्की ने की, जबकि संचालन अतुल राज तथा धन्यवाद ज्ञापन पृथ्वीनाथ शाहदेव ने किया।

### इन्होंने भी रखी अपनी बातें

महावीर विश्वकर्मा, रामधीर तिवारी, शिवपूजन साहू, जितेश्वर मुंडा, राजकुमार वर्मन, मुखिया महेश्वरी देवी, हजारी प्रसाद, बैजनाथ साहू, जेएन पांडेय, राणा सिंह व अनिल ठाकुर ने भी संबोधित किया। मौके पर सीआई संतोष उरांव, एसआई अरविंद सिंह, दीनबंधु दुबे, महावीर सिंह, कृष्णा साहू, बाबू साहू, बंधु महतो, आनंद सिंह, संजय मुंडा, संजय साहू आदि मौजूद थे।

## 25 जून तक पीएम आवास का निर्माण पूरा करें लाभुक

### प्रखंड मुख्यालय में समन्वयक समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित प्रमुख बीडीओ व प्रतिनिधिगण।

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को समन्वयक समिति की एक बैठक प्रमुख अनुपमा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीडीओ व पंचायत समिति सदस्यों के साथ विभिन्न विभाग के पदाधिकरी व प्रतिनिधि उपस्थित थें। वहीं कई विभाग के पदाधिकरी या प्रतिनिधि उपस्थित नही रहने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा नाराजगी तजाई गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा पूर्व में जो जमीन पर स्कूल भवन व अन्य सरकारी योजना का क्रियावन्य हुआ आज खतियान धारी के वंसज जमीन पर दावा करते हैं। क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पीएचईडी विभाग द्वारा करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन मरमत करने के लिए विभाग द्वारा पैसे नही दिए जा रहे। जिससे लोगों को पेयजल उपलब्ध नही हो पा रही हैं। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालय का संचालन व नामांकण का मुद्दा भी उठाया गया। कई स्कूल में जरूरत से ज्यादा शिक्षक है उसका तबादला नही होती। वहीं ग्रामसभा के माध्यम से चुने गए पारा शिक्षक का ताबादला किए जा रहे हैं। सरकारी शिक्षकों को ताबादला बीइओ करे षिक्षा व्यवस्था में सुधार होगी। उपप्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा स्कूल में पांच फिट का बेंच-डेस्क के स्थान पर चार फिट खरीदे जा रहे हैं। बीडीओ विजय सोनी ने थाली से गायब मोटे आनाज को प्रमोट करने के लिए पंचायतों में संध्या चैपाल लगा लोगों को जागरूक करने को कहा। वहीं कहा एजीएम द्वारा कम अनाज दिया जाता है तो डिलर इसकी लिखित शिकायत करें। हरहाल में लाभुक को पूरा आनाज मिले इसके लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को मॉनेटेरिंग करने को कहा।

### ढलाई नहीं तो एसबेस्टर लगा पूरा करें काम

पीएम आवास योजना के लाभुको 25 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने चेतावनी देते हुए कहा ढलाई नही कर पा रहे तो एस्सवेस्टस लगाकर निर्माण पूर्ण करें, नहीं तो कार्रवाई होगी। प्रमुख ने कहा बैठक में अधिकरी के उपस्थित नही रहने से कई समस्याओं का जबाब नही मिला। अगली बैठक में सभी विभाग के अधिकरी उपस्थित हो सुनिश्चित किया जाएग।

### बैठक में थे मौजूद

बैठक में पीएचईडी जेई प्रभुशंकर राम, बीएसओ रामस्वरूप भगत, बाल विकास प्ररियोजना पदाधिकरी अनिमा निलम भेंगरा, पंसस सदस्य, सांसद व विधायक प्रतिनिधि के अलावे विभिन्न विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला नजारत शाखा)**
दूरभाष नं०– 06532-222650 ई०-मेल– dist.nazaratgrd@gmail.com

-:: निविदा शुद्धि पत्र ::-

नया परिसदन भवन, गिरिडीह के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरे 03 (तीन) वर्षो के लिए (यथा कार्यादेश की तिथि से तीन वर्ष) किये जाने हेतु PR NO - 298798(Giridih)23-24*D द्वारा आमंत्रित निविदा दिनांक 15.06.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में खोलना निर्धारित था। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा खोलने की तिथि दिनांक 22/06/2023 को 2:00 बजे अपराह्न निर्धारित की जाती है। शेष शर्त्ते यथावत् रहेगी।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, गिरिडीह। अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह। उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी गिरिडीह।

PR.NO.299696 Giridih(23-24):D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,गिरिडीह (जिला नजारत शाखा)**
दूरभाष न0:– 06532-222650 ई0–मेल:– dist.nazaratgrd@gmail.com

-:: निविदा शुद्धि पत्र ::-

पीरटॉड प्रखण्ड अन्तर्गत मधुबन स्थित मधुबन गेस्ट हाउस, गिरिडीह के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरे 03 (तीन) वर्षो के लिए (यथा कार्यादेश की तिथि से तीन वर्ष) किये जाने हेतु PR NO – 298799 Giridih(23-24)D द्वारा आमंत्रित निविदा दिनांक–15.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में खोलना निर्धारित था। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा खोलने की तिथि दिनांक 22/06/2023 को 3:00 बजे अपराह्न निर्धारित की जाती है। शेष शर्त्ते यथावत् रहेगी।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, गिरिडीह। अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह। उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी गिरिडीह।

PR 299697Giridih(23-24)#D

**जिला परिषद, कोडरमा**
**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2023–24**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत स्वीकृत योजना में झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त के क्रमांक–1 के अनुसार निबंधित संवेदको से एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ग्रुप सं० | प्रखंड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतगांवा | सतगांवा प्रखण्ड के बासोडीह हाट बाजार में तीन अदद शेड एवं अवशेष पी०सी०सी० कार्य | 2103250.00 | 43000.00 | 5000.00 | 03 माह |

(1) वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 16.06.2023
(2) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 17.06.2023 से 22.06.2023 तक अपराहन 5:00 बजे तक।
(3) जिला परिशद कार्यालय, डी०आर०डी०ए०, भवन, कोडरमा में निविदा शुल्क अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 23.06.2023 अपराहन 05:00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने का स्थान– जिला परिशद, कोडरमा।
(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.06.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे ।
(6) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी क नाम एवं पता–जिला अभियंता जिला परिशद, कोडरमा।
(7) ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0 9608892111 ई मेल ddczpkoderma@gmail.com
(8) निविदा शुल्क राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव जिला परिशद, कोडरमा के पदनाम से देय होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैधता होना अनिवार्य है।
(9) अवांटन प्राप्त होने के पश्चात एकरारनामा किया जायेगा।
(10) निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट् या www.jharkhandtenders.gov.in.पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा।

PR 299749 Panchayati Raj(23-24)D

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय: जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी**

**किसान भाईयों के लिये आवश्यक सूचना, उर्वरकों में डी०बी०टी०**

खूँटी जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि जिला में खाद की बिक्री में प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (DBT) पूर्ण रूपेण लागु होने के पश्चात सभी पंजीकृत खुदरा उर्वरक विक्रेताओं (Retailer) द्वारा अपने बिक्री केन्दो से उर्वरकों की बिक्री Point of Sale (POS) मशीन, एंड्रॉयड फोन, डेस्कटॉप/ लैपटॉप के माध्यम से कर रहें हैं। किसान भाई खाद खरीदते समय आधार कार्ड एवं मोबाईल अवश्य लेकर जाएँ साथ ही सम्पर्क रहित (Contactless) खरीदारी हेतु आधार से लिंक मोबाईल OTP प्रणाली एवं भुगतान हेतु दुकान में लगे UPI- QR Code/Online Payment System का उपयोग करें। इस प्रणाली से भी किसानों को उर्वरक पूर्व की भांति Subsidy मूल्य में ही मिलेगी।

मुख्य लक्ष्य :–
1. किसानों को सूचना के साथ पारदर्शिता, जिसमें वे System Generated Receipt को मोबाईल पर SMS द्वारा प्राप्त करते हैं।
2. किसानों द्वारा खुदरा विक्रेता से Point of Sale (POS) मशीन, एंड्राईड फोन, डेस्कटॉप/लैपटॉप के माध्यम से उर्वरक की वास्तविक बिक्री होने के पश्चात ही Subsidy संबंधित उर्वरक निर्माताओं को निर्गत करना।
3. उर्वरक खाद– बिक्री प्रणाली की बेहतर निगरानी एवं योजना प्रबंधन।

नोट:– किसान भाई अफवाहों से बचें। POS मशीन से आधार कार्ड के माध्यम से खाद खरीदने से न ही आपके बैंक एकाउन्ट से पैसे कटेंगे और न ही दूसरी सरकारी योजनाओं के लाभ से आप वंचित होंगे।

"अब POS से खाद बिकेगी, उर्वरक बिक्री प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी"
"आधार कार्ड और मोबाईल ले जाना है जरूरी, तभी होगी किसान के रूप में पहचान पूरी"

जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी

PR 299663Agriculture(23-24)#D

## समय संवाद

शबरी का प्रकरण रामायण काल के महत्वपूर्ण घटनाओं में एक है। राजा राम के बड़ें उदार चरित्र में शबरी, गिद्धराज और निषाद का प्रकरण उस काल में राम राज्य के समाज के सहज उदार और विस्तार की एक झांकी प्रस्तुत करता है। हजारों साल से विश्व के एक दर्जनों से अधिक देश में इसका चित्रण तो होता ही है देश में भी इसका चित्रण आज भी किसी भी अन्य मनोरंजन से अधिक प्रभावी है। किसे याद नहीं है कि जब रामायण सीरियल का प्रसारण देश में आंरभ हुआ तो उस समय शहर से गांव तक पूराजन समूह पूरे तौरपर रामायण का दर्शक हुआ करता था। आज भी छत्तीसगढ़ में शबरी के राम को पुर्नजीवित कर समाज को समरसता का संदेश देने का प्रयास किया गया।

# झारखंड की रामायण मंडली देश में प्रथम




**डी गुप्ता**

**छत्तीसगढ़** राज्य में आयोजित रामायण मेले में झारखंड की नंदलाल गोप के नेतृत्व में गयी सांस्कृतिक ड्रामा टीम ने देश और विदेश के टीमों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम की महत्वपूर्ण सदस्य के रुप में गयी दिव्या गुप्ता ने खबर मन्त्र को बताया कि सबरी के राम कार्यक्रम की प्रस्तुति के क्रम में झारखंड की टीम ने देश के सभी 18 टीमों एवं इंडोनेशिया ओर कंबोडिया के टीम को भी अपने सशक्त अभिनय और प्रदर्शन से परास्त कर दिया।

राज्य सरकार के कार्यक्रम रामायण पर आधारित थे। सबरी के प्रकरण के चित्रण को लेकर की शामिल थी। लेकिन झारखंड की रामायण मंडली द्वारा की गयी



प्रस्तुति को पूरे देश में स्वीकारा और टीम ने 18 राज्यों की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में दिव्या ने सीता का रोल किया था। दिव्या गुप्ता संगीत में पीजी कर रही है और अभिनय और संगीत नृत्य के साथ रांची यूनिवर्सिटी से पीजी कर रही है। उन्होंने खबर मन्त्र को बताया कि वे बचपन से ही स्वस्फूर्त नृत्य प्रस्तुत करती थी जिस कारण उनके माता-पिता ने उसे अपने मन के अनुसार कार्य करने की अनुमति दी। छत्तीसगढ़ शासन के इस कार्यक्रम में जाकर दिव्या ने सीता का अभिन्य कर जिस प्रकार का समा बांध दिया उससे उसकी टीम शामिल होकर एक बड़ें फलक पर काम करने का अवसर मिला। देश के 18 से अधिक राज्यों की टीम इस कार्यक्रम में शिरकत कर रही थी। इन सभी दक्ष टीमों के बीच पहला स्थान प्राप्त कर लेना झारखंड के लिये गौरव की बात है।

इस रामायण पर आधारित



को प्रथम स्थान प्राप्त करने का मार्ग प्रसस्त हुआ। संगीत के साधक के रुप में अपना जीवन स्थापित करने वाली दिव्या संगीत को पढ़ाई नहीं साधना मानती है।

इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पाकर टीम को दो लाख का चेक प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम शबरी के राम में झारखंड की टीम के प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रसंशा हुई। झारखंड के रामायण मंडली का प्रदर्शन पूरे देश के कलाकारों को पंसद आया। राम के जीवन के वनवास के हिस्से का चित्रण जो बहुत ही चुनौतीपूर्ण है उसका चित्रण टीम ने किया।

## राम ने जीवन में भक्ति का निर्माण भी धैर्य से ही किया

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

(ब्रम्ह विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

## लहसुन की चाय



**मिताली जैन**

**हेल्थ** एक्सपर्ट बताते हैं कि लहसुन की चाय कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है। जिसके कारण यह मधुमेह से जुड़े अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है।

लहसुन जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय किचन में किया जाता है, सदियों से अपने औषधीय गुणों के कारण स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती रही है। वैसे अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लड शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उन्हें अपनी रेग्युलर चाय को लहसुन की चाय से स्विच कर देना चाहिए। **कम करे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप लहसुन की चाय का सेवन करते हैं तो इससे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन को नेचुरली कम होता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार लहसुन की चाय आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**बेहतर प्रतिरक्षा तंत्र**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस लिहाज से भी लहसुन की चाय आपके लिए लाभदायक है। यह एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार करता है। इसके अलावा, लहसुन में विटामिन सी होता है, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है।

**लक्षणों को करे कम**

मधुमेह शरीर में सूजन या इंफलेमेशन पैदा कर सकता है, जिसे लहसुन कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए मधुमेह होने पर आपको लहसुन की चाय का सेवन अवश्य करना चाहिए।

## डिजिटल डिटॉक्स वाली डाइट जरूरी

**अधिकांश** हर बड़े का यही हाल है। घर का काम हो या ऑफिस का, हर पल गैजेट्स से घिरे रहते हैं। सोशल मीडिया में तो जैसे आपकी जान बसी हो। फिर बच्चों को बोलते हैं कि मोबाइल छोड़ दो। लैपटॉप से दूर रहो। आंखें खराब हो जाएंगी। बच्चों को सोशल मीडिया के हर प्लैटफॉर्म से आप ने ही तो दोस्ती करवाई है। अपनी सहूलियत के लिए उसके हाथों में मोबाइल थमाया है, जब आपको कुछ और काम करना होना था। असल में, बच्चे तो आपसे ही सीखते हैं। आज से ही खुद और पूरे परिवार को हर दिन कम से कम दो घंटे डिजिटल डिटॉक्स डाइट दें। आपके और परिवार के लिए ये बेहद जरूरी है। इसे आप रिलेशनशिप का बूस्टर मान सकते हैं।

**क्यों नुकसानदायक है स्क्रीन**

वैसे तो हर गैजेट के भरपूर फायदे हैं, लेकिन इसकी अति आप और आपके परिवार के लिए घातक है। अब बताएं जबश्आप हर पल टकटकी लगाकर फोन देखते रहेंगे, तो कहां मिलेगा अपनी पहचान, अपने सपने और ज्ञान को बढ़ाने का समय। आपकी इन आदतों से आपके अपने भी दूर होते जाएंगे। फिर डिजिटल ही ढूंढ़िएगा परिवार वालों, बच्चों और दोस्तों को। आपकी इन आदतों से कब आपको बीमारियां लग जाएंगी, आपको पता भी नहीं चलेगा। और तो और, इन गैजेट्स से निकलने वाली नीली रोशनी त्वचा से बहुत कुछ चुरा लेगी। सब नोटिफिकेशन्स बंद कर दें। अगली बार बच्चों को खाने के साथ यूट्यूब देखने को नहीं कहना। वो देखें तो प्यार से मोबाइल छुपाकर उसके साथ समय बिताना। डिजिटल गैजेट्स बुरे नहीं हैं। बस रोज कम से कम दो घंटे इनके बिना रहें। फिर देखें कैसे परिवार आपके पास आएगा।

**स्क्रीन टाइम हो फिक्स**

सबसे पहले तो देखें कि आप और घर के लोग दिन के कितने घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं। आप खुशियों को महसूस करना और जीना चाहते हैं, तो परिवार को रोजाना डिजिटल डाइट से फ्री करें। इसके लिए बस इतना करें, जब आप सब शाम को घर पर हों, तो ये गैजेट्स बंद कर दें। इसका मतलब यह नहीं कि वर्चुअल गेम्ख खेलें या गाना सुनें। अब सब खुलकर बातें करें। अपने शौक को समय दें। किताबें पढ़ें। दोस्तों से गपियाएं। अंताक्षरी खेलें। सब मिलकर डिनर बनाएं। साथ में घूमने जाएं। पार्क में जाएं। वो सब काम करें जो फोन के चक्कर में छूटते जा रहे थे।

**इरादा कर लें पक्का**

सच तो यह है कि इस फोन ने अपनों को दूर ही कर दिया है। इस डिजिटल डिटॉक्स डाइट के लिए अनुशासन और दृढ़ संकल्प चाहिए। इसके लिए सिर्फ बच्चों को डांटने से काम नहीं चलेगा। दरअसल अच्छे परिणाम तभी आएंगे जब शाम को सब परिजन घर आ जाएं तो टीवी और सारे गैजेट्स बंद करें। फोन चार्जिंग पहले कर लें। अन्यथा जहां आप सब एक साथ बैठे हैं वहां से दूसरे कमरे में चार्जिंग करें। सामने देखेंगे, तो फोन को हाथ लगा लेंगे। फिर फेसबुक, स्नैपचैट, इंस्टाग्राम व अन्य ऐप्स में ही उलझे रहेंगे। कुछ समय के लिए गैजेट्स बंद करने में शुरू-शुरू में मुश्किल आएगी, लेकिन जब परिणाम आएंगे तो आपको अच्छा लगेगा।

**कम होती याददाश्त पर चौंकाता शोध**

मानव इतिहास में सबसे जुड़े हुए युग के दौरान जीवन में कई चीजें सकारात्मक तो हैं, लेकिन कभी आपने सोचा है कि परिवार के सदस्य केवल एक फेसटाइम सत्र दूर हैं। आपके दिमाग में आने वाले लगभग किसी भी प्रश्न का उत्तर आपकी उंगलियों पर है।

## नेति, स्वांस रोगों का उपचार

**स्वामी मुक्तरथ**

**कोरोना** वायरस का संक्रमण थमने के नाम नहीं ले रहा। नियमित गरारे और जल नेती करना कोविड 19 की रोकथाम में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। मैंने सैकड़ों लोगों को जिनमें



अधिकांश युवा थे नेति कराकर कोरोना के संक्रमण का असर को कम और समाप्त किया है। जापान में मास्क लगाने और हाथ धोने को इंन्फ्लूएंजा नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश में शामिल किया गया, इसी तरह जल नेती और गरारे का कोरोना महामारी में भी व्यक्तिगत रुचि के मुताबिक प्रयोग किया जा सकता है।

जल नेति योग करने के लिए आप सबसे एक नेति पॉट ले, जो आपकी नाक में अच्छे से सेट हो जाएं।अब इस नेति पॉट में थोड़ा गर्म यानि गुनगुना पानी (तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस) लें और इसमें एक एक चुटकी नमक मिला लें अर्थात 1 लीटर पानी प्रति 1 चम्मच नमक मिलाएं। ध्यान रखने अधिक नमक को पानी में ना मिलाएं।जल नेति को करने के लिए आप बैठ जाएं और अपने दोनों पैरों के बीच में थोड़ी सी दूरी रखें। अपने मुँह से साँस लेना शुरू करे और अपने सिर को थोड़ा नीचे की ओर झुका लें।

आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अब आप पानी से भरे हुए नेति पॉट ले और उसे अपनी दायीं नाक में लगा कर धीरे-धीरे पानी डालें।

बायीं नाक से इस पानी को बाहर निकालते जाएं।

अब फिर से बायीं नाक में नेति पॉट लगा कर पानी डालें और दायीं नाक से अपनी को बाहर निकाले।

ध्यान रखें की पानी धीरे-धीरे और कम मात्रा में डालना हैं।

इस क्रिया आप दोनों नाक से करें आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अधिक गर्म पानी का प्रयोग करने से आपके नाक में जलन और दर्द की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

जल नेति क्रिया का दौरान अधिक नमक का प्रयोग करने से आपकी नाक में जलन हो सकती है जिससे आपकी नाक से खून भी निकल सकता है।जल नेति तकनीक में खराब पानी या संक्रमण वाला पानी प्रयोग करने से आपकी नाक में भी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता हैं।अधिक नमक के प्रयोग से या अधिक अवधि तक जल नेति क्रिया को करने से आपकी आँखों और कानों में भी दर्द हो सकता हैं।


(लेखक योग विशेषज्ञ हैं और सत्यानंद योग मिशन रिखिया आश्रम देवघर से जुड़ें हैं।)

## गुरु जी शायद यह ही है भ्रष्टाचार?



**डॉ.कांता मीना**

**राजनीति** विज्ञान के कालांश में आज ज्यों ही विज्ञान के अध्यापक, बच्चो को पढ़ाने आए। तो बच्चे बोले गुरुजी यह कालांश तो विज्ञान का नहीं है । तभी विज्ञान वाले अध्यापक थोड़े मुस्कुराए और बोले वो तो मुझे भी पता है। बच्चों आज राजनीति विज्ञान पढ़ाने वाले गुरुजी किसी कारणवश विद्यालय में नहीं आ पाए। इसलिए आज हमें ही व्यवस्था संभालनी है । तो बच्चों आज आप मुझसे कोई भी सवाल पूछ सकते हो,जिसका जवाब आप मुझसे जानना चाहते हो। बच्चों ने अलग अलग सवाल पूछे तभी एक लड़की ने तपाक से पूछा गुरुजी ये भ्रष्टाचार क्या होता है। गुरुजी फिर से मुस्कराए ओर वह सवाल का जवाब देते उससे पहले ही विधालय की छुट्टी हो गई। विज्ञान वाले गुरुजी बच्चो से बोले कल सब भ्रष्टाचार क्या होता है इसके बारे में मुझे बताएंगे। यहीं तुम्हारा आज का गृह कार्य है। सभी बच्चो को उत्तर देना अनिवार्य है। मैं किसी से भी पूछ सकता हूं।सभी बच्चे एक स्वर में बोले, ठीक है गुरुजी। दूसरे दिन बच्चों में काफी उत्सुकता थी। सभी बच्चें आपस में गुसुर फुसुर कर रहे थे तभी राजनीति विज्ञान के गुरुजी कक्षा में आए तो शोरगुल और तेज हो गया। गुरुजी बोले बच्चों कक्षा का अंतिम कालांश और इतना जबरदस्त जोश ओर उत्साह ।इसका कोई विशेष कारण तभी विज्ञान वाले गुरुजी कक्षा में आ गए ओर बोले बच्चों कल जो गृह कार्य दिया था वो सभी याद करके आएं हो ना। सभी बच्चे एक स्वर में बोले,जी गुरुजी। राजनीति विज्ञान के गुरूजी ने मुस्कराते हुए विज्ञान वाले गुरुजी की ओर देखा



ओर बोले गुरुजी आज आप और में दोनो एक साथ बच्चों की प्रतिक्रिया को जानते है। वैसे गृहकार्य क्या दिया था आपने। तभी मयूर बीच में बोला आखिर

क्या ? है भ्रष्टाचार और बच्चे जोर जोर से हंसने लगे फिर दोनो गुरुजी भी बच्चो के साथ साथ मुस्कराने लगे और गुरुजीयो को भी बच्चों के उत्तर जानने की उत्सुकता हुई। तभी प्राचार्य कक्षाओं के निरीक्षण पर निकले थे तो इतना शोरगुल सुनकर कक्षा में आ गए,क्या बात है। गुरुजी आज कक्षा में इतने शोर का कारण मैं जान सकता हूं।विज्ञान वाले गुरूजी बोले इसका कारण है मेरे द्वारा कल दिया गया गृहकार्य। प्राचार्य ऐसा क्या दिया था आपने। तभी राजनीति विज्ञान के गुरूजी बोले सर क्यों ना आप भी आज कक्षा में बैठे और बच्चो द्वारा दिए जाने वाले उत्तरों को सुने। प्राचार्य ने अपने चश्में को ठीक किया और कुर्सी पर बैठ गए। सभी बच्चे बारी-बारी से उत्तर देते गए। तभी विज्ञान वाले गुरुजी ने बीच में एकदम अंतिम पंक्ति में बैठी लड़की से पूछा, तो लड़की पहले तो चुप रही,फिर बोली गुरुजी में तो भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ ना पाई। गुरुजी क्यों ? आखिर आप क्या कर रही थी। आपको पता है ना गृहकार्य सभी बच्चो को करना होता है। गुरुजी चलो बैठ जाओ,लड़की बैठती उससे पहले ही बोली, गुरुजी में विधालय से घर गई उस समय अम्मा बना रही थी आचार हमने भी उनकी थोड़ी बहुत मदद करवाई। तभी हमने अम्मा से पूछा, आखिर अम्मा तुम्हीं बताओ क्या है भ्रष्टाचार ? अम्मा पहले तो कुछ बड़बड़ाई फिर बोली भ्रष्टाचार वो आचार है जिसे हर कोई खाना चाहता है स्वाद अनुसार। ये छोटे से बड़े की थाली में परोसा जाता है,हर बार। किसी को पसंद है अमिया का तो किसी को नींबू का तो किसी को कैर ओर सभी को पसंद आता है मिश्रित आचार। बस इसी कारण हर गृहणी है लाचार । नही चाहती है देना इसे थाली में बार बार पर खाने वालों की फरमाईसे है हजार। ये सब बताते बताते अम्मा आचार की सभी बरनियो में सफेद कपड़े बाधने लगी। तो मैंने चुपके से खाना चाहा आचार। यह जानने के लिए की क्या अम्मा ने मसाले डाले है सारे स्वाद अनुसार, पर तभी अम्मा ने मेरा हाथ रोक लिया ओर बोली ना खाती हूं ना चुटकी तुझे खाने दूंगी। अरे अम्मा थोड़ा तो खाने तो आखिर क्या खास बना है,इसमें इस बार।

गुरुजी शायद यहीं है भ्रष्टाचार। ये सुनकर तीनो गुरुजी आपस में एक दूसरे की तरफ देखकर मुस्कराते रह गए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## यूरिक एसिड पर कंट्रोल करेंगे ये फ्रूट्स

**अभय सिंह**

**शरीर** में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं।

यूरिक एसिड रक्त में पाया जाने वाला एक रसायन है जो तब बनता है जब आपके शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ टूटता है। प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सूखे सेम और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शरीर में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया



जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं। रक्त में उच्च यूरिक एसिड स्तर से पीड़ित लोगों को सही और स्वस्थ खाद्य पदार्थ लेने में थोड़ी मुश्किल होती है, जिन्हें वे अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

बेरीः बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्बेरी में एंटीथोकायनिन नामक पदार्थ से बने एन्टीइनफ्लैमटरी गुण होते हैं। यह विशेष पदार्थ उच्च यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद और सहायक हैं। यह यूरिक एसिड को क्रिस्टलीकरण करने और जोड़ों में जमा होने से रोकता है जो बाद में संयुक्त दर्द को जन्म दे सकता है। साथ ही, इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो रक्त में यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है।

चेरीःशरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर से पीड़ित लोगों के लिए सही प्रकार के फलों को चुनना यूरिक एसिड के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह हमेशा सुझाव दिया जाता है कि शरीर में यूरिक एसिड के बढ़े स्तर से पीड़ित होने पर आहार में किसी भी खट्टे फल को शामिल न करें। चेरी खाने का एक और कारण है कि वे एसिड को बेअसर कर देते हैं और सूजन और दर्द को रोकने में मदद करते हैं।

सेबःअपने आहार में सेब को शामिल अवश्य करें। चूंकि सेब मैलिक एसिड से समृद्ध होते हैं इसलिए वे रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं। इससे उन रोगियों को राहत मिलती है जो उच्च यूरिक एसिड की स्थिति से पीड़ित हैं।

ककड़ी और गाजरः अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक है तो गाजर और खीरा स्वास्थ्य इसके लिए बहुत अच्छा माना गया है।

गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में अच्छा होता है। अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होते हैं।

### कॉर्टून वर्ल्ड

## अफगानिस्तान में औरत की जिंदगी



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉट काम

# सीएम के समीक्षा बैठक को लेकर उपायुक्त ने जिला के अधिकारियों के साथ की बैठक



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आगामी 16 जून को प्रोजेक्ट भवन, रांची में होनेवाले बैठक की तैयारी को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2022-23 में विभिन्न विभागों के द्वारा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा हुई जिसमें मनरेगा अंतर्गत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को मानव दिवस सृजन में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत तृतीय किश्त का भुगतान किये जाने का निदेश प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, किस्को को दिया गया।

पंचायती राज विभाग अंतर्गत पंचायत सचिवलय की स्वीकृति व अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का निदेश पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त द्वारा पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत समितियों के व्यय संबंधी प्रेक्षा की गई। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन में वितरण की गई राशि और वितरण के लिए बाकी बचे राशि के भुगतान संबंधी समीक्षा की गई और निष्पादन के निदेश दिये गये। साथ ही छात्रवृति और आवासीय विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत पेंशन वितरण की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य व उपलब्धि की समीक्षा की गई और बीएस कॉलेज, लोहरदगा में छूटे हुए लाभुकों को योजना से अच्छादन हेतु विशेष कैंप चलाये जाने का निदेश जिला समाज कल्याण को दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों से संबंधित अपने भवन में आंगनवाड़ी केंद्र, अन्य भवन में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, जर्जर भवन व उनकी मरम्मती से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।

विभाग अंतर्गत रिक्त पदों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना में जिला पशुपालन पदाधिकारी को बचे हुए लक्ष्य को भी हासिल किये जाने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी से मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में वितरण, योजना में छूटे किसानों का केवाईसी, केसीसी ऋण आदि की समीक्षा की गई और छूटे हुए केवाईसी को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। सहकारिता विभाग अंतर्गत बीज वितरण की समीक्षा की गई।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत छूटे हुए लाभुकों को जल जीवन मिशन अंतर्गत अच्छादित किये जाने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। डीएमएफटी अंतर्गत लंबित अधियोजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया। दाखिल खारिज के लंबित मामलों का निष्पादन किये जाने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। जाति/आय/आवासीय प्रमाण-पत्रों के लंबित मामलों का निष्पादन दो दिनों में पूर्ण किये जाने का निदेश भी दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल को वन टाईम सेटलमेंट मामलें में कैंप की संख्या बढ़ाकर लाभुकों को योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उराँव, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबधित विभागों के पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## एजेंडा के अनुरूप विभागवार समीक्षा हुई, अधिकारियों को लगी फटकार

### आगामी 5 दिनों में प्रगति सुधारकर अद्यतन प्रतिवेदित देने का निर्देश

**गुमला।** आगामी 16 जून को राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा विभागवार समीक्षा की जानी है। 16 जून को प्रोजेक्ट भवन सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा जिन विभागों की समीक्षा की जानी है उसमें ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जन जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खनन एवं भूतत्व विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जानी है। उक्त प्रस्तावित समीक्षा बैठक हेतु गुमला जिले की स्थिति को लेकर उपायुक्त ने अपने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों व अंचल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मनरेगा,जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं, आंगनवाड़ी, पेंशन वितरण, पशुधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण माफी, जल जीवन मिशन, दाखिल खारिज, जाति आवासीय प्रमाण पत्र, उत्कृष्ट विद्यालय आदि को लेकर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कुछ विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को धीमी प्रगति के कारण उपायुक्त ने फटकार भी लगाई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में कम प्रगति को लेकर कुछ प्रखंड विकास पदाधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी उपायुक्त ने असंतुष्टि तथा नाराजगी व्यक्त की। साथ ही स्पष्ट हिदायत दी कि 14 जून तक सभी कार्यालय प्रमुख अपने कामों की बेहतर प्रगति के साथ प्रतिवेदन उपस्थापित करेंगे। इस दौरान तमाम जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ साथ प्रखंडों के बीडीओ तथा सीओ मौजूद थे।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

## पावर ब्लॉक के कारण स्टील एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल अंतर्गत संतरागाछी स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के लिए पावर ब्लॉक के कारण रेलवे ने कई ट्रेनों का परिचालन रद किया है। कई ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। स्टील एक्सप्रेस समेत टाटानगर से हावड़ा जाने वाली कई ट्रेनों का परिचालन भी रद किया गया है।



### इन ट्रेनों को किया गया रद्द

18011/18013 हावड़ा-चक्रधरपुर/बोकारो स्टील सिटी एक्सप्रेस 12 जून 2023 को रद रहेगी।

12813/12814 हावड़ा-टाटानगर-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस 11 जून 2023 को रद रहेगी।

08695 बोकारो स्टील सिटी-रांची स्पेशल ट्रेन 12 जून को रद रहेगी।

### ट्रेनों का पुनर्निर्धारण

12860 हावड़ा-सीएसएमटी (मुंबई) गीतांजलि एक्सप्रेस 11 जून को हावड़ा से 14:05 बजे के बजाय 16:05 बजे छूटेगी

12810 हावड़ा-सीएसएमटी (मुंबई) मेल 11 जून को 19:50 बजे के बजाय और 12 जून को 00:20 बजे हावड़ा से छूटेगी

12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस 11 जून को 22:10 बजे के बजाय 12 जून को 01:10 बजे हावड़ा से छूटेगी

12245 हावड़ा-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु दुरंतो एक्सप्रेस 11 जून को 10:50 बजे के बजाय 15:50 बजे हावड़ा से खुलेगी

### ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन

18004 आद्रा-हावड़ा शिरोमणि एक्सप्रेस 11 जून को शुरू होने वाली यात्रा खड़गपुर में समाप्त होगी

18003 हावड़ा-आद्रा शिरोमणि एक्सप्रेस, जो 11 जून को शुरू होगी, खड़गपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी

### चक्रधरपुर रेल मंडल में भी पावर ब्लॉक

इसके अलावा चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत आसनबोनी और गोविंदपुर स्टेशनों के बीच प्रस्तावित सामान्य ऊंचाई वाले सबवे पर रिलीविंग गर्डर को लॉन्च करने के लिए ट्रैफिक-कम-पावर ब्लॉक के कारण कई ट्रेन रद किये गए हैं

### रद्द की गयीं ट्रेनें

8055/08056 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर मेमू स्पेशल 11 जून को रद रहेगी

08071/08072 खड़गपुर-तारानगर-खड़गपुर पैसेंजर स्पेशल 11 जून को रद रहेगी

08151/08152 टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर पैसेंजर स्पेशल 11 जून को रद रहेगी

08151/08152 टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर पैसेंजर स्पेशल 11 जून को रद रहेगी

### ट्रेनों का पुनर्निर्धारण

12872 टिटलागढ़-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 11जून को 05:15 बजे के बजाय 08:15 बजे टिटलागढ़ से छूटेगी

### ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन

08173 आसनसोल-टाटानगर पैसेंजर स्पेशल 11 जून को शुरू होने वाली यात्रा पुरुलिया में समाप्त होगी

08174 टाटानगर- आसनसोल पैसेंजर स्पेशल 11 जून को पुरुलिया से शुरू होगी

## स्पीड न्यूज

### खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिए कई निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इसमें बालू के अवैध उठाव/परिवहन से संबंधित हुई कार्रवाई, बालू का स्टॉक, छापेमारी संबंधी समीक्षा की गई और सहायक खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू के संबंध में छापेमारी करते रहें। साथ ही, मामलों एफआईआर आदि की कार्रवाई करें। संबंधित थानों से संपर्क कर कार्रवाई निरंतर जारी रखें।

### सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान की हुई मौत

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के कुजरा में सड़क दुर्घटना में सेना में कार्यरत जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अशोक साहू पिता छेदू साहू होंदगा निवासी के रूप में हुई। वर्तमान में कुजरा में रहते थे।अशोक साहू आर्मी के जवान थे जो वर्तमान में असम में पोस्टेड थे। कुछ दिन ही पूर्व घर छुट्टी लेके आए थे। शनिवार को दोपहर 2 बजे लोहरदगा आने के लिए बाइक लेकर घर से निकले थे इसी बीच कैमो महुवा टोली में चैतु उरांव के घर के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार टर्बो ट्रक ने चपेट में लिया। जिससे घटनास्थल में ही उनकी मौत हो गई। अपने पीछे वो पत्नी और 2 बच्चा छोड़ गए है। इस घटना से लोग काफी मर्माहत है।

### संपर्दंश से युवक की हालत गंभीर

**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के मरवई निवासी दया मुंडा का 22 वर्षीय पुत्र अजय मुंडा जहरीले सांप के काटने से जख्मी हो गया। जिसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का उपचार जारी है। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि घर के पास ही अजय मुंडा बैठा हुआ था। तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। जिसे आनन-फानन में बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां देर रात्रि चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवती ने सल्फास खाकर किया आत्महत्या

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र सकरौली गांव निवासी 21 वर्षीय पार्वती कुमारी ने शनिवार को सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को युवती ने सल्फास खाया तो उसकी तबीयत खराब होने लगी। जिसके बाद उसे परिजनों ने रेफरल अस्पताल सिसई में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। गुमला में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए युवती के पेट से जहर को बाहर निकाला। डॉक्टर ने बताया कि सल्फास बहुत ही जहरीला होता है और युवती सल्फास का सेवन कर ली है। इस स्थिति में सुधार नहीं होने पर रांची रिम्स रेफर किया जाएगा। लेकिन इलाज के क्रम में युवती का सदर अस्पताल में मौत हो गया। युवती ने परिजनों को सल्फास की जगह टेबलेट खाने की बात बतायी थी लेकिन अस्पताल में जब गंभीर स्थिति बनी तो चिकित्सकों के पूछने पर युवती ने सल्फास खाने की बात कही। जहां जांच के आधे घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

### लेख प्रतियोगिता का आयोजन

**गुमला।** विकास भारती गुमला के द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान के द्वारा शनिवार को गुमला प्रखंड के पनसो गांव में वर्तमान परिवेश में मोबाईल के उपयोग से लाभ व नुकसान पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें जन शिक्षण संस्थान के एपीओ विजय भगत, मोबिलाइजर दिनेश चौधरी, पनसो मुखिया प्रमिला उरांव शामिल हुई। मौके पर मुखिया ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते कहा मोबाइल एक अच्छा चीज है और खराब भी है। लेकिन आप लोग जैसे उपयोग कीजिएगा वैसा ही होगा तो हम लोग अच्छा उपयोग करें तो उसका परिणाम अच्छा आएगा। एपीओ विजय भगत मोबाइल का विस्तृत जानकारी दिये।

# सीयूईटी में नहीं भरा फॉर्म तो 12 कोर्सों में ले सकते हैं नामांकन, चांसलर पोर्ट पर मिलेगा दाखिला

### सीयूईटी से वंचित झारखंड के बच्चों को चांसलर पोर्ट पर मिलेगा दाखिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देशभर के विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर में नामांकन सीयूईटी द्वारा आयोजित परीक्षा के जरिए होना है। नयी शिक्षा लागू किये जाने के बाद से यह नियम इसी साल से शुरू हुआ है। ऐसे में झारखंड जैसे राज्य में जहां कई इलाकों में इन चीजों को लेकर जागरूकता कम है, वहां के बच्चे



न तो सीयूईटी में अपना पंजीयन करा पाए हैं और न ही परीक्षा दे रहे हैं। ऐसे कई बच्चों के मन में अब यह सवाल बना हुआ है कि क्या उनका नामांकन विश्वविद्यालय में होगा या नहीं? ऐसे बच्चों के लिए एक खुशखबरी है। डॉ श्यामा प्रसाद के कई वोकेशनल कोर्स ऐसे हैं, जहां बिना सीयूईटी के वह अपना दाखिला ले सकेंगे।

### चांसलर पोर्टल के माध्यम से लें एडमिशन

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में स्नातक में वोकेशनल कोर्स में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में बच्चों को कई कोर्स में नामांकन लेने कया अवसर मिलेगा। साथ ही बता दें कि यह पूरी प्रक्रिया चांसलर पोर्टल के माध्यम से होगा। हालांकि, जनरल कोर्स में भी ऐसा कहा जा रहा है कि इस बार नामांकन हाइब्रिड मोड पर किया जाएगा। ऐसे में उम्मीद है कि रांची यूनिवर्सिटी और डीएसपीएमयू में जो विद्यार्थी सीयूईटी का फॉर्म नहीं भरा है उन्हें भी नामांकन मिलेगी।

### इन कोर्सों में भी होगा नामांकन

स्नातक स्तर पर कंप्यूटर एप्लीकेशन, बीबीए, बीएससी आइटी, जर्नलिज्म एंड मास कॉम, बीएससी इलेक्ट्रॉनिक्स, बीएससी इन माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी इन इनवायरनमेंटल साइंस, फिल्म मेकिंग, म्यूजिक, विजुअल आर्ट्स, नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी और यौगिक साइंस जैसे विशेष शामिल हैं।

### स्नातक के विषय और सीटें

कंप्यूटर एप्लीकेशन में 220, बीबीए में 220, आइटी में 220, ईएलएल में 150, जर्नलिज्म में 100, इलेक्ट्रॉनिक्स में 80, इनवायरनमेंटल साइंस में 60, फिल्म मेकिंग में 100, म्यूजिक में 40, विजुअल आर्ट में 40, नैनो साइंस में 40, यौगिक साइंस में 60 सीटें उफलब्ध हैं।

**स्नातकोत्तर में वोकेशनल कोर्स और सीटें :** एमसीए में 140 सीटें, एमबीए में 60, रूरल डेवलपमेंट में 60, एमएससी आइटी में 40 और पब्लिक एडमिस्ट्रेशन में 60 सीटें उपलब्ध है।

## एक नजर में

### मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत हुआ तीन केसों का निष्पादन

**लोहरदगा।** झालसा रांची के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में 29 मई से 14 जून तक चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत 8 एवं 9 जून को कुल 3 केसों का निष्पादन किया गया। जिसमे 8 जून, 2023 को मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत एक सिविल वाद का निष्पादन किया गया। जिसमें वादी प्रथम पक्ष सालू उरांव एवं दूसरे पक्ष हकीमुद्दीन अंसारी के बीच मध्यस्थ के माध्यम से आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। वही 9 जून को भी दो क्रिमिनल केस का निष्पादन किया गया जिसमें सेनहा थाना कांड संख्या 92/22 जो बिजली विवाद को लेकर हुए मारपीट से संबंधित था का निष्पादन रुखसार बीवी एवं गुलाम अंसारी के बीच आपसी समझौता कर किया गया । जिसके फलस्वरूप सेन्हा थाना कांड संख्या 67/2020 का भी न्यायालय स्तर पर सुलह के आधार पर निस्तारित करने का निर्णय लिया गया । उपरोक्त तथ्यों की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि उपर्युक्त तीनों केस सिविल जज सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण के कोर्ट से संबंधित हैं । डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दिया कि मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत सिविल कोर्ट परिसर में एक स्थाई बेंच का गठन किया गया है जिसमें अब तक 500 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा है एवं मन का मिलन पखवाड़े तथा विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में जानकारी ली है। जिसका विस्तृत विवरण प्रतिनियुक्त पीएलवी मन का मिलन पखवाड़े संबंधित रजिस्टर में संकलित करते हैं।

### बाल विवाह एक दंडनीय अधराध है: सुमन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के जयपुर गांव में लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्था, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं फिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्था के सुमन कुमार टोप्पो ने कहा कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है। शादी के लिए लड़के की उम्र 21 वर्ष वहीं लड़कियों की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं बाल विवाह करने पर पकड़े जाने पर 2 साल की सजा और एक लाख रुपए का जुमार्ना या फिर दोनों हो सकता है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मनरेगा, समाजिक सुरक्षा पेंशन ,राशन कार्ड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य लालू केरकेट्टा, ग्राम प्रधान मिल्कियोर बेक सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### जेसीबी से टकराकर बाईक सवार युवक की मौत, गला आधा कटा

**गुमला।** रांची- गुमला नेशनल हाईवे में राधिका ढाबा डाडहा के समीप शुक्रवार की शाम आरकेडी कम्पनी के जेसीबी व बाइक की टक्कर में पालकोट रोड गुमला निवासी गिरवर सिंह का 23 वर्षीय पुत्र शिवम सिंह की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक का गला आधे से अधिक कट गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल व थानेदार दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं जेसीबी व बाइक को जब्त कर थाने ले आयी। प्राप्त जनकारी के अनुसार राधिका ढाबा से खाना खाकर ऑपरेटर डी 33 एक्स 9565 जेसीबी को बैक करते हुए तीव्र गति से नेशनल हाईवे में चढ़ा रहा था। इसी दौरान भरनो की ओर से आ रहे शिवम सिंह जेसीबी के पिछले हिस्से से टकरा गया। टक्कर के बाद भी जेसीबी कुछ दूर चलता रहा। जिससे डोजर के हल में फंसकर शिवम का आधा गला काट गया और उसकी घटना स्थल में ही मौत हो गई। उसका हेलमेट भी सिर से निकल का दूर फेंका गया। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## नदियों से अवैध बालू उठाव बंद कराने की मांग



अंचल कार्यालय में ज्ञापन सौंपते कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न घाटों से लगातार हो रही अवैध बालू खनन व परिचालन पर रोक लगाने को लेकर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी ने अपने सहयोगियों के साथ सीओ को आवेदन सौंपा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के ओल्मुण्डा, संबल, बाकुटोली, नागफेनी, मकुन्दा, पारस नदी, जलका, लरंगो, सहिजाना पुसो, मुर्गू, कुलंकेरी, लकेया, चैली टोली व सिसई बांस टोली नदी से प्रतिदिन लगभग 200 हाईवा गाड़ी बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। बालू शाम पांच बजे से लेकर रात के तीन बजे तक ढुलाई कर रांची भेजा जा रहा है। यह बालू रांची में ऊंचे कीमत पर बेची जा रही है। जिसे सरकार को लाखों रुपए राजस्व का चुना लग रहा है। अवैध बालू उत्खनन व बिक्री से क्षेत्र की नदियों का पानी सुख चुका है। भूमिगत जलस्तर लगातार नीचे जा रही है। नदियों में बालू के जगह अब घास व झाड़ियां निकलने लगी हैं। एक ओर जहां आम लोगों को अपने जरुरत के लिए बालू नहीं मिलता, सरकारी योजनाओं में बालू उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र का विकास रुका हुआ है। भारी मात्रा में अवैध बालू खनन से क्षेत्र की जनता, किसानों व मवेशियों को उपयोग के लिए पानी की भारी किल्लत होने लगी है।

## गर्मी बढ़ने से देसी फ्रिज की मांग बढ़ी

### आयुर्वेद चिकित्सकों के अनुसार लाभकारी है मटका का पानी

संदीप गुप्ता

**भंडरा।** धीरे-धीरे गर्मी का मौसम चरम पर पहुंच रहा है। गर्मी बढ़ने से देसी फ्रिज यानी घड़ों की डिमांड भी बढ़ने लगी है। इस देसी फ्रिज की मांग गांव देहात से लेकर शहरों में भी बहुत है। यह मटका जहां पानी को ठंडा रखता है, वहीं बीमारियों को दूर करने में भी सहायक होता है। कचमची के रहने वाले शिव प्रजापति का कहना है कि वह पिछले करीब 22 वर्षो से मटके बेचने का काम करते आ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले मटकों का आकार कुछ और ही होता था, लेकिन समय के साथ अब मटकों में एक नल भी लगाया गया है। उसके माध्यम से लोग बिना मटके में हाथ डाले ही पानी को नल के जरिए गिलास में भरकर पी सकते हैं। गौर हो कि स्वास्थ्य के मद्देनजर घड़े का पानी काफी लाभदायक है। वैसे तो पानी जीवन का आधार है, लेकिन यदि पानी मटके का हो तो उसके गुण कई गुणा बढ़ जाते हैं। घड़े का पानी पीने से कई रोगों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने कहा कि फ्रिज का पानी गले के लिए हानिकारक होता है और कहीं न कहीं लीवर पर भी इफेक्ट करता है। वहीं मिट्टी के घड़े में रखा पानी एक तो कुदरती तौर पर शुद्ध होता है, दूसरा मटके के अंदर की सतह पानी के दूषित कणों को सोख लेती है। घड़े का पानी कम से कम दो दिन तक ताजा रहता है।



घड़ा की खरीददारी करते लोग

**समय के साथ बदला घड़े का आकार :** शिव प्रजापति ने बताया कि समय के साथ-साथ घड़े का आकार भी बदल गया है। पहले जहां केवल खुले मुंह वाला घड़ा होता था, जिसे उल्टा करके पानी निकाला जाता था। मगर, अब कई प्रकार के घड़े बाजार में मिल रहे हैं जैसे कि घड़े को भी टूटी लगा दी गई है। इसे उल्टा करने की जरुरत नहीं पड़ती। घड़े अलग-अलग साइज के मिलने लगे हैं। उनके पास पांच लीटर से लेकर 30 लीटर तक घड़े मिल जाते हैं।

**विभिन्न बाजार मे बेच रहे 20 से 25 मटके :** शिव प्रजापति ने बताया कि गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसके साथ ही मटकों की मांग भी बढ़ने लगी है। उन्होंने बताया कि भंडरा चट्टी आदि बाजारों मे वे 20 से 25 मटके बेच रहे हैं। छोटा मटका 80 रुपये और बड़ा मटका 150 के करीब बेच रहे हैं। पहले केवल गरीब लोगों तक ही मिट्टी का मटका सीमित होकर रह गया था। वहीं अब अमीरों की रसोई की भी शान बन गया है।

**घड़े के पानी से खराब नहीं होता गला :** आयुर्वेद चिकित्सकों का कहना है कि मिट्टी के घड़े से पानी पीने से गला खराब नही होता है। पेट की बीमारी नहीं लगती, बाडी का तापमान संतुलित रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि घड़े का पानी पीने से कभी भी लू नहीं लगती है।

### नियोजन नीति 60-40 के विरोध में छात्र समन्वय समिति सड़क पर, पूरे राज्य में दो दिवसीय चक्का जाम

# ढोल-नगाड़ा के साथ छात्र सड़क जाम कर सरकार विरोधी नारे लगाये

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नियोजन नीति 60-4 के विरोध में छात्र संगठनों का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। चरण बद्ध आंदोलन के तहत झारखंड में 10 और 11 जून को चक्का जाम की घोषणा की गई थी। छात्रों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पारंपरिक ढोल-नगाड़ा के साथ सड़क पर उतर सखुआ का पत्ता घुमा आदिवासी परंपरा के अनुसार आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग को लेकर लोगों को आमंत्रित करते दिखे। बंद का असर दुमका में साफ देखने को


जाम को सफल बनाने सड़क पर उतरे बंद समर्थक छात्र एवं वाहनों की लगी लंबी कतारें

मिल रहा है। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति के बैनर तले काफी संख्या में छात्र सुबह से ही सड़कों पर उतर कर आवागमन पूरी तरह ठप्प कर दिया है। छात्रों की टोली शहर के फूलो झानो चौक, दुधानी टावर चौक, अम्बेडकर चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहे को जाम कर दिया है। जाम स्थल पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। 60-40 नियोजन नीति को लेकर 48 घंटे के बंद का असर बाजार पर भी पड़ा है। शहर की दुकाने भी बंद रही है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पूरी तरह वीरान दिखी। छात्र समन्वय समिति का कहना है कि चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी सरकार की तरफ से अब तक नियोजन नीति को लेकर पहल नहीं कि गयी है। आने वाले समय में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबन्दी होगी। इस विषय पर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक चुप है। आने वाले समय में यहां के युवा सभी 81 विधायको को उनके क्षेत्र से भगाने का काम करेगी। बंदी से निपटने के लिए प्रशासनिक स्तर से तैयारी भी पुख्ता दिखी। जगह-जगह सुरक्षा बलों के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। छात्रों के बंद को पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा समेत अन्य संगठनों का समर्थन रहा। बंद समर्थकों में ठाकुर हांसदा, बाबूराम सोरेन, कार्नेलियस किस्कू, हरेंद्र हेम्ब्रम, सोनीलाल हेम्ब्रम, आशाजित हेम्ब्रम, एजेस्टेन हेम्ब्रम, राजदीप हेम्ब्रम, मुकेश सोरेन, मनुवेल मरांडी, लक्ष्मण टुडू, सुलेमान मरांडी, लाखन किस्कू, राजू सोरेन आदि मौजूद थे।

## नीतीश के कारण हजारों कुर्मी युवा आरक्षण पाने से वंचित: मोदी



**पटना (हि.स.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार के कारण कुर्मी जाति के हजारों सरकारी कर्मचारियों के बच्चे पात्रता होने के बावजूद आरक्षण पाने से वंचित रह गए। सुशील मोदी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि राज्य सरकार ने कुर्मी युवाओं को जाति प्रमाणपत्र देने और क्रीमी लेयर संबंधी सर्टिफिकेट जारी करने जैसे गंभीर मामलों में मनमानी की, जिसका खामियाजा कई पीढियों को भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार कुर्मी जाति का नहीं, कुर्मी (महतो) छोटानागपुर के ओबीसी का जाति प्रमाणपत्र जारी करती है। यह बिल्कुल असंवैधानिक है। मोदी ने कहा कि ओबीसी में क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय इस वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के साथ उनकी कृषि आय को नहीं जोड़ने का नियम है लेकिन इस नियम की धज्जी उड़ा कर हजारों युवाओं को क्रीमी लेयर में दिखाया गया। इस तरह भी हजारों युवाओं का आरक्षण पाने का अधिकार छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ बैठक में बिहार सरकार के अधिकारियों ने कुर्मी जाति और क्रीमी लेयर मामले में गलती स्वीकार की लेकिन अभी तक इसमें सुधार नहीं किया गया है।

### स्पीड न्यूज

#### महिला समेत दो की मौत

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो की मौत हो गई। लेकिन शिकारीपाड़ा पुलिस मृतकों के शव को जप्त करने में असफल रही। पहली घटना थाना क्षेत्र के दलदली गांव में घटी। दलदली गांव की 65 वर्षीय लुखी मुर्मू, पति स्व लाल हंसदा की लटकती हुई शव दलदली पत्थर खदान के नजदीक एक वृक्ष से देखी गई। जिसकी सूचना शिकारीपाड़ा पुलिस को मिली। थाना से एएसआई करमा उरांव पुलिस बल के साथ शव को कब्जे में लेने पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण वह बैरंग वापस लौटना पड़ा। दूसरी घटना चित्रागड़िया कौवा महल सीमा पर स्थित शिव बालक कि बंद पत्थर खदान मे चित्रागड़िया गांव निवासी 14 वर्षीय मुबारक अंसारी की मौत डूबने से हो गई। सूचना पर एएसआई परवेज आलम घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेने पहुंचे। लेकिन शव के बगैर ही बैरंग वापस लौट आए। परवेज आलम ने बताया कि मृत युवक की मां एवं पंचायत के मुखिया द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिए जाने के कारण शव को नहीं लाया जा सका।

#### संदिग्ध खाद्यान्न गोदाम सील, मिले कई राज्यों के फूड सप्लाई डिपार्टमेंट के बोर्ड

**बेगूसराय।** बखरी में अवैध गल्ला भंडारण की शिकायत पर शनिवार को एसडीओ ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीओ के नेतृत्व में सलौना-चकहमीद सड़क किनारे स्थित गल्ला गोदाम को सील किया गया है। एसडीओ सन्नी कुमार ने बताया कि अलग-अलग जगहों से खाद्यान्न लाकर स्टोर करने की शिकायत मिली थी। जांच करने पहुंचे तो शटर बाहर से बंद और अंदर एक्टिविटी हो रही थी। शटर उठाने पर अंदर मौजूद लोग भाग गए। प्रारंभिक जांच में इसका कोई जीएसटी नंबर नहीं मिला है, ना ही कोई कागज या नेमप्लेट अंकित था। जांच में अलग-अलग राज्यों पंजाब, महाराष्ट्र सरकार के फूड सप्लाई डिपार्टमेंट के बोर्ड पाए गए हैं। दुकान को सील कर दिया गया है। अंदर चावल, गेहूं, मकई तथा सरसों पाया गया है। दुकानदार द्वारा कागजात उपलब्ध नहीं कराने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### मुख्य सचिव ने राजस्व एवं भूमि सुधार मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा बैठक

**सहरसा।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम अंतर्गत राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित मामले की समीक्षा शनिवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला पदाधिकारी के साथ मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में की गई। जिसमें अतिक्रमणवाद, भू-मापी, जमाबंदी, बासगीत पर्चा के संबंध में भी समीक्षा की गयी। सभी जिला पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लोक शिकातय के अंतर्गत प्राप्त हो रहे भू-राजस्व से संबंधित परिवाद का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु सभी अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं इससे संबंधित कर्मचारियों एवं अमीनों को निष्पादन हेतु निदेशित करेंगे। अगर इनके द्वारा प्रतिवेदन भेजने में शिथिलता बरती जाती है तो लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत नियमानुसार कारवाई करेंगे। मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि लोक शिकायत से संबंधित मामलों में अगर कोई भी लोक प्राधिकार सुनवाई में उपस्थित नहीं होता है ।

# दीक्षा हमारा संस्कार, हम सांप को भी दूध पिलाते हैं : राजनाथ

### अमृत काल समाप्त होते ही भारत विकसित देश के रूप में खड़ा होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना/डेहरी ऑन सोन(हि.स.)।** दीक्षा हमारा संस्कार है। शिक्षा से ज्ञान प्राप्त होता है। हम सांप को भी दूध पिलाते हैं। जिले के जम्हार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शनिवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा देश सेकुलर है। मैं भी मानता हूं। मंदिर और मस्जिद जाना धर्म नहीं है। ब्रह्मांड में जड़ चेतन के अस्तित्व को सुरक्षित परिपालन की गारंटी संवर्धन को हम धर्म कहते हैं। दुनिया भर में सर्प को दूध नहीं मिलता लेकिन हम नाग पंचमी के दिन सर्प को दूध पिलाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सात आठ साल पहले स्टार्टअप की संख्या 500 के करीब थी। आज 9,5000 तक पहुंच गई है। उनका कारोबार एक बिलियन डॉलर से भी ज्यादा पहुंच गया है।




यह देश के लिए शुभ संकेत है, जो नई-नई तकनीकी दे रहे हैं। इनमें 100 यूनिकॉर्न कंपनियां भी शामिल हैं। इनमें देश को और नई ऊंचाई पर ले जाने की क्षमता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का अमृत काल समाप्त होते ही भारत विकसित देश के रूप में खड़ा होगा। 2014 में देश की अर्थव्यवस्था दसवें पायदान पर थी। आज इस दुनिया में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत खड़ा है। 2027 तक तीन अर्थव्यवस्था वाले देश में भारत शामिल होगा। उन्होंने युवाओं को कहा कि यह मत भूलना आज जो भी तुम हो अपने माता पिता और गुरु की बदौलत हो।उन्होंने अटल बिहारी बाजपेयी को याद करते कहा कि उनकी एक युक्ति आज भी प्रासंगिक है। छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि छोटे मन के व्यक्ति को परमानंद की अनुभूति नहीं होती। जितना मन को बड़ा रखोगे उतना ही सुख और आनंद मिलेगा। विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि समाज व देश के लिए शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है। बिहार के लोग प्रतिवर्ष देश के विभिन्न राज्यों में अध्ययन के लिए जाते हैं। हम आईएस भी बने और मजदूर भी बने हैं। बिहार कभी शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल था। आज हम दूसरे प्रदेशों में शिक्षा के लिए जा रहे हैं।अनुमंण्डल स्तर पर मेडिकल की पढ़ाई शुरू की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए चिंतन करने व राज्य को उन्नति की ओर ले जाने का आह्वान किया। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री ही नहीं शिक्षाविद भी हैं। देश हित में इन्होंने अपने सहयोगियों को बढ़ाया। प्रोफेसर से रक्षा मंत्री तक की यात्रा में इन्होंने बराबर राष्ट्र हित में कार्य किया। समाज के शिक्षित व स्वरोजगार के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति यह विश्वविद्यालय समर्पित है। कुलपति डॉ महेंद्र प्रसाद सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी की मौजूदगी में उपाधि प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया।

# पहली पत्नी के प्रेमी ने घर में घुसकर पति पर किया फरसा से वार

### इलाज कराने अस्पताल पहुंची पत्नी को जान से मारने का प्रयास, गार्ड ने टांगी छीनकर आरोपी को पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पहली पत्नी के प्रेमी ने घर में घुसकर रोहित दास की हत्या करने के नियत से फरसा से प्रहार कर घायल कर दिया। पत्नी कुसुमी देवी पति को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल आई तो आरोपी ने उसकी पहले पिटाई की और फिर टांगी से हमला करने का प्रयास किया। गार्ड ने आरोपी राहुल को पकड़कर पीटा। पकड़ में आने के बाद वह टांगी छोड़कर भाग निकलने में कामायाब रहा। वहीं रोहित को बचाने का प्रयास में उसकी मां सुनीता देवी को भी राहुल


घायल रोहित दास

ने फरसा मार घायल कर दिया। घटना नगर थाना के शिवपहाड़ गांधी नगर में शनिवार की शाम करीब तीन बजे की है। हमले की सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंच पीड़ित परिवार को ही डांटने के बाद बिना जांच के ही लौट गई। घायल रोहित और राहुल की मां का अस्पताल में इलाजरत है।

**क्या है पूरा मामला :** टोटो चालक रोहित दास की पहली पत्नी निशा देवी पड़ोस में रहने वाले राहुल दास के साथ रहने लगी। मामला थाना पहुंचा तो पति रोहित को ही तलाक कराने की बात कहकर मामले को दोनों के परिजनों पर छोड़ दिया। एक साल पहले रोहित ने कुसुमी देवी नामक महिला से शादी कर ली। विवाह के बाद दोनों परिवार में मनमुटाव और बढ़ गया। शनिवार को रोहित दास गोडडा में रहने वाली भांजी की शादी में शामिल होने के लिए तैयार हो रहा था। तभी राहुल दास, बजरंगी, मिलन, फुनका, शंकर और उमेश घर में घुस रोहित के सिर पर फरसा और कमर में भुजाली मारकर घायल कर दिया। पत्नी किसी तरह से भाग जान बचाने में सफल रही। हमला करते समय राहुल की मां सुनीता देवी ने बीच बचाव का प्रयास किया तो राहुल ने उसके हाथ पर भी फरसा से हमला कर भाग खड़ा हुआ। रोहित का कहना है कि पहली पत्नी निशा के कहने पर हमला किया गया है। दूसरी शादी करने के बाद वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रही थी।

**गार्ड नहीं आता तो अस्पताल में हो जाता मर्डर :** रोहित पर हमला करने वाला राहुल पहले भी चाकूबाजी में जेल जा चुका है। शनिवार को हमले के बाद कुसुमी देवी पति को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आई तो पीछा करते हुए राहुल और मिलन अस्पताल पहुंच गया। उसने पहले कुसुमी को डंडा से पीटा और फिर टांगी से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर गार्ड शिव शंकर दत्ता मौके पर पहुंचा और राहुल को पकड़कर पहले मुक्का से मारा और हथियार छीन लिया।

## वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पर हो कार्रवाई : उपायुक्त

**दुमका।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय कार्यालय में शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने किया। बैठक उपायुक्त ने जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट नहीं पहनने, गाड़ी के कागजात समेत शराब पीकर गाड़ी चलाने की भी जांच करने एवं कार्रवाई करने एवं ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित दिया गया कि भारतीय मानक आईएस 4151:2015 के अनुसार निर्मित हेलमेट के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के हेलमेट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## हब्बा डब्बा जुआ रोकने गयी पुलिस पर ग्रामीणों ने किया पथराव, तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल अंतर्गत बंदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कारिका में बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित मेले में शुक्रवार की देर रात बंदगांव पुलिस के जुआ बंद कराने के प्रयास पर ग्रामीणों के साथ हुई झड़प के बाद स्थिति बिगड़ गई, इस क्रम में एक जवान का सर फट गया जबकि अन्य दो को मामूली चोटें आईं। विधि व्यवस्था संधारण हेतु एवं अवैध रूप से हो रहे हब्बा-डब्बा जुआ को रोकने के लिए बंदगांव पुलिस शुक्रवार की देर शाम ग्राम कारिका गई थी। इसका मेले में उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया व पुलिस पर पत्थरों एवं डंडों से हमला कर दिया। ग्रामीणों से स्वयं को घिरा देखकर पुलिस को अपने बचाव के लिए फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस ने अपने बचाव में पांच राउंड फायरिंग की। इस फायरिंग में किसी ग्रामीण के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस घटना के बाद मेला में भगदड़ मच गई। बताते चलें कि सुबह में भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा भी उपस्थित थे। रात्रि में शहादत दिवस के मौके पर छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन हो रहा था। जहां कि हब्बा डब्बा भी चल रहा था। इसी कार्यक्रम में रात में पुलिस के साथ घटना घटी। यह क्षेत्र घोर नक्सली क्षेत्र है। यहां ऐसी घटना होना पुलिस के लिए जांच का विषय है। घटना बंदगांव थाना क्षेत्र की है। पुलिस ग्रामीणों से इस घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# बिहार सरकार युवाओं को दे रही 60 साल की नौकरी

### जदयू ने कहा-अग्निवीर के नाम पर फजीर्वाड़ा कर रहा केंद्र, सेना में 1.22 लाख पद खाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में 60 बनाम 4 साल की पॉलिटिक्स चल रही है। केन्द्र सरकार की तरफ से अग्निवीर बहाली और बिहार पुलिस भर्ती को लेकर सियासी बयानबाजी जारी है। जदयू की तरफ से आरोप लगाया गया है कि मोदी सरकार युवाओं को चार साल की नौकरी दे रही है, लेकिन बिहार के युवाओं में खुशी का माहौल है। यहां सरकार युवाकों को सरकारी सुविधाओं के साथ 60 साल तक के लिए नौकरी दी जा रही है। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा और प्रदेश महिला प्रवक्ता अनुप्रिया ने बीजेपी पर



नौकरी के नाम पर फजीर्वाड़ा का आरोप लगाया। दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि देश की रक्षा में लगे अग्निवीरों को बीजेपी की सरकार महज चार साल की नौकरी देती है, वहीं बिहार में नागरिकों की सुरक्षा में लगे बिहार पुलिस के जवानों को राज्य सरकार 60 साल की पूरी नौकरी देती है। उन्हें सम्मानित नौकरी के साथ साथ एक तय वेतनमान भी दिया जाता है। पार्टी के दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि चार साल की नौकरी के बाद भारत की सीमा की रक्षा करने वाले अग्निवीरों में से कुछ को छोड़कर बाकियों को दोबारा बेरोजगारी की दलदल में धकेल दिया जाता है जबकि दूसरी तरफ बिहार सरकार पूरे 60 साल तक बिहार के युवाओं को सम्मानपूर्वक और पूरी सुविधाओं के साथ नौकरी का मौका देती है। इस दौरान जदयू प्रवक्ताओं की तरफ से केंद्र सरकार से सवाल पूछा कि आंकड़ों के मुताबिक सेना में अभी भी 1 लाख 22 हजार से ज्यादा पद खाली हैं वहीं सेना में अधिकारियों के करीब 9,362 पद अधिकारियों के खाली हैं। ऐसे में केंद्र सरकार इन खाली पदों पर बहाली प्रक्रिया क्यों नहीं कर रही है? इसके साथ ही जदयू की तरफ से कहा गया कि क्या ये सही नहीं है कि केंद्र सरकार अग्निवीर जैसी योजना को नौकरी के नाम पर युवाओं को दिग्भ्रमित करने के लिए लेकर आई है। जदयू ने कहा कि बिहार में पुलिस बलों में कई राज्यों से ज्यादा महिलाओं की बहाली हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार पहला राज्य है जहां अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए अलग से पुलिस बल का गठन किया गया है।

### एक नजर में

#### वादा के रजौली चेक पोस्ट पर 18 शराबी गिरफ्तार

**नवादा।** बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित चितरकोली पंचायत अंतर्गत समेकित जांच चौकी पर शनिवार को विभिन्न बसों से 18 शराबी को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्पाद विभाग की टीम रजौली चेक-पोस्ट पर झारखंड की ओर से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी बीच विभिन्न बसों को जांच के लिए रोका गया। जिसमें 18 शराबी को नशे के हालत में पाया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच के दौरान उत्पाद विभाग के एसआई सनी और एएसआई विनोद कुमार और अजित कुमार सहित कई उत्पाद कर्मी मौजूद थे। वहीं रजौली थाना क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय के समीप गोविंदपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर निवासी ब्रह्मदेव प्रसाद के पुत्र रघुनंदन प्रसाद को शराब पी कर हंगामा करने के आरोप में गस्ती में रहे एसआई जवेरियस लकड़ा ने गिरफ्तार कर अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करा कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

#### भाजपा भारतीय मूल्यों, आदर्शों के प्रति समर्पित आमजन और कार्यकताओं की पार्टी : स्वतंत्र देव

**बगहा।** उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एक दिवसीय दौरे पर वाल्मीकिनगर के विधानसभा क्षेत्र के वाल्मीकिनगर शुक्रवार की देर शाम पहुंचे। शनिवार को प्रेसवार्त में उन्होंने कहा कि भाजपा भारतीय मूल्यों, आदर्शों के प्रति समर्पित आमजन और कार्यकताओं की पार्टी है।आमजन के हित के लिए किये गए कार्यों का श्रेय भी पार्टी को मिलना चाहिए। मंत्री सिंह ने कहा कि इसके लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा सभी सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि नौ साल में किये गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाय। प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल के कार्यकाल की धमक पूरा विश्व देख रहा है।आज हालात यह है, कि अब संकट के समय दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहें से देखती है। इससे पहले मंत्री सिंह ने वाल्मीकि नगर के लक्ष्मीपुर,रमपुरवा पंचायत के मुखिया मालती देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह के गांव पहुंचकर उनके आवास पर महा संपर्क अभियान के तहत जन-जन लोगों के बीच जाकर मुलाकात की ।

#### रेलवे क्वार्टर में संदिग्ध परिस्थिति में मिला रेल कर्मचारी की पत्नी का शव

**किशनगंज।** रेल थाना क्षेत्र के मंगुरजान स्थित रेलवे क्वार्टर में एक रेलवे कर्मी की पत्नी (18 वर्ष) का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला। सूचना मिलने पर रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया गया। मामले में रेल थाना की पुलिस ने मृतका के पति भैरव कुमार को हिरासत में लिया। रेल थाना पुलिस मृतका के पति को हिरासत में लेकर किशनगंज रेल थाना पहुंची है। मृतका के पति भैरव कुमार मंगुरजान स्टेशन में ट्रैकमैन के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि मृतका के पति शुक्रवार की देर शाम को ड्यूटी से अपने क्वार्टर वापस पहुंचे तो रूम का दरवाजा अंदर से बंद मिला। कमरे में एक छिद्र से अंदर देखा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद मृतका का पति किसी तरह कमरे के अंदर पहुंचा और पत्नी को फांसी के फंदे में झूलता हुआ देख नीचे उतारा। तब तक पत्नी की जान जा चुकी थी। घटना बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार भैरव कुमार की शादी सात माह पूर्व नवंबर माह में हुई थी। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। रेल थाना की पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। रेल पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य भी कलक्ट किया है। शनिवार को रेल थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि रेलवे कर्मी की पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।


#### नशे में धुत बाइक सवार ने तीन भाई बहनों को रौंदा,दो की हालत नाजुक

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र में रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां शनिवार को थाना क्षेत्र के पोठिया पंचायत स्थित सिरसिया-पूर्वा मुख्य सड़क मार्ग परनशे में धूत बाइक सवार युवक ने मूंगफली तोड़ने खेत जा रहे तीन भाई-बहनों को रौंद डाला। जिससे तीनों बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना पर परिजनों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायल बच्चों को इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां एक भाई व एक बहन की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे बाइक सवार को ग्रामीणों ने धर दबोचा।वह शराब के नशे में धुत था।अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराने आये बच्चों में सात वषीर्या आशियाना खातून,11वषीर्या आशिया और 13 वर्षीय अरमान शामिल है। तीनों बच्चे पोठिया पंचायत के वार्ड संख्या 5 निवासी मो.जुबेर के पुत्र-पुत्री है। घटना की सूचना पर भाजपा नेता व पूर्व जिप सदस्य दिलीप पटेल सहित अन्य ग्रामीण अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त कर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। घटना के संबंध में पीड़ित बच्चों के पिता मो जुबेर आलम ने बताया की शनिवार की सुबह उनके एक पुत्र व दो पुत्री खेत में मूंगफली उखाड़ने जा रहे थे, इसी क्रम में नशे में धूत एक युवक तेज गति से आ रहा था।

#### पताही के आदर्श बने गोरखा रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट

**पूर्वी चंपारण।** जिले पताही प्रखंड क्षेत्र के बलुआ जुल्फेकाराबाद पंचायत के महमादा गांव निवासी शिक्षिका नीलम सिंह एवं शशिकांत सिंह के पुत्र आदर्श चंदेल ने इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून से प्रशिक्षण के बाद शनिवार को गोरखा रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट का पद संभाला है। पोस्टिंग के बाद इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून में लेफ्टिनेंट आदर्श के कंधे पर स्टार उनके माता नीलम देवी एवं पिता शशिकांत सिह द्वारा लगाया गया।आदर्श चंदेल ने वर्ग 6 से 12 तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल कपूरथला पंजाब से किया है ।स्नातक की पढ़ाई बीएचयू बनारस से किया ।जिसके बाद यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा वर्ष 2021 में पास कर वे इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून में प्रशिक्षण के लिए चले गए।

## लम्बे घने और चमकदार बाल पाने का नेचुरल तरीका



`लेकिन अच्छे बाल रखने का सपना अवश्य साकार हो सकता है और इसके लिए आपको सही जानकारी चाहिए साथ ही उसे अपनाने का जज्बा होना चाहिए` यहां पर कुछ ऐसी टिप्स और तरीके बताए जा रहे हैं जो आपके बालों को नेचुरल तरीके से बढाएगा और साथ ही खूबसूरत भी बनाएगा`

अपने बालों को हमेशा और रेगुलर इंटरवेल पर ट्रिम कराते रहना चाहिए` बालों के डेड किनार उनके सबसे बड़े दुश्मन होते हैं`

**यदि** आप चाहें तो लंबे, चमकदार और हेल्दी बाल बड़ी आसानी से पाए जा सकते हैं` लेकिन इसके लिए आपको अपने बालों की थोड़ी केयर करनी होगी और नीचे दिए गए नेचुरल हेयर केयर टिप्स को अपनाना होगा। हर महिला की यह चाहत होती है, कि उसके बाल लंबे, घने, मजबूत, चमकदार और सुंदर हो` बालों को मेंटेन रखना और इन्हें अच्छी तरह से रखना एक चैलेंज होता है और तब और अधिक जब हमारी लाइफ स्टाइल अव्यवस्थित हो, प्रदूषण हो और खाने-पीने की आदतें अच्छी ना हो रेगुलर बालों की ट्रिमिंग होते रहने से दो मुंहे बालों की समस्या नहीं होती और बालों का गिरना भी कम हो जाता है` दो मुंहे बाल आपके बालों की लंबाई को ही नहीं प्रभावित करते, बल्कि यह उनकी चमक यानी रेङ्खङ्घ३ॅली२२, और घने पन को भी कम कर देते हैं` इसलिए यह हमेशा याद रखें कि एक माह में बालों को ट्रिम कराने से इनकी नेचुरल ग्रोथ बढिया होती है

आपके बाल जो कंधे से नीचे हैं, वह कई साल पुराने होते हैं` इसलिए इन्हें अधिक पोषण और केयर की जरूरत होती है।



# फलों के छिलकों और टमाटर से सौंदर्य कैसे निखारें

आप यह जानकर आश्चर्य करेंगे कि फलों के छिलकों और टमाटर सुन्दरता के लिए कितने फ़ायदेमंद होते है यहाँ इस आर्टिकल में आज हम आपको इनके बारे में बतायंगे इनमे से कुछ सरल और सफल प्रयोगों का विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।

फल-सब्जियों के छिलकों को हम बेकार समझकर फैंक देते है, जबकि ये छिलके भी स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी अनेक समस्याओं को दूर कर सकते है आयुर्वेद में सौंदर्यवर्द्धन हेतु छिलकों के प्रयोग की पुरानी परंपरा रही है।

**झाइयों को खत्म करें संतरे और नींबू के छिलकों से :** संतरे और नींबू के छिलकों को सुखाकर महीन पीस लें इस चूर्ण में गाय का कच्चा दूध और थोड़ा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर उबटन की भांति लगाऐं सूख जाने पर ताजे पानी से चेहरे पर धो लें इस प्रयोग से चेहरे पर पड़ी झाइयां मिट जाती है

**अनार और संतरे के छिलकों से मुहांसे का खात्मा :** अनार और संतरे के छिलकों को हल्दी के साथ पीस लें इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर नियमित लगाने से मुहांसों में काफी लाभ मिलता है

**काली त्वचा को गोरा बनायें नीबू से :** रस निकालने के बाद नींबू के छिलकों को फेंके नहीं कोहनी, घुटनों, उंगलियों के पोर और तलवों पर इन्हे रगड़ें इससे इन स्थानों पर जमी मैल आसानी से साफ हो जाती है और यहां की त्वचा भी कोमल हो जाती है

**जलने के निशान मिटायें पपीते से :** अक्सर महिलाएं किचेन में खाना बनाते समय जल जाती हैं और उसके निशान पड़ जाते हैं` इन निशानों पर पपीते के छिलकों को रगड़ने से ये धीरे-धीरे मिट जाएंगे

**संतरे एवं नींबू के छिलकों से पायें स्वस्थ बाल :** संतरे एवं नींबू के छिलकों का चूर्ण आंवले डाले हुए पानी में मिलाकर बालों को धोने से, बालों की रूसी खत्म हो जाती है और लंबे व घने बनते हैं। इसका लगातार प्रयोग लाभकारी होता है।

**नाखूनों को बनायें दागरहित :** कई महिलाओं के नाखून गंदे और चमकरहित होते हैं, जो देखने में काफी बदसूरत लगते हैं। इन पर नींबू के छिलकों को नाखूनों पर रगड़ने से ये दागरहित, स्वच्छ और चमकीले हो जाते है इसलिए आप जब भी नीबू का प्रयोग करे तो छिल्के इस काम में लायें।



**दांतों की चमक बढ़ाएं नींबू के छिलकों से :** इसी तरह दांतों को चमकाने के लिए नींबू के छिलकों को सप्ताह में एक-दो बार दांतों पर रगड़ें साथ ही इसके छिलके को सुखा एवं पीसकर इसमें थोड़ा-सा पिसा हुआ नमक मिलाकर इसे मंजन की भांति भी इस्तेमाल कर सकती है इससे दांत के कीड़े भी दूर होते हैं। ध्यान रहे कि नींबूयों भी दांतों और मसूड़ो के स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना गया है।

## जाने आपकी त्वचा कैसी है?

- टमाटर में त्वचा संबंधी कई प्रकार के विटामिन, साइट्रिक एसिड, खनिज, क्षार आदि मौजूद होने के कारण टमाटर एक प्रकार का सौंदर्यवर्धक है, जिसे नीचे दिए गए तरीकों से प्रयोग करके सौंदर्य में निखार लाया जा सकता है
- टमाटर के सूप में काली मिर्च डालकर नियमित पीने से कब्जियत दूर होती है, जिससे चेहरे पर चमक और शरीर मे चुस्ती बरकरार रहती है।
- टमाटर दूषित रक्त का शोधन करते है तथा चेहरे की त्वचा को गुलाबी आभा प्रदान करते है।
- टमाटर का जूस पीने से बाल चमकदार होते है बड़े टमाटर की मोटी-मोटी फांके काट कर गालों और आंखों के नीचे रखने से झाइयां और आंखों के काले घेरे हमेशा के लिए मिट जाते है।
- सावधानी झ टमाटर गुणकारी होने के बावजूद अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर को हानि पहुंचाते है टमाटर ही क्या प्रत्येक चीज की अति खराब होती है जैसे झ पथरी के रोगियों को टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिऐ अगर आप टमाटर के लाभ उठाना ही चाहते है तो आपको



# प्राकृतिक जीवन में सौ साल जीने का संकल्प

**कुदरत** के विरुद्ध दिनचर्या और असंगत खानपान ही हमारी व्याधियों के मूल में होता है। जितना हम प्रकृति के विपरीत आचरण करते हैं उतना ही मनोकायिक रोगों की चपेट में आते जाते हैं। कुदरत ने हमें भोजन, फलों और मसालों के रूप में तमाम ऐसी चीजें दी हैं जो हमें स्वस्थ रख सकती हैं। शरीर की कोशिकाएं हर क्षण बदलती रहती हैं। शरीर बदलते मौसम के अनुरूप खुद को ढालता चलता है। इसी तरह प्राकृतिक चिकित्सा भी कायाकल्प की प्रक्रिया को धीरे-धीरे अंजाम देती है। आमतौर माना जाता है कि प्राकृतिक दिनचर्या के दौरान उपचार में 45 दिन का समय लगता है। निस्संदेह प्राकृतिक चिकित्सा की प्रक्रिया में समय लगता है। जिसके लिये रोगी को धैर्य की जरूरत होती है।

दरअसल, प्राकृतिक चिकित्सा हमारी अराजक जीवन शैली को संयत कर सकती है। कुछ ऐसे रोग जो उपचार योग्य नहीं माने जाते उन पर अंकुश लगा सकती है। इस परिवेश में आहार-विहार से व्यक्ति तनाव मुक्त होता है। प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र से निकलने के बाद व्यक्ति अपने घर में आहार-विहार को संतुलित करने का प्रयास कर सकता है।

**सूर्य को हम उठायें...**

प्राकृतिक चिकित्सा कहती है कि सुबह ह्यसूर्य को हम उठायें सूर्य हमें न उठायें।ह्न विडंबना यह है कि हमने घरों में खिड़कियों पर मोट-मोटे पर्दे लगा दिये हैं। सूर्य की रोशनी कहां से आएगी। सही मायनों में हमारे जीवन में बीमारियां हमारी जीवन शैली की उपज है। लेकिन यह तार्किक नहीं कि बहुप्रचारित विटामिन डी-3 की लोगों में कमी होती जा रही है। आमतौर पर लोग नवंबर से जनवरी तक सूर्य स्नान लेते हैं जिससे लोगों को विटामिन-डी मिल जाता है। खतरा है तो आर.ओ. का पानी, जो हमारी बोन डेंसिटी को कम करता है। दरअसल, आज आम लोग शारीरिक श्रम नहीं करते। खान-पान की चीजों में भारी मिलावट है। यह शोर इतना ज्यादा है कि देश के लोगों के दिमाग में भी मिलावट हो गई। बाजार की शक्तियां कई तरह के भ्रम फैलाती हैं। मसलन सोयाबीन रिच प्रोपर्टी है। वास्तव में सोयाबीन जानवरों के लिये है,इंसान के लिये नहीं। हमें इसे हजम करने में दिक्कत आती है। जो कालांतर हमारे हड्डियों में जम जाता है।

**प्रकृति की साधना करें**

दरअसल, प्रकृति साधना की चीज है। आज इसे हमने साधन बना दिया है। साधना से दूर होते लोग शारीरिक असंतुलन के शिकार होते हैं। वास्तव में अधिकांश आधुनिक रोग काम न करने की बीमारी है। हम लोग दिमाग को थका रहे हैं, शरीर को नहीं थका रहे हैं। इसी की वजह से शरीर को?भुगतना पड़ रहा है। आदमी पैदल नहीं चल रहा है। जब भी कोई मरीज प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में आता है तो पहली प्रक्रिया उसके रोगों का इतिहास जानने की कोशिश होती है।

**दवा का मतलब दबाना**

एक विडंबना यह भी है कि प्राकृतिक चिकित्सा पुराने दबे रोगों को उभार देती है और शरीर का पूरा उपचार नये सिरे से करती है। जिसे उभाड़ या हीलिंग क्राइसेस कहा जाता है। ऐसे में हमें थैंक्स करना चाहिए प्रभु का कि उसने हमारे रोगों को जड़ से खत्म करने का उपक्रम किया। सही मायनों में दवा का उपयोग कम से कम किया जाना चाहिए। असल में, दवा का मतलब है दबाना।

**रोग हमारे मित्र भी**

प्राकृतिक चिकित्सा में हम शरीर के विकारों को निकालते हैं तो शरीर स्वस्थ होता है। तब शरीर शुद्ध होता है। कह सकते हैं कि एक मायने में रोग हमारे मित्र हैं। वास्तव में हमें स्वस्थ रहने के लिये आहार-विहार में परिवर्तन करना चाहिए। हर हाल में नौ बजे तक नाश्ता कर लेना चाहिए। रात आठ बजे तक, हद से हद नौ बजे तक डिनर खा लेना चाहिए। यदि व्यक्ति समय से नहीं खाता निश्चित ही कोलेस्ट्रोल को बुलाता है। आयुर्वेद में हमें स्वस्थ जीवन के लिये अनुशासित दिनचर्या व ऋतुचर्या का संदेश दिया गया है। प्रकृति प्रदत्त पंच तत्व हमारे स्वास्थ्य का आधार हैं। मसलन शरीर में आकाश तत्व को हम उपवास से हासिल कर सकते हैं। इस दौरान हम फलाहार करें, रसाहार करें। इसके अलावा उबली सब्जियों का सेवन करें।

भगवान को भी ऋतु फल पसंद

बेहद जरूरी है कि हम खाने में प्रोटीन कम करें। दरअसल, प्रोटीन के साथ हमारा आउटपुट नहीं। पसीना नहीं आने देते। प्रोटीन के साथ श्रम नहीं है तो कई तरह के रोग घेर लेते हैं। हमें ताजा सब्जियों का सेवन करना चाहिए। कई राज्यों में अभी भी रसायनों का कम प्रयोग होता है। कोशिश करें कि सब्जी वाले को पांच रुपये ज्यादा दे दें और कहें कि अच्छी और ताजी सब्जी दे। फल हो तो ऋतु के अनुरूप हो। सदा ऋतु का फल खायें। आज बच्चों को फलों के बारे में पता नहीं होता। जब भी घर में पूजा होती है तो भगवान का अनुष्ठान करते हुए पंडित जी

# गर्मी में गर्म चाय से सेहत को हो सकता है नुकसान



चाय, एक ऐसा पेय, जो हम हिंदुस्तानियों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। अधिकतर लोगों के लिए हर दिन की शुरुआत सुबह की चाय के साथ होती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं तो हाल ही में हुए शोध पर आधारित यह खबर आपके लिए है। नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग चाय नहीं पीने वाले लोगों की अपेक्षा ज्यादा तंदुरुस्त रहता है। ये तो हो गई फायदे की बात, लेकिन अक्सर गर्म चाय पीना हमारी सेहत को भारी नुकसान भी पहुंचा सकता है।सिगापुर में हुए एक शोध में ऐसा दावा किया गया है कि नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग, चाय नहीं पीने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा तेज काम करता है। पूर्व में भी हुए कई शोधों में ये बात प्रमाणित हो चुकी है। दरअसल, दिमाग के प्रत्येक हिस्से का व्यवस्थित रहना स्वस्थ संज्ञानात्मक क्रिया यानी कि दिमाग की प्रतिक्रिया से जुड़ा हुआ है।नेशनल यूनिविर्सटी ऑफ सिंगापुर के असिस्टेंट प्रोफेसर फेंग लेई की अगुवाई में शोधार्थियों ने इन परिणामों तक पहुंचने के लिए 36 उम्रदराज लोगों के न्यूरोइमेजिंग डाटा को खंगाला। यह अध्ययन 2015 से लेकर 2018 के बीच 60 साल और उससे अधिक उम्र वाले 36 बुजुर्गों पर किया गया जिसमें उनकी सेहत संबंधी डाटा जुटाया गया।फेंग लेई ने कहा कि हमारे परिणाम मस्तिष्क के ढांचे पर चाय पीने से पड़ने वाले सकारात्मक योगदान की पुष्टि करते हैं। इससे साबित होता है कि नियमित रूप से चाय पीना दिमागी तंत्र में उम्र के कारण आने वाली गिरावट से भी बचाता है।चाय को लेकर पहले भी कई शोध हो चुके हैं। पूर्व के शोधों में यह बात साबित हो चुकी है कि चाय पीना कई दृष्टिकोण से सेहत के लिए फायदेमंद है। यह न केवल हमारे मूड/मिजाज में सुधार करता है, बल्कि हृदय और नसों संबंधी बीमारी से भी बचाता है।आम तौर पर लोगों को चाय-कॉफी वगैरह गर्म पीने का शौक होता है, लेकिन यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। जानकर हैरानी होगी, लेकिन शोध के जो परिणाम आए हैं, उनके अनुसार गर्म चाय पीने वाले लोगों के साथ कैंसर की समस्या पैदा हो सकती है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि गर्म चाय या कॉफी पीने से इसोफेगल यानी खाने की नली का कैंसर होने का खतरा रहता है।दरअसल, गर्म पेय हमारे गले के ऊतकों को काफी नुकसान पहुंचाती है। हर दिन नियमित रूप से 75 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक गर्म चाय पीने वालों में इसोफेगल कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है। इसलिए चाय को बहुत गर्म पीने की बजाय थोड़ा ठंडा कर के पीना ज्यादा अच्छा होता है।

# त्वचा का कालापन से पा सकते हैं छुटकारा



अकसर गरदन, टखने, घुटने और कोहनियों का कालापन आसानी से नहीं जाता है । कुछ क्लींजर, ब्लीच, स्क्रब और पैक का नियमित इस्तेमाल करके इस समस्या को दूर किया जा सकता है ।

### त्वचा की सफाई

- दूध व नीबू का रस मिलाएं और साफ त्वचा पर लगा कर 2 मिनट तक रखें` फिर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़ें और उससे हल्के हाथ से मलते हुए त्वचा को साफ करें`
- नीबू के रस को दही में मिला कर त्वचा पर लगाएं और हल्का सूखने पर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़े । त्वचा पर हल्के हाथ से मलते हुए पोंछ लें ।

### दोरंगी त्वचा

खीरे का रस हर तरह की त्वचा के लिए फायदेमंद है । खीरे के स्लाइस को गुलाबजल में डुबो कर फ्रिज में रख कर ठंडा कर लें फिर साफ चेहरे पर रखें । आंखों पर भी रख सकती हैं, इनके नीचे के काले घेरे भी दूर होंगे । त्वचा ऑइली है, तो खीरे के स्लाइस पर 2 बूंदें नीबू के रस की भी डाल सकती हैं ।

### गोरी रंगत के लिए स्क्रब

- 1 छोटा चम्मच बादाम का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच मलाई, 1 छोटा चम्मच सूरजमुखी का तेल, 1 छोटा चम्मच गुलाबजल, 1/4 कप मसूर की दाल का पेस्ट, सभी को मिला कर पेस्ट बनाएं । इसे चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट के बाद हल्के हाथ से धो लें । सूरजमुखी के तेल की जगह आप असेंशियल ऑइल की कुछ बूंदें भी मिला सकती हैं ।
- 5-6 बादाम का पेस्ट, 1/2 कप क्रीम, 2 बड़े चम्मच तिल का तेल और 1 छोटा चम्मच सूखे संतरे के छिलके का पाउडर लें । इसका पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाने के बाद 15 मिनट बाद धो लें ।
- 1 कप जौ का आटा, 1 कप दही और खीरे का रस सभी सामग्री को मिला कर पेस्ट बना कर 10 मिनट तक लगाएं । स्क्रब करके धो लें ।

### गरदन, कोहनी और टखने की त्वचा

- तुलसी त्वचा को स्वस्थ और चमकीला रखने में कारगर है । तुलसी का पेस्ट बेसन और दही में मिला कर साफ त्वचा पर लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें । ऐसा हफ्ते में 2 बार भी करें, तो कोहनियां साफ हो जाएंगी ।
- संतरे के छिलकों के बारीक पाउडर में थोड़ा शहद व मलाई मिला कर हफ्ते में 2 बार इसका प्रयोग करें । कुछ ही दिनों में त्वचा पर इसके नतीजे नजर आएंगे ।
- मलाई में 1 चम्मच सेब या मूली का रस मिला कर लगाएं । त्वचा की झांइयां व सांवलापन ठीक हो जाता है ।
- मुलतानी मिट्टी, जौ का आटा, संतरे का पाउडर व मलाई का मिश्रण गरदन और घुटनों की त्वचा के रंग को निखारता है ।
- संतरे के रस में भिगोयी हुई चने की दाल को दूध में पीस कर उबटन लगाने से रंग में निखार आता है ।
- 1 बड़ा चम्मच बेसन व 3 बड़े दूध को मिला कर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को रोज लगाने से कालापन दूर होता है ।
- 1/2 कप सूजी, 2 बड़े चम्मच दही, 1 छोटा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच पपीते के पल्प मिलाएं । इसमें मौजूद विटामिन बी कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है । त्वचा की रंगत निखरती है।

# भारत को जीत के लिए बनाने होंगे 280 रन

## चौथे दिन का खेल समाप्त, भारत का स्कोर 164/3, कोहली-रहाणे क्रीज पर

एजेंसी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के चौथे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी 8 विकेट खोकर 270 रनों पर घोषित कर दी। इसी के साथ भारत को खिताब जीतने के लिए 444 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत ने चौथे दिन के अंत तक अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 164 रन बना लिये हैं और अभी जीत से 280 रन दूर है। भारत के लिए अजिंक्य रहाणे (20) और विराट कोहली (44) क्रीज पर मौजूद है। कप्तान रोहित शर्मा 43 रन, शुभमन गिल 18 और चेतेश्वर पुजारा 27 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड ने 1-1 विकेट हासिल की। दोनों पारियों को मिलाकर ऑस्ट्रेलिया के पास 343 रनों की बढ़त हासिल हुई थी। ऐसे में भारतीय टीम को चैंपियन बनने के लिए 444 रनों का लक्ष्य मिला है। ऐसे में जीत के लिए अब 280 रन बनाने की जरूरत है। वहीं ऑस्ट्रेलिया अगर चैंपियन बनना है तो हर हाल में उसे 7 विकेट लेने होंगे।

**विराट का नया कीर्तिमान :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली ने दो हजार रन पूरे कर लिए हैं। यह कारनामा उन्होंने सिर्फ 25 टेस्ट में किया। इस दौरान आठ शतक और पांच अर्धशतक जमाए। 186 रन करियर का बेस्ट स्कोर रहा। शनिवार को 444 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को पहला झटका शुभमन गिल के रूप में लगा। शुभमन गिल के आउट होने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और चेतेश्वर पुजारा ने टीम इंडिया के लिए मोर्चा संभाला पर नाथन लियोन ने भारत की एक बढ़िया साझेदारी तोड़ दी है। अच्छी बैटिंग कर रहे रोहित शर्मा आउट हो गये। वह अर्धशतक से चूकते हुए 60 गेंद में 43 रन बनाकर आउट हुए। भारत को 92 रन पर दूसरा झटका लगा। चेतेश्वर पुजारा के रूप में टीम इंडिया को तीसरा झटका लगा। पुजारा सिर्फ 27 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए हैं। पुजारा को पैट कमिंस ने आउट किया है।



**रोहित फिर हुए फेल, पर सचिन का रिकार्ड तोड़ा :** रोहित शर्मा फैंस की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाये। फाइनल में उनका चलना बेहद जरूरी था, लेकिन जब टीम 444 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो रोहित एक अच्छी पारी को बड़ी पारी में तब्दील करने में फेल हो गये। वह 60 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हो गये, जिसमें 4 चौके व 1 छक्का शामिल रहा। रोहित पहली पारी में भी 15 रन बनाकर चलते बने थे। वह भले ही ना चल पाए हों, लेकिन इस मैच में उन्होंने पूर्व साथी क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दरअसल, यह रिकॉर्ड है टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा छक्के लगाने का। रोहित का यह 50वां टेस्ट मैच था। वह अभी तक 70 छक्के पूरे कर चुके हैं। इसी के साथ उन्होंने सचिन को पीछे छोड़ दिया है। टेस्ट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गये हैं। इस मामले में पहले नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिनके नाम 90 छक्के दर्ज हैं। दूसरे नंबर एमएस धोनी 78 छक्कों के साथ काबिज हैं।

**ऑस्ट्रेलिया ने 270 पर पारी घोषित की :** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप फाइनल के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी को 270 रन बनाकर घोषित कर दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया को फाइनल जीतने के लिए अब 444 रनों का लक्ष्य मिला है। मैच में ऑस्ट्रेलिया पहले बैटिंग करते हुए 469 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में भारत 296 रन ही बना सकी थी और ऑस्ट्रेलिया 173 रन का बढ़त मिला था। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने चौथे दिन लंच छह विकेट पर 201 रन बनाकर कुल 374 रन की बढत ले ली । आस्ट्रेलिया को सुबह के सत्र में 26 ओवर में 78 रन बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ी । एलेक्स कारी ने 61 गेंद में 41 रन बनाये। मार्नस लाबुशेन तीसरे ओवर में विकेट गंवा बैठे जिन्होंने 126 गेंद में 41 रन बनाये । वह अपने कल के स्कोर पर ही उमेश यादव की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद का शिकार हुए । गेंद 44 ओवर पुरानी हो चुकी है जिससे उमेश और मोहम्मद शमी ने रिवर्स स्विंग लेने की कोशिश की । रविंद्र जडेजा ने 23 ओवर में 58 रन देकर तीन विकेट लिये।

## एक नजर में

### भारतीय टीम में झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी सरिता का चयन

**रांची।** मलेशिया में 14 से 19 जून तक आयोजित एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड की सरिता कुमारी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। सरिता झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी होगी, जो इस चैंपियनशिप में भाग लेगी। एशियन जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इंडियन टीम शनिवार को मलेशिया रवाना हुई। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक को यह जानकारी दी।

### 13वी हॉकी इंडिया चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय टीम रवाना



**रांची।** जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए हॉकी झारखंड टीम से चयनित 18 खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड के द्वारा हॉकी इंडिया से प्राप्त हॉकी स्टिक, बॉल और हॉकी स्टिक देकर विदा किया गया। 12से 22जून 2023 तक राऊलकेला ,उड़ीसा में आयोजित 13 हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए हॉकी झारखंड पुरुष टीम से चयनित 18हॉकी खिलाड़ियों को आज रांची में हॉकी झारखंड के द्वारा हॉकी इंडिया से प्राप्त खेल कीट हॉकी स्टिक, हॉकी बोल और दोनो गोलकीपर को गोलकीपर कीट देकर ,राउरकेला के लिए विदा किया गया।

### एशियाई खेलों से पहले स्पेन, जर्मनी का दौरा करेगी महिला हॉकी टीम

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये जुलाई में जर्मनी और स्पेन का दौरा करेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। साई ने बताया कि भारतीय टीम 12 जुलाई को जर्मनी जायेगी, जहां वह रसेलशाइम में प्रशिक्षण लेने के बाद जर्मनी और चीन से मुकाबला करेगी।

### एशियाई जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित, तारा शाह और आयुष शेट्टी का हुआ चयनं

**नयी दिल्ली।** युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तारा शाह और आयुष शेट्टी को इंडोनेशिया में होने वाले एशिया जूनियर चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को भारतीय टीम में मिल किया गया। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) ने इसकी पुष्टि की। चैंपियनशिप का आयोजन सात से 16 जुलाई तक इंडोनेशिया के योग्याकार्ता में होगा। बाई के अनुसार, तारा विश्व बैडमिंटन महासंघ की रैंकिंग में बालिका वर्ग में सातवें स्थान पर हैं। वहीं, बालक वर्ग में आयुष शेट्टी 20वें स्थान पर मौजूद हैं। ट्रायल में लक्ष्य शर्मा और रक्षिता श्री एस के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम में क्रमशः बालक और बालिका वर्ग में जगह बनाई। बालक युगल में निकोल्स नाथन राज और तुषार सुवीर जबकि महिला एकल में राधिका शर्मा और तनवी शर्मा की जोड़ी चुनौती पेश करेंगी। सुवीर और राधिका की जोड़ी को युगल वर्ग में जगह मिली है।

### रूड को हराकर इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच

**पेरिस।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच 23 ग्रैंड स्लैम जीतने का अभूतपूर्व कारनामा करने के लिये रविवार को यहां कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड का सामना करेंगे।

# जापान को 1-0 से हरा कर भारता फाइनल में

● भारत ने जूनियर वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालिफाई

एजेंसी

**काकामिगहारा।** भारतीय हॉकी टीम ने जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में जापान को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल भारत की ओर हुआ। भारत के लिए सुनीता टोपो ने 47वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जो अंत तक बरकरार रही। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। जूनियर वर्ल्ड कप इस साल 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच चिली में आयोजित किया जाएगा। भारत अब 11 जून को महिला जूनियर एशिया कप 2023 के फाइनल में चीन या कोरिया के खिलाफ खेलेगा।



### लीग में टॉप रही भारतीय टीम

इससे पहले भारतीय टीम ने लीग में मुकाबले में पॉइंट टेबल में टॉप में रही थी। लीग में खेले 4 मैचों में से भारत ने 3 जीते जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। भारतीय टीम ने लीग में अपने पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में मलेशिया को 2-1 से हराया। जबकि तीसरे मुकाबले में कोरिया के साथ ड्रॉ रहा। वहीं आखिरी लीग मैच में चीनी ताइपे को 11-0 से हराया।

# प्रथम जनजातीय खेल महोत्सव में झारखंड को पहले दिन 04 स्वर्ण पदक 04 रजत 03 कांस्य

● 10 खेलों में झारखंड की जनजातीय समुदाय की 250 सदस्यीय कर रही प्रतिनिधित्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 09 जून से 12 जून तक कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोसल साइंस,भुनेश्वर, उड़ीसा(कीट युनिवर्सिटी) में आयोजित प्रथम जनजातीय खेल महोत्सव 2023 में पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में झारखंड से पुरूष एवम महिला वर्ग के कुल 10 खेलों हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, खो खो , रग्बी, फुटबॉल, तीरंदाजी, योगासन एवम प्रदर्शनी खेल छूर में झारखंड से 250 सदस्यीय जनजातीय टीम भाग ले रही है। सभी विजेता खिलाड़ियों को खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक साझा देव शंकर दास समेत अधिकारियों ने बधाई दी।




### परिणाम

**स्वर्ण**
बालक वर्ग
- राजेश पूर्ति ने व्यक्तिगत 50 मीटर
- राजेश पूर्ति 30 मीटर
- वर्षा खालको 30 मीटर
- राजेश पूर्ति व्यक्तिगत आवर आल

**रजत**
- चांद मुनी कोंकल - व्यक्तिगत 50 मीटर
- अरविंद टुडू ने व्यक्तिगत 30 मीटर
- चांद मुनी कोंकल आवरआल
- बर्षा खलको आवरआल

**कांस्य पदक**
- बबिता कोंडाकेल 30 मीटर
- अरविंद टुडू 30 मीटर
- अरविंद टुडू आवर आल

**हॉकी बालिका**
झारखंड ने मध्य प्रदेश को 7 - 0 से पराजित किया।
बालक हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 19 - 0 से रौंदा।

**बालिका फुटबॉल**
झारखंड ने ओडिशा को 2-1 पराजित किया।

**बालिका खो- खो**
बालिका खो- खो टीम ने महाराष्ट्र को पराजित किया।

**महिला रग्बी**
झारखंड ने छतीशगढ़ को 5-0 से पराजित किया।

**पुरूष रग्बी**
झारखंड ने तेलंगाना को 36-0 पराजित किया।

# लोहरदगा जिले की रहने वाली है सरिता कुमारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरिता कुमारी मूल रूप से झारखंड की लोहरदगा जिले की रहने वाली है। वह वर्तमान में पटियाला में रहकर साइकिलिंग की ट्रेनिंग ले रही है। सरिता कुमारी ने अब तक जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय खेलो इंडिया आदि प्रतियोगिता में कई पदक हासिल किया है। उनका भारतीय टीम में चयन होने पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत पाठक, महासचिव शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष संदीप खन्ना, झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार,अजय मुकुल टोप्पो, आईजक ग्लेडवीन रक्षित, विनय कुमार पांडे, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, शिर्डी सिंह, झारखंड साइकिलिंग संघ के संयुक्त सचिव विनय विभाकर, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता शशिकांत पांडे, अभिषेक झा, दीपक हेंब्रम, आशु भाटिया, ओम प्रकाश गुप्ता, रितेश झा, चंद्र बहादुर सिंह, नरेश कुमार, शिव कुमार यादव, राजकुमार मेहता,अमित कुमार, रामकुमार भप्त, प्रथम कुमार, जेएसएसपीएस प्रशिक्षक आदि समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# मुरली श्रीशंकर की लंबी छलांग, पेरिस डायमंड लीग में तीसरे स्थान पर पहुंचे

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने यहां पेरिस डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में 8.09 मीटर की प्रभावशाली कोशिश के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। मुरली ने अपने तीसरे प्रयास में शुक्रवार रात की अपनी सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। 8.09 मीटर के प्रयास ने उन्हें दूसरे स्थान पर रखा, केवल मौजूदा ओलंपिक और डायमंड लीग चैंपियन ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू से पीछे हैं, जिन्होंने 8.13 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग जीती। हालांकि, चौथे प्रयास में मुरली के एक फाउल और स्विट्जरलैंड के साइमन एहमर द्वारा 8.11 मीटर की छलांग ने भारतीय लॉन्ग जम्पर को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। श्रीशंकर के पांचवें प्रयास में 7.99 मीटर की दूरी थी और उनका छठा प्रयास फाउल के साथ समाप्त हुआ।




डायमंड लीग में श्रीशंकर की यह दूसरी उपस्थिति थी. पिछले साल मोनाको में वह 7.94 मीटर के प्रयास के साथ छठे स्थान पर रहे थे। उनकी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग 8.36 मीटर है, जो उन्होंने पिछले साल लगाई थी। विशेष रूप से, पुरुषों की लंबी कूद में भारत का राष्ट्रीय रिकॉर्ड जेसविन एल्ड्रिन के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में 8.42 मीटर की छलांग लगाई थी।

24 वर्षीय श्रीशंकर लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतकर डायमंड लीग के पेरिस चरण में पहुंचे। उन्होंने पिछले महीने ग्रीस के कालिथिया में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर का कांस्य खिताब जीता था, जिसमें उन्होंने सीजन की अपनी सर्वश्रेष्ठ 8.18 मीटर की छलांग लगाई थी और चीन में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए कट बनाया था। डायमंड लीग में प्रत्येक चरण में उनके प्रदर्शन के आधार पर एथलीटों को अंक दिए जाते हंल और प्रत्येक कार्यक्रम में शीर्ष आठ एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। इस साल डायमंड लीग का फाइनल 16 और 17 सितंबर को अमेरिका के यूजीन में होगा।

## पेज एक का शेष

### सरना धर्म कोड...

ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी करने का प्रस्ताव दोबारा भेजने का निर्णय : समन्वय समिति की बैठक में ये फैसला लिया गया कि राज्य में सबसे अधिक आबादी होने के बावजूद भी ओबीसी को काफी कम आरक्षण मिल रहा है। ऐसे में सरकार एक बार फिर ओबीसी सहित एससी और एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव विधानसभा से पारित कराकर राजभवन भेजे। इसका आग्रह सरकार से किया जाएगा।

### झारखंड हाईकोर्ट के...

वरीय अधिवक्ता किये जायेंगे सम्मानित : रांची। झारखंड के नए हाईकोर्ट भवन में पहले दिन पौधारोपण के बाद हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह का आयोजन सेंट्रल लॉबी में दोपहर 1:30 बजे से होगा। सम्मान समारोह के लिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सभी वरीय अधिवक्ताओं को पत्र भेज दिया है। झारखंड हाईकोर्ट में करीब 25 वरीय अधिवक्ता हैं। धुर्वा स्थित नए हाईकोर्ट भवन में 12 जून से कामकाज शुरू किया जाएगा।

### आर्मी लैंड स्केम...

बताया जाता है कि प्रदीप बागची ने सेना की उक्त जमीन जिस दिलीप घोष को बेची थी उस कंपनी का अघोषित मालिक अमित अग्रवाल है। इससे पहले भी नवंबर 2022 को इडी ने रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री मामले में अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, प्रदीप बागची, दिलीप घोष एवं दो रजिस्ट्रार से जुड़े दो दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### अपराध, नक्सल, अवैध ...

पत्र में लिखा गया है कि 15 की बैठक में विधि व्यवस्था, वारंट तामिल, लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति, सर्टिफिकेट केस की स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ ,अवैध शराब और पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी मुद्दों की सीएम समीक्षा करेंगे। समीक्षा को लेकर तैयारियों में अगर कोई कमी डीजीपी को नजर आयोगी तो उससे संबंधित निर्देश फिर से पुलिस अधिकारियों को जारी किये जायेगे, जिससे वे 15 जून से पहले सभी तैयारियां पूरी करके ही मीटिंग में बैठे।

### गढ़वा : डैम में...

महिला के शोर सुन एवं मोबाइल पर सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में डैम पर लोग पहुंच गये और बच्चों की खोजबीन करने लगे। बाद में तीनों बच्चों को मृत अवस्था में निकाला गया। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। तीनों मृतको में मुन्ना उरांव जंगीपुर स्थित अपने ननिहाल आया हुआ था। तीनों मृतक बच्चे आदिवासी समुदाय के हैं। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। जंगीपुर डैम में करीब 8 से 10 सीट पानी है।

### इंजीनियर दंपति की ...

इस दौरान रास्ते में दो फॉर्च्यूनर कार के चालक आपस में रेस लगा रहे थे। कार की रफ़्तार काफी तेज थी। तभी कार ने भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के चलते भाई और उसकी पत्नी कई फीट दूर तक हवा में उछल गये। भाई की तो मौके पर मौत हो गयी। भाभी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि जिस गाड़ी से दुर्घटना हुई है वह झरिया के विधायक पूर्णिमा निरज सिंह के देवर हर्ष सिंह के नाम से रजिस्टर्ड कम्पनी एम/एस सिंह नेचुरल एंड प्राइवेट लिमिटेड की गाड़ी संख्या जे एच 10एफ सी 0045 है।

रागिनी सिंह अस्पताल पहुंची : हादसे की खबर मिलते ही भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य भाजपा नेत्री रागिनी सिंह अस्पताल पहुंची। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि लोग सत्ता के नशे में चूर हो चुके हैं और किसी की जान लेने से भी नहीं चूकते हैं। ऐसे लोग खिलाफ जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई होनी चाहिए।

### नवजात के शव...

**पहले भी जा चुकी है जेल :** बताते चलें कि इससे पूर्व 6 वर्ष पूर्व एनएम निर्मला कुमारी के द्वारा आवासीय विद्यालय कस्तूरबा गांधी के बालिका का भी प्रसव करा कर बच्चे को रख लिया गया था। उस दौरान भी एनएम निर्मला कुमारी की घोर लापरवाही देखी गयी थी। यह मामला सीडब्ल्यूसी में जाने के बाद प्रकाश में आया था जिसके कारण निर्मला कुमारी 2 वर्ष जेल में सजा भी कार्ड चुकी है। इससे साफ जाहिर रूप हो रहा है कि आये दिन निर्मला कुमारी के द्वारा निरंतर रेफरल अस्पताल में लापरवाही बढ़ती जा रही है।

### झारखंड से आठ ...

रिव्यूइंग अफसर के रूप में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। झारखंड के 8 और यूपी से सबसे ज्यादा 63 जेसी अफसर बने। दूसरा नंबर 33 जेंटलमैन कैडेट के साथ बिहार का रहा। तीसरे नंबर पर हरियाणा 32 जेंटलमैन कैडेट के साथ रहा। चौथे नंबर पर 26 जेंटलमैन कैडेट के साथ महाराष्ट्र और पांचवें नंबर पर 25 जेंटलमैन कैडेट के साथ उत्तराखंड रहा। राजस्थान से 19, पंजाब से 23, मध्य प्रदेश से 19, दिल्ली से 12, जम्मू और कश्मीर से 6, हिमाचल प्रदेश से 17, पश्चिम बंगाल के 3, मणिपुर का 1, असम का 1 गुजरात के 2, चंडीगढ़ का 1, उड़ीसा के 2, पुडुचेरी का 1, अरुणाचल के 8, छत्तीसगढ़ के 5 और त्रिपुरा का 1 जेंटलमैन कैडेट पासिंग आउट परेड में शामिल रहे।

# पसंद और नापसंद की स्वतंत्रता है, अपमान की नहीं

## गुजरात हाइकोर्ट ने पीएम के अपमान के मामले में की अहम टिप्पणी

**जस्टिस निर्जर देसाई ने खारिज की अफजलभाई की जमानत अर्जी मोदी और उनकी मां के खिलाफ किया था बेहूदा फेसबुक पोस्ट**

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां हीराबा मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जमानत देने से इंकार करते हुए की है। गुजरात हाई कोर्ट ने कहा कि कोई पीएम कोई पीएम नरेंद्र मोदी को पसंद या नापसंद कर सकता है लेकिन उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। गुजरात हाई कोर्ट यह अहम टिप्पणी ऐसे वक्त पर की है जब सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के काफी मामले अदालतों में पहुंच रहे हैं।

गुजरात हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के न्यायाधीश न्यायमूर्ति निर्जर देसाई ने अफजलभाई लखानी बनाम स्टेट ऑफ गुजरात केस में सुनवाई करते हुआ कहा कि कोई पीएम को पसंद या नापसंद करने के लिए स्वतंत्र है, वहीं किसी को उनके खिलाफ अपमानजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। देसाई ने कहा कि किसी व्यक्ति को किसी व्यक्ति के प्रति पसंद या नापसंद हो सकती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह देश के प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां के लिए अपमानजनक और अपमानजनक भाषा का उपयोग करना शुरू कर सकता है। अगर ऐसे व्यक्ति को जमानत दी जाती है, तो इस बात



की पूरी संभावना है कि वह एक बार फिर किसी अन्य नाम का उपयोग करके और नकली आईडी बनाकर इस तरह का अपराध कर सकता है क्योंकि तकनीक अब तक उन्नत हो चुकी है और एक बार ऐसे व्यक्ति को समाज में स्वतंत्र रूप से घूमने की अनुमति मिल जाती है।बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा कि अफजलभाई की पोस्ट में न केवल पीएम के खिलाफ बल्कि उनकी दिवंगत मां के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणियां थीं।कोर्ट ने कहा कि अफजलभाई द्वारा बनाए गए फेसबुक पेज गुजरात त्रस्त भाजपा मस्त में पीएम और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट के साथ पोर्नोग्राफी और अश्लील मैटेरियल भी पोस्ट किया है। कोर्ट ने कहा यह भी सामने आया है कि इस पेज पर पाकिस्तान के समर्थन करने वाले और भारत विरोधी पोस्ट भी है। इन पोस्ट से ऐसा लगता है कि ये समाज की शांति भंग करने के लिए की गई हैं। इन पोस्ट का सामाजिक सद्भाव पर बड़ा असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि पीएम के खिलाफ की टिप्पणी इतनी अपमानजनक है कि उनका उल्लेख अपने आर्डर में नहीं कर सकता है। जस्टिस निर्जर देसाई ने कहा कि इसलिए भले ही अपराध के लिए अधिकतम सजा पांच साल की सजा पर विचार किया जा रहा है, लेकिन मुझे अभी आरोपी पर कोई नरमी दिखाने और उसे जमानत देने का कारण नहीं दिखता है। अजमलभाई लखानी के पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर पिछले साल दिसंबर में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने देवुभाई गढ़वी की शिकायत पर मामला दर्ज करके अरेस्ट किया था। अपमानजनक पोस्ट करने के आरोपी अफजल कांग्रेस से जुड़े होने की बात भी सामने आई है। फेसबुक पर काफी सारी पोस्ट मौजूद हैं। जिनमें वह खुद को कांग्रेस नेता के तौर पर दिख रहा है।

## आइएसआइस मॉड्यूल का पर्दाफाश, महिला समेत चार गिरफ्तार

**गांधीनगर।** गुजरात एटीएस ने आतंकी संगठन आइएसआइस के एक मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए एक महिला समेत चार लोगों को पोरबंदर से गिरफ्तार किया है हालांकि एक और शख्स को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी हैं। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एटीएस की एक विशेष टीम पिछले कुछ दिनों से पोरबंदर और आसपास के इलाकों में विशेष अभियान के लिए सक्रिय थी। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से संबंध हैं।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते के डीआईजी दीपेन भद्रन सहित अधिकारियों का एक बड़ा काफिला पोरबंदर में है। एटीएस सूत्रों ने कहा कि विदेशी नागरिकों से जुड़े सभी स्थानीय लोगों पर भी जांच तेज कर दी गई है

## स्पीड न्यूज

### मणिपुर में केंद्र ने बनायी शांति समिति

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में शांति बहाली की कवायद में मदद करने और विभिन्न समुदायों के बीच बातचीत शुरू कराने के लिए राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन किया है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि शांति समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और नागरिक समाज संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। सरकार ने मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में राज्य में शांति समिति का गठन किया है। समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल होंगे।

### सोमालिया में आतंकी हमला, नौ की मौत

**मोगादिशू।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट पर बने होटल में शुक्रवार शाम हुए आतंकवादी हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और अन्य 10 घायल हो गये हैं। पुलिस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने हमले में शामिल अल-शबाब के सभी सात आतंकवादियों को मार गिराने के बाद लिडो समुद्र तट पर स्थित पर्ल बीच होटल में सात घंटे के घेराबंदी अभियान खत्म हो गया है।

### महाराष्ट्र के अमलनेर शहर में लगा कर्फ्यू

**अमलनेर।** महाराष्ट्र में अहमदनगर और कोल्हापुर के बाद अब जलगांव जिले के अमलनेर शहर में धार्मिक हिंसा की खबर है। अमलनेर शहर में शुक्रवार रात दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। अमलनेर के दगड़ी गेट इलाके में शुक्रवार रात मामूली बात पर कहासुनी बाद में मारपीट में तब्दील हो गई और दो गुटों के बीच पथराव शुरू हो गया। इसमें कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और तीन पुलिसकर्मियो समेत कुछ नागरिक भी घायल हो गए। उसके बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

### इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में छह लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के सामने जोन टेक्निकल टीम के सदस्य सोढ़ी जोगा (23) और उसकी पत्नी वेको कोसी (22) ने आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों पर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### श्रीलंका ने 300 वस्तुओं से आयात प्रतिबंध हटाया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने लगभग 300 वस्तुओं पर तत्काल प्रभाव से आयात प्रतिबंध हटा दिए हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। इस फैसले से संकेत मिलने लगे हैं कि श्रीलंका कई दशकों के बाद आए अपने आर्थिक संकट से धीरे-धीरे उबर रहा है।श्रीलंका के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट के कारण पिछले साल भीषण आर्थिक संकट में फंस गया था। इसके बाद वहां आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत हो गई थी और देशभर में जनाक्रोश फैल गया था।

### परिणीति चोपड़ा व चड्ढा उदयपुर में करेंगे शादी!

**उदयपुर।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा एवं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा उदयपुर की सितारा होटल उदयपुर विलास में शादी करेंगे। प्रबंधन उनकी शादी की जरूरत को लेकर होटल में बदलाव को लेकर काम शुरू करने जा रहा है। 13 मई को दिल्ली के कपूरथला हाउस में सगाई के बाद उदयपुर आ चुके परिणीति तथा राघव ने यहां कई ऐसे डेस्टीनेशन देखे, जहां उनकी शाही शादी हो सके।

# ट्रंप ने बाथरूम व बेडरूम में छुपाये थे गुप्त दस्तावेज


## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ 37 रिपोर्ट हुए सार्वजनिक

**वकीलों को फाइलें छिपाने और नष्ट करने का आदेश दिया था**

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में मिले गुप्त दस्तावेज बाथरूम और बेडरूम तक में छिपाए थे। इस संबंध में उनके खिलाफ मुकदमा कायम होने के बाद जांच एजेंसी ने 37 आरोप सार्वजनिक कर दिये हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यौन उत्पीड़न के मुकदमे का सामना कर रहे ट्रंप अब राष्ट्रपति के रूप में उनके पास पहुंचे गुप्त सरकारी दस्तावेज वापस न करने के मुकदमे में फंस गए हैं। जांच एजेंसी ने उन पर लगाए गए 37 आरोप सार्वजनिक कर दिये। इनमें से 31 आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा





से जुड़े दस्तावेजों को जानबूझकर अपने पास रखने के हैं। इसके अलावा उन पर झूठे बयान देने, दस्तावेज होने की बात छिपाने और न्याय में बाधा डालने जैसे आरोप लगाए गए हैं। 49 पेज के आरोप पत्र में बताया गया है कि ट्रम्प ने ये दस्तावेज अपने बाथरूम, बॉलरूम, शावर की जगह पर, ऑफिस, स्टोर रूम और बेडरूम में छिपाए थे। साथ ही जांच में बाधा डालने के लिए ट्रंप ने अपने वकीलों को फाइलें छिपाने या नष्ट करने का आदेश दिया था। आरोप पत्र में बताया गया है कि पिछले साल ट्रंप के पास से 337 सरकारी दस्तावेज बरामद हुए थे। इनमें से 21 दस्तावेजों पर टॉप सीक्रेट लिखा हुआ था। ये वो दस्तावेज होते हैं जिसमें सबसे संवेदनशील जानकारी रखी जाती है और सिर्फ सीमित लोगों की ही पहुंच में होते हैं। इसके अलावा नौ दस्तावेजों पर सीक्रेट लिखा हुआ था। ये वो दस्तावेज होते हैं, जिनके लीक होने पर राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पहुंचने की आशंका रहती है।

## यूक्रेन और रूस में भीषण लड़ाई जारी

**यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के अंतिम रिएक्टर का संचालन भी ठप**

**कीव।** यूक्रेनी सेना और रूसी बलों के बीच शनिवार को भीषण लड़ाई जारी रही। वहीं, बाढ़ और युद्ध के हालात के कारण यूक्रेन में स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के अंतिम रिएक्टर का संचालन भी ठप हो गया। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूसी बलों ने शुक्रवार रात को मिसाइलों और ड्रोन के जरिये लगातार हमले किए, जिससे सैन्य ठिकानों को नुकसान के साथ ही चार नागरिकों की मौत हो गई जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, बिना किसी पूर्व घोषणा के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आज कीव की यात्रा पर पहुंचे। ट्रूडो के साथ उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड भी यूक्रेन पहुंची हैं। गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से ट्रूडो की यह दूसरी कीव यात्रा है। यूक्रेनी सेना ने बिना विवरण साझा किए कहा कि रूसी बलों के साथ भीषण युद्ध जारी है। इसने कहा कि रूसी बल यूक्रेन के खेरसोन और जेपोरीजिया प्रांतों में भी हवाई हमले कर रहे हैं।यूक्रेन की परमाणु एजेंसी ने कहा कि जेपोरीजिया परमाणु संयंत्र के सभी छह रिएक्टर का संचालन ठप हो गया है। हालांकि, इसने कहा कि कखोवका बांध के टूटने के कारण बने बाढ़ के हालात के कारण संयंत्र को प्रत्यक्ष तौर पर खतरा नहीं है। इस संत्रंय पर रूस का नियंत्रण है, लेकिन संयंत्र में अब भी यूक्रेनी कर्मचारी ही कार्यरत हैं।

# विक्रमादित्य व विक्रांत ने हिंद महासागर में दिखायी ताकत




**एजेंसी**

नयी दिल्ली। नौसेना ने शनिवार को हिंद महासागर में दोनों विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत तथा आईएनएस विक्रमादित्य सहित 35 से अधिक युद्धपोतों की तैनाती कर अपनी दुर्जेय समुद्री क्षमताओं का प्रदर्शन किया। नौसैनिक शक्ति का यह प्रदर्शन राष्ट्रीय हितों की रक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह हिंद महासागर और उससे आगे के क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के नौसेना के लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अभ्यास में देश के दोनों विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी तकनीक से निर्मित आईएनएस विक्रांत के साथ-साथ युद्धपोतों, पनडुब्बियों तथा विमानों के बेड़े ने समुद्री क्षेत्र में भारत की तकनीकी विशेषज्ञता का भी प्रदर्शन किया। आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत, सैन्य अभ्यास के केंद्र में रहे जो फ्लोटिंग सॉवरेन एयरफील्ड के रूप में काम करते हैं।

ये दोनों मिग-29 के लड़ाकू विमान, एमएच60आर, कामोव, सी किंग, चेतक और उन्नत हल्के हेलिकॉप्टरों सहित विमानों की विस्तृत श्रृंखला के लिए एक लॉन्च प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं। इन्हें जरूरत के हिसाब से कहीं भी तैनात किया जा सकता है, जिससे उभरते खतरों के संबंध में समय पर कार्रवाई की जा सके और दुनिया भर में राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निरंतर हवाई संचालन किया जा सके। इसके अलावा मित्र देशों को यह आश्वासन भी मिलता है कि भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में 'सामूहिक' सुरक्षा आवश्यकताओं का समर्थन करने में सक्षम और तत्पर है।

## ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने संसद से दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शुक्रवार को संसद की सदस्यता से अचानक इस्तीफा देकर पूरे देश को चौंका दिया। उन्होंने एक संसदीय समिति के इस बयान के बाद यह कदम उठाया कि जॉनसन द्वारा अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर प्रधानमंत्री आवास में पार्टियां आयोजित करने के मुद्दे पर संसद को भ्रमित करने के मामले में प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। जॉनसन (58) इस मामले में एक संसदीय समिति की जांच का सामना कर रहे हैं। समिति इस बात का पता लगा रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान 10 डाउनिंग स्ट्रीट में लॉकडाउन से जुड़े नियम तोड़कर जिन पार्टियों का आयोजन किया, क्या उन्हें लेकर उन्होंने निचले सदन ह्यहाउस ऑफ कॉमन्सह्ण को गुमराह किया। जॉनसन का फैसला शुक्रवार को तब आया, जब उन्हें संसद की विशेषाधिकार समिति से इस महत्वपूर्ण मामले में एक गोपनीय पत्र मिला। जॉनसन ने संसदीय समिति की इस जांच को उन्हें संसद से बाहर निकालने का प्रयास करार दिया।

### मोदी राज में बढ़ा देश पर 100 लाख करोड़ का कर्ज : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह देश के 15 वें प्रधानमंत्री हैं लेकिन जो काम उनसे पहले 14 प्रधानमंत्री नहीं कर सके उन्होंने अपने मात्र नौ साल के कार्यकाल में कर दिखाया और देश का कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 155 लाख करोड़ रुपए पहुंचा दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने देश पर 100 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बढ़ाया अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया है इसलिए उन्हें देश की अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

# सुले और पटेल बने राकांपा का कार्यकारी अध्यक्ष

**शरद पवार ने प्रफुल्ल पटेल को झारखंड , मध्य प्रदेश, गुजरात व राजस्थान की दी जिम्मेदारी**

**एजेंसी**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को अपनी पुत्री सुप्रिया सुले और वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। शरद पवार ने कहा कि इन दोनों को अलग-राज्यों की जिम्मेदारी दी जा रही है। शरद पवार ने राकांपा की स्थापना के 25वीं वर्षगांठ पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सुप्रिया सुले को महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा राज्य की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि प्रफुल्ल पटेल को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में शरद पवार ने सांसद सुनील तटकरे और पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सुनील तटकरे को ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कृषि, अल्पसंख्यक मामलों की जिम्मेदारी दी गई है।

जितेंद्र आव्हाड को बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, श्रम विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। शरद पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और अपने भतीजे अजित पवार को कोई जिम्मेदारी नहीं दी है। इस घोषणा के वक्त अजित



पवार दिल्ली में हो रही बैठक में मौजूद थे। इसे लेकर राजनीतिक हलके में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। शरद पवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें 24 साल तक राकांपा अध्यक्ष पद के माध्यम से जनता की सेवा करने का मौका मिला। अब आगे की आपकी जिम्मेदारी है। सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। शरद पवार ने अपील की कि राकांपा कार्यकर्ता जमकर काम करें। उल्लेखनीय है कि शरद पवार ने दो मई को चेंबूर में एक सभा में चेतावनी देते हुए कहा था कि रोटी पलटने का समय आ गया है।

# इलियाना डिक्रूज ने दिखायी बॉयफ्रेंड की झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने कुछ समय पहले अपनी प्रेग्नेंसी का एलान कर इंटरनेट की दुनिया में तहलका मचा दिया था। एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज पिछले कुछ सालों से फिल्मों से दूर हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार 2021 में आई फिल्म द बिग बुल में देखा गया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपनी प्रेग्नेंसी का अनाउंसमेंट किया। बिना शादी के मां बनने की खबर सामने आने के बाद एक्ट्रेस के फैंस भी हैरान रह गए। इलियाना डिक्रूज ने मिस्ट्री मैन के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा कि प्रेग्नेंट होना एक खूबसूरत आशीर्वाद है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस पल को जीने के लिए काफी भाग्यशाली हूं। मैने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी भी इसे एक्सपीरियंस कर पाऊंगी। ज्यादातर दिनों में मैं बस अपने बेबी बंप को देखकर अभिभूत हो जाती हूं - मैं आपसे जल्द मिलने वाली हूं जल्द ही फिर मिलेंगे और ऐसे दिन आते हैं जो बहुत कठिन होते हैं। इसलिए मैं उसे खुश करने की कोशिश कर रही हूं। इसलिए कोशिश कर रही हूं। सब सह रही हूं और चीजें निराशाजनक भी लगती हैं। आंसू भी हैं और इसके साथ गिल्ट भी होता है। लेकिन मुझे दिल की आवाज आती है कि मुझे आभारी होना चाहिए। मुझे मजबूत होना चाहिए। अगर मैं मजबूत नहीं हो पाती तो मैं किस तरह की मां होती। मुझे नहीं पता कि मैं किस तरह की मां बनूंगी।



### महाजन को डेट कर रही हैं न्यासा देवगन

अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। अक्सर न्यासा की दोस्तों के साथ पार्टी करते हुए तस्वीरें वायरल होती हैं। कुछ दिन पहले भी ऐसी ही एक फोटो वायरल हुई थी और उसके बाद वेदांत महाजन का नाम चर्चा में आया। वेदांत महाजन को न्यासा देवगन का बॉयफ्रेंड बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 25 वर्षीय उद्यमी वेदांत महाजन अपने दोस्तों माणक ढींगरा और मोहित रावल के साथ इवेंट मैनेजमेंट कंपनी एमवीएम एंटरटेनमेंट के सह-मालिक हैं।

